आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 278 | उज्जैन, मंगलवार 20 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 9-10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com





देश विदेश

केंद्रीय कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिलेगा बड़ा तोहफा

नई दिल्ली। केंद्रीय कर्मचारियों को दीपावली से पहले बड़ा तोहफा मिला है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस यानी एडहॉक बोनस देने की मंजूरी दी है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की ओर से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, पात्र कर्मचारियों को 30 दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। हालांकि, इस बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन की सीमा 7 हजार रुपये तय की गई है।

मस्क अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का शेयर देंगे

वाशिंगटन डीसी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर गिफ्ट करेंगे। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका ऐलान किया। अभी स्पेसएक्स के एक शेयर की कीमत 146 डॉलर यानी करीब 14 हजार रुपए के बराबर है। अमेरिका में करीब 7.2 करोड़ बच्चे हैं। ऐसे में बांटे जाने वाले शेयर्स का मूल्य 1 लाख करोड़ रुपए होगा। हालांकि करोड़ों बच्चों तक इसे पहुंचाने की प्रोसेस क्या रहेगी? फिलहाल मस्क या उनकी कंपनी की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई हैं।

शिखर सम्मेलन के दौरान कमरे में तीखी बदबू का कहर

ब्रसेल्स। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में यूरोपीय यूनियन से जुड़े एक अहम शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों को एक अजीब परेशानी का सामना करना पड़ा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत और उनकी ब्रीफिंग का इंतजार कर रहे पत्रकारों को प्रेस रूम में बार-बार तेज बदबू महसूस हुई। स्थिति ऐसी बनी कि कुछ पत्रकारों को कमरे से बाहर निकलना पड़ा। इस घटना ने पत्रकारों के बीच एक अनोखा सवाल खड़ा कर दिया- आखिर कमरे में बार-बार बदबू फैलाने वाला कौन था? समाचार वेबसाइट पोलिटिको यूरोप ने भी इस रहस्य पर चर्चा करते हुए सवाल उठाया कि जेलेंस्की का इंतजार कर रहे पत्रकारों के बीच बार-बार हवा छोड़ने के लिए कौन जिम्मेदार था।

रजनीकांत की 'जेलर 2' की कमाई 400 करोड़ पार



5 दिन में भारत में 219 करोड़ रुपए कमाए, ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर बनी दूसरी बड़ी फिल्म

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'जेलर 2' 15 अक्टूबर को रिलीज के बाद से सिनेमाघरों में मजबूत कमाई कर रही है। रिलीज के शुरूआती वीकेंड में ही दुनिया भर में 400 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन पार करने के बाद फिल्म अब भारत में 225 करोड़ रुपए के नेट कलेक्शन की तरफ बढ़ रही है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग साइट सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार (19 अक्टूबर) को फिल्म ने भारत में 19.43 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। इसके साथ ही 5 दिनों में फिल्म का कुल नेट इंडिया कलेक्शन 219.33 करोड़ रुपए हो गया है। सोमवार को वर्किंग डे होने के बावजूद दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। दिनभर में देश भर के 8,296 शो में से अकेले तमिल भाषा संस्करण ने 4,363 शो से 15.16 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा तेलुगु भाषा में 3.00 करोड़ रुपए (1,139 शो) और हिंदी भाषा में 1.27 करोड़ रुपए (2,794 शो) का कारोबार दर्ज हुआ। सोमवार के इन शुरूआती आंकड़ों को मिलाने पर भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 257.18 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

नैनो न्यूज

- **तेहरान :** इजराइल-ऑस्ट्रिया फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, फाइटर जेट की निगरानी में इमरजेंसी लैंडिंग, 6 क्रू मेंबर समेत 57 लोग सवार थे।
- **मुंबई:** सेंसेक्स 876 अंक गिरकर 73,853 पर बंद: निफ्टी भी 257 अंक नीचे आया।
- **बांग्लादेश :** सऊदी ने बिना बताए हमारे नागरिकों को फांसी दी, मस्जिद में अश्लील हरकत करने पर पति-पत्नी को मौत की सजा मिली थी।
- **ऑस्ट्रेलिया :** महिला सांसद हेलेन को कार से कुचला: ऑफिस के बाहर मारी टक्कर, हालत गंभीर।

अवकाश सूचना

विजयादशमी पर्व की सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को शुभकामनाएं। इस अवसर पर 20 अक्टूबर को दैनिक अवन्तिका परिवार अवकाश पर रहेगा। अतः अगला अंक 22 अक्टूबर 2026 गुरुवार को प्रकाशित होगा। - प्र.सं.

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हमले को लेकर मुंबई पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा

मुंबई पुलिस के डीसीपी ने बताया मर्डर के प्लान से ही आए थे आरोपी

आरोपी कोटा से पकड़े गए, एक बिहार, 2 हरियाणा के, लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने दिया था कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हमले को लेकर मुंबई पुलिस ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुंबई पुलिस के डीसीपी ने बताया कि, जिस तरह से गोलियां चलाईं गईं। आरोपी मर्डर के प्लान से ही आए थे।

फायरिंग करने वाले हमलावर 15 घंटे में राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से पकड़े गए। टाइगर पर रविवार देर रात 7 बजे हमला किया गया था। आरोपी जयपुर, दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे। मुंबई पुलिस से सूचना मिलने के बाद कोटा पुलिस ने सुबह 10.30 बजे रेलवे स्टेशन से पकड़ा।

कोटा की एसपी तेजस्विनी गौतम के मुताबिक, तीनों पुणे-जयपुर एक्सप्रेस से जयपुर जा रहे थे। जनरल कोच में हिरासत में लिया गया। इनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक, लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने हमला करने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। अनिल ने वीडियो जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली।





हमलावर अनिल पंडित के संपर्क में था

राजस्थान पुलिस के मुताबिक, शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि हरियाणा के रेहान का संपर्क अमेरिका में रह रहे अनिल पंडित से था। अनिल पंडित को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो क्लिप के जरिए अनिल पंडित ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया। उसने सलमान खान को भी धमकी दी और उनसे लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगने को कहा। पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो क्लिप को वेरिफाई कर रही है।

टाइगर को फिलहाल कोई धमकी नहीं मिली थी- मुंबई पुलिस के डीसीपी ने कहा- मुंबई के अंधेरी में आरोपियों ने बाइक डंप की। आरोपी मुंबई से सूरत फिर कोटा गए। उन्हें पकड़कर मुंबई लाया जा रहा है। ऑन-रिकॉर्ड टाइगर को फिलहाल कोई धमकी नहीं मिली थी।



दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला है। इनमें हरियाणा के सोनीपत का रेहान और बिहार के बेगूसराय का ऋतिक कुमार उर्फ रोशन शामिल हैं। तीसरा आरोपी नाबालिग बताया गया है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर हमले की साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ पर नजर रख रहे थे। उन्होंने उनके घर और जिम की भी रेकी की थी। फायरिंग से पहले आरोपियों ने 45 मिनट तक उस इलाके को जाना था। वे सोशल मीडिया पर पापराजी के वीडियो और ब्लॉगर्स के कंटेंट से भी टाइगर की लोकेशन और दिनचर्या की जानकारी जुटा रहे थे।

रविवार को फायरिंग के बाद आरोपी मुंबई में एसवी रोड से विले पार्ले और अंधेरी की ओर भागे। उन्होंने अंधेरी वेस्ट रेलवे स्टेशन के पास अपनी बाइक छोड़ दी और ट्रेन में सवार हो गए। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली थी।

मनीषसिंह ने उज्जैन जिला निर्वाचन अधिकारी रहते भारत निर्वाचन आयोग को भी गुगली खिला दी थी

ठेकेदार का साथ निभाया, निर्वाचन को आर्थिक हानि पहुंचाई

ठेकेदार के विरूद्ध निविदा की शर्त अनुरूप एफआईआर दर्ज करने की बजाय एफडी छोड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जनसंपर्क आयुक्त एवं उज्जैन के तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषसिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2018 में भारत निर्वाचन आयोग को भी गुगली खिला रखी है। हरफनमौला की तरह खेलकर इन्होंने विडियोग्राफी ठेकेदार का साथ निभाया और भारत निर्वाचन आयोग को आर्थिक हानि पहुंचाई। पूरे मामले में न तो कोई जांच हुई और न ही अब तक इस आर्थिक हानि को लेकर इनसे निर्वाचन आयोग ने ही कोई सवाल ही किया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रमोटी मनीषसिंह ऐसे अधिकारी हैं जो नियमों से नहीं अपने अनुसार काम करने के आदी हैं। संवैधानिक एवं नियमों से परे जाकर वे अपने तईं निर्णय लेने में अपने पद का उपयोग करना बेजा अधिकार समझते हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने उज्जैन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहने के दौरान किया। सामने आए साक्ष्यों एवं सूत्रों के अनुसार यह मामला 2018 विधानसभा चुनाव के पूर्व का है। इसमें मनीषसिंह ने एक ठेकेदार फर्म का साथ निभाने और उसे बचाने के लिए आयोग को गुगली खिला दी और निर्वाचन आयोग को आर्थिक हानि भी पहुंचाई गई। यही नहीं निविदा की शर्त के अनुसार ठेकेदार के विरूद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज किया जाना था इसके उलट मनीषसिंह के आदेश पर संबंधित ठेकेदार की 7 लाख की एफडीआर छोड़ दी गई और पुनः निविदा आमंत्रित करने पर काम को महंगी दर पर करवाया गया। इसमें निर्वाचन आयोग को करीब 1 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा।

- **ये था मामला-** वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के लिए वीडियोग्राफी करवाई जाना थी। इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई। शर्त के विपरित देवास की फर्म ने निविदा में भाग लिया। उसे न्यूनतम दर होने पर काम मिल गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहते हुए मनीषसिंह ने संबंधित फर्म के साथ अनुबंध करते हुए कार्यादेश जारी कर दिया। यहां तक की ठेका फर्म ने 7 लाख से अधिक राशि का एफडीआर भी निर्वाचन कार्यालय को जमा कर दिया। इस बीच संबंधित फर्म के ब्लेक लिस्टेड होने की जानकारी एक राजनेतिक दल की और से देने पर इसकी जांच करवाई गई। जांच में भी समिति ने इसकी पुष्टि की थी। मामला पूरी तरह से निर्वाचन के साथ धोखधड़ी करने का सामने आया था।
- **एफआईआर की बजाय एफडीआर छोड़ा-** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संबंधित फर्म पर इस कदर मेहरबान थे कि उन्होंने निविदा शर्त उल्लंघन एवं निर्वाचन के कार्य में छद्म सामने आने के बावजूद फर्म के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की अपेक्षा फर्म की और से 7 लाख से अधिक का एफडीआर जो कि जब्त किया जाना था उसे भी फर्म को वापस लौटा दिया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग को भी ताक में रख दिया गया। यहां तक की फर्म के निविदा में दिए गए शपथ पत्र के आधार पर भी गलत जानकारी देने के संबंध में कार्रवाई करने की बजाय पूरे मामले को रफा दफा कर दिया गया ।



- **आयोग ने नहीं की कोई जांच-** इस पूरे मामले में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष भी शिकायत पहुंचने की बात सूत्र बता रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि तत्कालीन रूप से इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग के प्रदेश पदाधिकारी एवं केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी शिकायत की गई थी लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया।

एक करोड़ का फटका लगा आयोग को

इस पूरे मामले में सूत्रों का कहना है कि तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के कारण इस मामले में करीब एक करोड़ का फटका निर्वाचन को लगा। न तो कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी ने फर्म के विरूद्ध कोई एफआईआर की और न ही एफडीआर जब्त किया। इसके विपरित नई निविदा आमंत्रित की गई जो कि समयावधि कम होने के कारण उच्च दर पर रही। इस कारण से संबंधित फर्मों ने उच्च दर पर काम किया। इसमें करीब एक करोड़ रूपए अधिक निर्वाचन आयोग को व्यय करना पड़ा।

फर्म से वसूली भी नहीं की गई

निर्वाचन के जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसी अवस्था में संबंधित फर्म जिसने गलत जानकारी दी है और जिसके कारण से वृद्धि दर का नुकसान आयोग को उठाना पड़ रहा है, उसी से उसकी दर और उच्च दर के डिफरेंस की राशि वसूलने का नियम है, जबकि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहते हुए मनीषसिंह ने ऐसा कुछ नहीं किया।

मप्र को जल्द मिल सकते हैं 13 नए आईएएस अधिकारी

39 नामों पर होगा विचार, 4 अधिकारियों के नाम पर विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश को जल्द ही 13 नए कअर अधिकारी मिल सकते हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल करने के लिए सोमवार को दिल्ली में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में 39 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। हालांकि, वरिष्ठता सूची में शामिल शुरूआती 13 नामों में से चार अधिकारियों को लेकर विवाद सामने आए हैं। ऐसे में इन नामों पर सहमति नहीं बनने की स्थिति में वरिष्ठता क्रम में नीचे के अधिकारियों को मौका मिल सकता है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठता क्रम में सबसे आगे जिन अधिकारियों के नाम शामिल हैं, उनमें जयेंद्र कुमार विजयवत, मनोज मालवीय, कमल चंद्र नागर, मिनिषा पांडेय, इला तिवारी, सपना एम। लोवंशी, नीता राठौर, शैलेंद्र सिंह सोलंकी, रानी पासी, रंजना देवड़ा, माधवी नागेंद्र, वर्षा सोलंकी और प्रियंका गोयल शामिल हैं। ये अधिकारी वर्तमान में विभिन्न विभागों और जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। इनमें अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और विभिन्न विभागों में उप सचिव जैसे पदों पर तैनात अधिकारी शामिल हैं।

अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस एक दोषी की फांसी पर रोक

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के मामले में दोषी मोहम्मद तनवीर की फांसी की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने तनवीर की याचिका पर सुनवाई की। तनवीर ने गुजरात हाईकोर्ट के 7 जुलाई के फैसले को चुनौती दी थी। गुजरात हाईकोर्ट ने 7 जुलाई, 2026 को सुनाए अपने फैसले में प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के 38 दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखी थी। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद के अलग-अलग इलाकों में करीब 70 मिनट के भीतर 21 बम धमाके हुए थे।

तोड़फोड़ करने वालों को कीमत चुकानी होगी : फ्रांस पीएम

एजेंसी ▸▸ पेरिस

फ्रांस में 17 अक्टूबर को हुई हिंसा और लूटपाट को लेकर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को सख्त कार्रवाई का वादा किया। उन्होंने रविवार रात अपने संबोधन में कहा कि जिन लोगों ने तोड़फोड़ और लूटपाट की है, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने सोमवार को सरकार की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इसके बाद उन्होंने सोमवार शाम से कुछ इलाकों में आंशिक कर्फ्यू लगाने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो देश में आपातकाल भी लगाया जा सकता है।

भारत न बांग्लादेश, न ही फ्रांस: थरूर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं। मैंने भी इसी तरह के प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है और मेरा मानना है कि विपक्ष भी सामान्य तौर पर इसी का समर्थन करता है। जहां तक बड़े मुद्दों की बात है, रिजीम चेंज जैसे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का कोई मतलब नहीं है। इसका किसी सरकार को गिराने या सत्ता परिवर्तन की कोशिश से कोई संबंध नहीं है।

धार में 8 करोड़ से ज्यादा का गांजा जब्त

ऑपरेशन प्रहार में 7 हजार पौधे नष्ट किए, 2 आरोपी गिरफ्तार; 9 अभी भी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार जिले में अवैध गांजे की खेती के खिलाफ पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, जिले के छह थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों से गांजे के 6,863 हरे पौधे जब्त किए गए हैं।

इनका कुल वजन 7,327 किलोग्राम से अधिक है। जब्त पौधों की अनुमानित बाजार कीमत 8 करोड़ 20 लाख 83 हजार 500 रुपए बताई गई है।

एएसपी विजय डावर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्रवाई की जानकारी दी। मनावर, तिरला, राजगढ़, बाग, टांडा और धामनोद थाना क्षेत्रों में खेतों और वन क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की खेती की जा रही थी। आरोपी कपास, तुअर और अन्य फसलों के बीच गांजे के पौधे उगा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीमों ने सर्चिंग और दबिश देकर पौधे जब्त किए।



बीज के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच

पुलिस के अनुसार, अवैध गांजे की खेती के मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि नौ आरोपी फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। एएसपी विजय डावर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की खेती, उत्पादन और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और विवेचना के जरिए गांजे की खेती के स्रोत, बीज की उपलब्धता, संभावित सप्लाई नेटवर्क और अन्य लोगों की भूमिका की जानकारी जुटाई जा रही है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

साहब धूल कम करवाने का प्रयास करें

महाआयोजन की तैयारी हो रही है। सभी इस तैयारी में अपने-अपने स्तर पर लगे हैं। शहर नए निर्माणों का रिकार्ड बना रहा है और आमजन उसमें पूरी तरह से त्याग, समर्पण के साथ सहयोग कर रहा है। धीरे-धीरे वो घड़ी पास आती जा रही है जब संतों का आगमन होगा और शहर के मध्य से पेशवाई में संतजन महाआयोजन क्षेत्र में अपनी ध्वजा लगाने के लिए जाएंगे। सनातन की यह सेना और इसके अमृत स्नान का यह प्रारूप विश्व भर के लिए अनोखा और कौतुहल से भरा रहता है। महाआयोजन 2028 पर विश्व की नजर है। इस आयोजन को लेकर हमें बेहतर से बेहतर व्यवस्था को अंजाम देना ही होगा। एक साथ चल रहे निमार्णों से और कई तरह के कामों से धर्मनगरी के मध्य ही नहीं पुराने शहर में धूल कणों की स्थिति प्रति दिन शाम के समय गहरा रही है। हमारे संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को प्रति दिन इस पर ध्यान देते हुए इन आंकड़ों को प्रचार प्रसार करना चाहिए। ये भी बताना चाहिए कि किन क्षेत्रों में ज्यादा स्थिति रही है और उसे कैसे कम किया जा सकता है। इसके साथ ही धूल ज्यादा न उडे और काम भी हो ऐसे विकल्पों पर अपना परामर्श संबंधित विभाग जारी कर सकता है, लेकिन हमारे यहां एक कुंभकर्ण का नाम ऐसे ही नहीं रखा गया था। कई सारे मामलों में जिम्मेदार उसके नाम और काम से पूरी तरह से प्रभावित हैं और उसका अनुसरण करना नहीं भूलते हैं। इन्हीं हालातों के बीच त्याग और समर्पण करने वाले धर्मनगरी वासियों के लिए समस्या यह हो रही है कि न चाहते हुए उनके चेहरे पर कुछ ही घंटों में धूल का एक पूरा मेकअप हो रहा है। अगर पुराने शहर में एक चक्कर आमजन पूरा लगा कर आ जाए तो उसे खुद ही महसूस होने लगता है कि उसे वहां नहीं जाना चाहिए था। खुसूर-फुसूर है कि काम तो होना ही है और किया जाना भी है लेकिन शहर की संस्था और महाआयोजन की तैयारी में लगे विभाग के साथ उनके अफसर चाहें तो धूल कम हो सकती है। इसके लिए शहर की संस्था तोडे जाने वाले मकानों पर पानी का छिड़काव कर काम करने की सलाह दे तो इससे प्रदूषण से त्याग और समर्पण करने वाले भी बचेंगे। बड़े निर्माण कार्यों के ठेकेदारों से निर्माण स्थलों के आसपास उंचाई तक पतरे लगवाए जाएं जिससे धूल का गुबार सीधे-सीधे आमजन को प्रभावित न कर सके। यही नहीं जिम्मेदार विभाग को भी बड़े अफसर कुंभकर्ण की नींद से जगाते हुए क्षेत्रवार धूल एवं प्रदूषण की स्थिति का सर्वे करवाएं। इसके साथ ही नागरिकों के लिए वार्ड वार श्वसन की जांच के लिए शिविरों का आयोजन भी शहर की संस्था को करवाना चाहिए। ऐसा न हो कि धर्मनगरी में महाआयोजन तो हो लेकिन श्वसन क्रिया की परेशानी से भी हमारे नागरिकों को दो-चार होना पड़ जाए।

नैनो न्यूज

- **उज्जैन में** शासकीय डेंटल कॉलेज और अस्पताल न होने से क्षेत्र के दांत के मरीज निजी अस्पतालों में महँगा इलाज कराने को विवश हैं।
- **कार्तिक मेला प्रांगण** में होगा 101 फीट ऊंचे रावण का दहन, परंपरा निभाते हुए दिवंगत सदस्यों को आतिशबाजी से दी जाएगी श्रद्धांजलि
- **सिरतुननबी कमेटी** का 15वें प्रादेशिक स्तरीय तकरीरी मुकाबले एवं क्विज कॉन्टेस्ट 21 अक्टूबर से होगा शुरू, 21 से 24 अक्टूबर तक होगा भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन
- **छह माह** की जिला बदर कार्रवाई पूरी होने के बाद गांव पहुंचे किसान नेता अशोक जाट, दिग्विजय सिंह ने की मुलाकात
- **दशहरे** पर 20 अक्टूबर को फ्रीगंज आएगी बाबा महाकाल की सवारी, पत्रकार दारा खान एवं खान परिवार करेगा स्वागत
- **सिंधी कॉलोनी** में तीन दिवसीय गरबों की गूंज, पारंपरिक छेज नृत्य पर झूम उठा समाज

ट्रेंडिंग



दशहरा मैदान में आज दहन से पहले संवाद भी करेगा 101 फीट का रावण

महाकाल की सवारी के पूजन के बाद होगी आतिशबाजी, शहर में चार स्थानों पर रावण दहन, क्रिकेटर ऋतिक परब को मिलेगा एक लाख का सम्मान


दशहरा मैदान


हीरा मिल कंपाउंड


कार्तिक मेला प्रांगण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के अवसर पर आज मंगलवार, 20 अक्टूबर को शहर में चार स्थानों पर रावण दहन के आयोजन होंगे। दशहरा मैदान, कार्तिक मेला प्रांगण, भेरूगढ़ क्षेत्र और ढांचा भवन के हीरामिल कंपाउंड में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा मैदान पर स्व. ओम अमरनाथ खत्री की स्मृति में आयोजित 63वें दशहरा महोत्सव में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा। इस बार रावण का पुतला राक्षसी स्वरूप में बनाया गया है, जो दहन से पहले बोलेगा और संवाद भी करेगा। आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

दशहरा मैदान पर शाम 7 बजे से होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में महाकालेश्वर भगवान की सवारी फ्रीगंज होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। यहां संभागायुक्त और कलेक्टर द्वारा सवारी का पूजन किया जाएगा। इसके बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी प्रतीकात्मक पर पहुंचेंगे, जिसका पुलिस अधिकारियों द्वारा पूजन किया जाएगा। इसके बाद रंगारंग आतिशबाजी होगी और फिर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। आतिशबाजी का प्रदर्शन देवास के राशिद खान और ग्वालियर के सीताराम द्वारा किया जाएगा।

कार्तिक मेला प्रांगण में भी होगा 101 फीट के रावण का दहन

क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित कार्तिक मेला प्रांगण में मंगलवार को 43वें विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां भी 101 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। स्वर्गीय प्रेमनारायण यादव और स्वर्गीय राम भैया यादव की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में शाम 6:30 बजे से रंगीन आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। ग्वालियर और शिवपुरी के आतिशबाज आतिशबाजी करेंगे। गोल्डन और सिल्वर झरने आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आतिशबाजी के माध्यम से रावण पर चमकते तीरों से प्रहार भी किया जाएगा।
विजयादशमी महोत्सव समिति के सचिव चेतन प्रेमनारायण यादव ने बताया कि समिति के प्रमुख सदस्यों माया राजेश त्रिवेदी, रामप्रसाद सारवान पहलवान और गोपाल यादव पहलवान के निधन पर उन्हें आकाशीय आतिशबाजी के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी।
परंपरा के अनुसार भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की सवारी और देवगुरु बृहस्पति महाराज की पालकी भी कार्तिक मेला प्रांगण पहुंचेगी। अतिथियों द्वारा पालकी का पूजन किया जाएगा तथा समिति की ओर से धर्मगुरुओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक पं. आनंदशंकर व्यास, अध्यक्ष कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारियों ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

भेरूगढ़ क्षेत्र में कॉकरोच के स्वरूप में बने रावण का होगा दहन

भेरूगढ़ क्षेत्र में श्री राम नवयुवक मंडल के संचालक पूर्व पार्षद संजय कोरट द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी 101 फीट के रावण का दहन भेरूगढ़ क्षेत्र में किया जाएगा। यहां दहन होने वाले रावण को कॉकरोच के स्वरूप में बनाया गया है। ढांचा भवन-हीरामिल कंपाउंड में भी रावण दहन होगा।

क्रिकेटर ऋतिक परब को मिलेगा एक लाख रुपये का सम्मान- दशहरा महोत्सव समिति के संरक्षक शिवा ओम खत्री ने बताया कि समारोह में शहर के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी ऋतिक परब को स्वर्गीय ओम अमरनाथ खत्री की स्मृति में एक लाख रुपये का सम्मान प्रदान किया जाएगा। ऋतिक का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अकादमी के लिए चयन हुआ है। उन्होंने विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सर्वाधिक 43 विकेट लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। समारोह में अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। दशहरा महोत्सव के समन्वयक डॉ. प्रकाश रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल और नगर निगम सभापति कलावती यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

उज्जैन से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिकली में लंका नरेश का प्राचीन मंदिर

मनोकामना पूरी करते हैं दशानन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दैत्यराज रावण के अत्याचार बढ़ने पर भगवान को मर्यादा पुरुषोत्तम राम का रूप लेकर उसका संहार करना पड़ा था किन्तु रावण महाबली व शास्त्रों का ज्ञाता भी था। महापंडित रावण ऋषि विशश्रवा का पुत्र था इसलिए वह पितृकुल से ब्राह्मण वंश का प्रतिनिधित्व करता रहा। दशानन की शिवभक्ति तो जगप्रसिद्ध है। शूरवीर महापंडित रावण की विद्वता को सम्मान देने के प्रयोजन से हमारे देश में रावण के कुछ स्थानों पर प्राचीन मंदिर भी देखने को मिलते हैं।

चिकली में लंकानरेश का प्राचीन मंदिर

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिकली ग्राम मे रावण का एक अतिप्राचीन मंदिर है। इसमे रावण की खड़ी मुद्रा में आदमकद प्रतिमा है। रावण एक हाथ में गदा थामे हुए है। रावण के मंदिर की प्राचीनता का कोई वैध प्रमाण तो नहीं है किन्तु गांव के अधिकांश बुजुर्गों का मत है कि वे अपने बाल्यकाल से इसे देखते आ रहे हैं और उनके पूर्वज बताते रहे कि ये लगभग ढाई सौ से तीन सौ वर्ष पुराना है। रावण की प्रतिमा तो पुरानी नजर आती है किन्तु मंदिर नए निर्माण की तस्दीक करता है जो संभवतः बाद मे बनाया गया।





- **ग्राम के बाहर खड़ा है रावण-** बुजुर्ग लोगों के अनुसार चिकली गांव का अतिप्राचीन निर्गम द्वार जो है उसके बाहर रावण खड़े हुए रूप में है इसका मतलब ये है कि उसे गांव के बाहर अंतिम छोर पर स्थान दिया था। द्वार की संरचना बहुत पुरातन दिखती है किन्तु ये कितना प्राचीन है इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है।
- **चैत्र नवरात्र की दशमी पर पूजा-** रावण मंदिर की विशेषता ये है कि मंदिर मे विजयादशमी पर रावण की पूजा नहीं होती बल्कि चैत्र नवरात्र की दशमी पर रावण की परंपरागत विधि विधान से पूजा की जाती है। समीप ही किराना दुकान संचालित कर रहीं वृद्धा पद्मावती जैन के अनुसार चैत्र नवरात्र की दशमी तिथि पर चिकली गांव में उत्साह व उमंग का अनूठा वातावरण होता है। एक चल समारोह के रूप में राम लक्ष्मण की शोभायात्रा रावण के मंदिर, तक आती है। गांव का मुखिया रावण की विधि विधान से पूजन करते हैं और गांव की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।
- **गेहूं की कटाई होने पर कृषक प्रसन्न-** चैत्र मास मे अमूमन गेहूं की फसल कटती है और बंपर फसल आने पर किसान प्रसन्न होते हैं ऐसे मे दशमी तिथि पर महापंडित रावण की पूजा करके आभार व्यक्त किया जाता है और आनेवाले वर्ष में अच्छी वर्षा व फसल की कामना की जाती है ये कहना है क्षेत्र के मोहम्मद सलीम का जो बचपन से दशमी पर मंदिर जाते रहे।

रावण पूजा समारोह सामाजिक पर्व

समीप ही निवासरत महेशकुमार जैन ने बताया कि चैत्र मास की दशमी पर दशानन मंदिर के पास मेला भरता है। इस मेले में सभी धर्म के लोग सम्मिलित होते हैं। पूरे गांव में उल्लास का वातावरण होता है। रावण का पूजा समारोह सामाजिक पर्व है न कि धार्मिक। अधिकांश किसान अपनी समृद्धि की कामना करते हैं जो सभी जाति, वर्ग के होते हैं।

नारियल चढ़ाने की मान्यता

लंकानरेश मंदिर के पास ही रहनेवाले मुमताज खान का कहना है कि गांव में हिन्दू व मुसलमान सौहार्द के साथ बरसों से रहते आए हैं। रावण के मंदिर में हिन्दू दोस्तों के साथ हर साल चैत्र दशमी पर बचपन से जाता रहा हूं। मन्नत मांगने पर पूरी होती है और फिर नारियल चढ़ाने का रिवाज है। किसान तो सूखे की आशंका देखकर अच्छी बारिश की कामना करते हैं और बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण होने की कामना लेकर मंदिर में जाते हैं। देश के छोटे से गांव में भी रावण के उजले पक्ष को ध्यान में रखकर सम्मानित करना हमारे श्रेष्ठ मानवीय गुणों को ही उद्धृत करता नजर आता है।

एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में

स्वर्ण पदक जीतने वाले अफराज व अरबाज का सीएम ने किया सम्मान

उज्जैन के अफराज और नीमच के अरबाज ने बैंकॉक में रचा इतिहास, मध्यप्रदेश का नाम किया रोशन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बैंकॉक में आयोजित 58वीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले उज्जैन के बॉडीबिल्डर अफराज इरशाद खान और नीमच के बॉडीबिल्डर अरबाज का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को आमंत्रित कर उनका विशिष्ट खेल अभिनंदन किया तथा भविष्य में विश्व स्तर पर प्रदेश और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने बताया कि 58वीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के दोनों खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के बॉडीबिल्डिंग इतिहास में यह पहली बार है, जब प्रदेश के खिलाड़ियों ने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल जगत के लिए गौरव का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खिलाड़ियों की सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से मध्यप्रदेश के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह कुशवाह, सिंहस्थ मेला अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, प्रेम सिंह यादव, पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, अर्जुन पंडित, महबूब खान और इरशाद खान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वार्षिक पत्रिका माधविका का विमोचन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका माधविका एवं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का विमोचन सीएम डॉ. मोहन यादव कर कमलों द्वारा 19 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेन्द्र सिंह ने बुके भेंट कर और उत्तरीय पहना कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह तथा माधव महाविद्यालय के डॉ. बीएस अखण्ड डॉ. रफीक नागौरी, डॉ. मोहन निमोले और क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट मौजूद रहे।

नगर पूजा चौबीस खंबा देवी प्रारंभ, हांडी फोड़ भैरव पर समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर सोमवार को परंपरा के तहत नगर की सुख समृद्धि के लिए नगर पूजा के तहत अनवरत मदिरा की धार से पूजा की गई है। चौबीस खंबा माता मंदिर में सुबह कलेक्टर रोशनकुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने माता महामाया व महालाया को मदिरा का भोग लगाकर पूजन की शुरूआत की। माता को सोलह सिंगार, चुनरी अर्पित कर बलबाकल का भोग लगाया गया। यहीं से अनवरत



मदिरा की धार चली जिसका समापन देर शाम अंकपात मार्ग स्थित हांडी फोड़ भैरव पर हुआ।

शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर प्रतिवर्ष नगर पूजा कलेक्टर ही करते हैं। इसी क्रम में सोमवार सुबह नगर व जिले की सुख समृद्धि की कामना को लेकर कलेक्टर और एसपी ने यहां पूजा की। इस दौरान उन्होंने चौबीस खंबा माता महालाया और महामाया की विशेष पूजन अर्चन कर उन्हें मदिरा का भोग लगाया और नगर पूजा प्रारंभ की। देवियों की पूजा के उपरांत कलेक्टर और एसपी कुछ दूर हांडी लेकर यात्रा के आगे आगे चले। उनके साथ अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और कोटवारों का दल पूजा पर निकला। नगर पूजा की यात्रा करीब 27 किमी की है। ढोल, ध्वज और मदिरा की धार के साथ यह यात्रा नगर के लगभग 40 से अधिक माता व भैरव मंदिरों में पहुंची। दल ने इस दौरान वहां विशेष पूजन अर्चन किया।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा आज होगी शुरू

महाकाल मंदिर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर तक निकलेगी करीब 950 किलोमीटर की यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा आज 20 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर उज्जैन से शुरू होगी। यात्रा में शामिल होने के लिए देशभर से साधु-संतों का उज्जैन पहुंचना शुरू हो गया है। यात्रा के शुभारंभ से पहले संतों ने चंदा चोरों, अयोध्या छोड़ो के नारे भी लगाए।

महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने बताया कि यात्रा के शुभारंभ में हजारों की संख्या में संत शामिल होंगे। दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया



पर उज्जैन पहुंचे संतों का वीडियो भी साझा किया है। वीडियो में कंप्यूटर बाबा ने बताया कि यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में संत उज्जैन पहुंचेंगे।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद शुरू होगी यात्रा- कंप्यूटर बाबा के अनुसार, 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजे दिग्विजय सिंह के साथ संत पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करेंगे और अनुष्ठान में शामिल होंगे। इसके बाद अधर्म पर धर्म की विजय के संदेश के साथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। दिग्विजय सिंह की यह यात्रा उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर तक पहुंचेगी। करीब 950 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के माध्यम से मंदिरों में चढ़ावे की व्यवस्था में पारदर्शिता, कथित चंदा चोरी और धार्मिक स्थलों के प्रबंधन में जवाबदेही की मांग उठाई जाएगी। यात्रा में वोट चोरी के मुद्दे को भी उठाने की बात कही गई है।

आवश्यकता है

(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

गरबा आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने दिया साधुवाद

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवरात्रि के अवसर पर सनातन क्लब द्वारा तारा मंडल चौराहा पर आयोजित गरबा महोत्सव में रविवार को सहभागिता की। उन्होंने कहा माँ की भक्ति, गरबे की रंगारंग प्रस्तुतियों और उल्लासमय वातावरण में सम्मिलित होकर अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई आयोजन के लिए सनातन क्लब की अध्यक्ष निर्मला करण परमार एवं सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद।इस अवसर पर गणमान्यजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इंदौर में निकली विशाल चुनरी यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

इंदौर। नवरात्रि के पावन पर्व पर इंदौर में आज भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रसिद्ध बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल चुनरी यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई एरोड्रम क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बिजासन माता मंदिर पहुंची,जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता की। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और स्वागत के माध्यम से यात्रा का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने चुनरी यात्रा को संबोधित करते हुए माता रानी के जयकारे के साथ सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख,शांति,वैभव और आनंद लेकर आए।

इंदौर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात

इंदौर। इंदौर को आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पीपीपी मॉडल (पब्लिक,प्रायवेट,पार्टनशीप) योजना के तहत श्री अरबिन्दो हॉस्पिटल के सहयोग से शासकीय एम.वाय.हॉस्पिटल के न्यू कैंसर हॉस्पिटल ब्लॉक में 5 ढएळ-उळ रउअठ उएठळअफ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में तेज गति से र?वास्थ्य सुविधाओं का ?विस्तार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में प्रदेश के चार अन्य मेडिकल कॉलेजों, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा में भी इसी तरह के अत्याधुनिक सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में हुई दुर्घटना पर लिया सख्त एक्शन



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात ग्वालियर के शीतला माता मंदिर के पास हुई दुर्घटना में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सख्त एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि जिम्मेदारी तय कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। प्रदेश के सभी नागरिकों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएसपी को तत्काल हटाने तथा 3 थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक एवं 3 आरक्षकों सहित कुल 8 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जनसुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नैनो न्यूज

- **देवास – माता टेकरी पर उमड़े श्रद्धालु-** नवरात्रि के दौरान देवास की माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रिपोर्ट के अनुसार, 24 घंटे में दो लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए।
- **आगर मालवा – यातायात थाने का शुभारंभ-**आगर में नए यातायात थाने का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उद्घाटन किया। इससे शहर की यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों को व्यवस्थित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।
- **शाजापुर – कृष्णमृगों के रेस्क्यू का अभियान-** शाजापुर क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से हांका लगाकर कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानांतरित करने का अभियान चलाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में 200 कर्मचारी तैनात किए गए हैं।
- **सुसनेर – आगर जिले की स्थानीय खबर-**सुसनेर क्षेत्र की आज की कोई स्पष्ट रूप से सत्यापित नई घटना उपलब्ध नहीं मिली। बिना पुष्टि के स्थानीय खबर बनाना उचित नहीं होगा।
- **रतलाम – नकली आभूषण बेचने का मामला-**रतलाम में नकली सोने-चांदी के आभूषण असली बताकर बेचने के कथित मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 14 किलो नकली आभूषण और अन्य सामग्री बरामद की गई।

जेन-जी का अनोखा विरोध

पैड गरबा बंद कराने पर हिंदूवादी नेता के घर जाकर गरबे कर उतारी आरती

आयोजकों ने अनुमति रद्द होने से 18 से 20 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में पैड गरबे की अनुमति निरस्त होने के बाद युवाओं ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। धरना-प्रदर्शन करने के बजाय त्रील्ल ` के युवक-युवतियां हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह भदोरिया के घर पहुंचे और धन्यवाद यात्रा निकाली। घर के बाहर गरबा किया गया, माता के स्वरूप में आई युवती की आरती उतारी गई और नेता को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया।

दरअसल, शहर में पिछले कई वर्षों से व्यावसायिक यानी पैड गरबा आयोजित करने वाले युवाओं के एक समूह की अनुमति इस बार निरस्त कर दी गई। आयोजकों का आरोप है कि हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह भदोरिया ने थाने का घेराव कराकर आयोजन की अनुमति रद्द करवाई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसी के विरोध में युवाओं ने अनूठे अंदाज में अपनी नाराजगी जाहिर की।

सिर पर लाल चुनरी बांधे, माथे पर तिलक लगाए और हाथों में माता की चुनरी लेकर सैकड़ों युवक-युवतियां क्षीर सागर से ह्यजय माता दीह्ल के नारे लगाते हुए निकले। यात्रा हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह भदोरिया के घर पहुंची। वहां युवाओं ने गरबा किया, बालिकाओं को माता के स्वरूप में बैठाकर उनकी आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। अर्जुन सिंह भदोरिया के घर के बाहर आने पर युवाओं ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया और पैड गरबे की अनुमति निरस्त होने पर धन्यवाद दिया।

आयोजकों ने 18 से 20 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया

पैड गरबा आयोजक हर्षवर्धन राणा ने बताया कि बड़े आयोजनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, बाउंसर, साउंड सिस्टम, मंच, टेंट और होटल सहित कई व्यवस्थाएं पहले से करनी पड़ती हैं। इनके लिए अग्रिम भुगतान भी किया जाता है। राणा के मुताबिक, अनुमति अचानक निरस्त होने से आयोजकों को 18 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। टेंट, साउंड और अन्य व्यवस्थाओं के लिए दी गई रकम वापस मिलने की संभावना कम है। उन्होंने आर्थिक नुकसान को लेकर गहरी निराशा जताते हुए कहा कि स्थिति बेहद मुश्किल हो गई है। आयोजकों का कहना है कि गरबा आयोजन से कई युवाओं की धार्मिक भावनाएं जुड़ी होती हैं और वे पूरे साल नवरात्र में माता की आराधना के इस अवसर का इंतजार करते हैं। अनुमति निरस्त होने के बाद अब आयोजन से जुड़े लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ निराशा का भी सामना करना पड़ रहा है।

युवाओं को धर्म से जोड़ना है उद्देश्यः आयोजक

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अनिकेत वर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य विरोध करना नहीं, बल्कि युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए कुछ अलग करना था। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से वे सभी आवश्यक अनुमतियां लेकर गरबा आयोजित कर रहे थे। इस बार आयोजन के माध्यम से नौ देवियों का इतिहास प्रस्तुत करने की योजना थी। वर्मा के अनुसार, आयोजन में सुरक्षा के लिए प्रवेश द्वार पर जांच और तिलक लगाने जैसी व्यवस्थाएं की जाती हैं।

चित्रकार अपनी तूलिका से उज्जयिनी के गौरव को कैनवास पर उकेरते चलेंगे

विजयादशमी पर राजसी वैभव के साथ निकलेगी महाकाल की सवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मधानी उज्जयिनी में विजयादशमी पर इस बार राजाधिराज भगवान महाकाल की सवारी इतिहास रचने जा रही है। राजसी ठाठ-बाट, वेद मंत्रों की मंगल ध्वनि, लोक संस्कृति के अनुपम रंग और आकाश से बरसते पुष्पों के बीच जब अवंतिकानाथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे, तो समूची उज्जयिनी राजसी वैभव से आलोकित नजर आएगी। सड़कों पर कहीं वेदों की ऋचाएं गूंजेगी, तो कहीं जनजातीय कलाकारों के पारंपरिक नृत्य भारतीय संस्कृति की विविधता का दर्शन कराएंगे।

चित्रकार अपनी तूलिका से उज्जयिनी के गौरव को कैनवास पर उकेरते चलेंगे। विभिन्न बैंडों की सुमधुर स्वर लहरियां वातावरण में उत्सव का उल्लास घोलेंगी। ज्ञात इतिहास में विजयादशमी पर भगवान महाकाल की ऐसी भव्य सवारी पहले कभी नहीं निकली है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर निकलने वाली भगवान महाकाल की सवारी को ऐतिहासिक स्वरूप दिया जा रहा है। आयोजन में धर्म, अध्यात्म, कला और संस्कृति का अद्भुत संगम दिखाई देगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सवारी शाम चार बजे महाकाल मंदिर से राजसी वैभव के साथ प्रारंभ होगी। भगवान महाकाल नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नए शहर फ्रीगंज स्थित दशहरा मैदान पहुंचेंगे। यहां कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भगवान महाकाल, शमी वृक्ष और शस्त्रों का विधिवत पूजन करेंगे। इसके पश्चात सवारी परंपरागत मार्ग से पुनः महाकाल

चलते-चलते तूलिका से उकेरेंगे उज्जयिनी का वैभव

पहली बार भगवान महाकाल की सवारी में चित्रकला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नगर के कलाकार सवारी के साथ चलते हुए लाइव पेंटिंग करेंगे। अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से वे उज्जयिनी की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को कैनवास पर साकार करेंगे। राजाधिराज की सवारी में पुलिस बैंड, महाकाल मंदिर बैंड, स्काउट बैंड सहित नगर के प्रतिष्ठित बैंड दल शामिल होंगे। विभिन्न बैंडों की मनोहारी प्रस्तुतियां सवारी की भव्यता में चार चांद लगाएंगी।

200 वेदपाठी बटुक करेंगे राजाधिराज का स्वागत

दशहरा मैदान पर इस बार भगवान महाकाल का स्वागत अत्यंत विशिष्ट होगा। 200 से अधिक वेदपाठी बटुक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजाधिराज की अगवानी करेंगे। वेद मंत्रों की गूंज के बीच भगवान महाकाल का पूजन होगा। सवारी मार्ग पर ड्रोन से पुष्पवर्षा भी की जाएगी।

कलाकारों के साथ सड़कों पर उतरेगा लघु भारत

सवारी का सबसे बड़ा आकर्षण जनजातीय लोक संस्कृति का प्रदर्शन होगा। विभिन्न अंचलों के 500 कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों और लोकधुनों पर नृत्य करते चलेंगे। विविध नृत्य शैलियों, रंग-बिरंगे परिधानों और लोकवाद्यों की थाप से ऐसा प्रतीत होगा, मानो लघु भारत उज्जयिनी की सड़कों पर उतर आया हो।

बंद से थमी ओंकारेश्वर नगरी, भगवान को चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं को फूल-प्रसाद तक नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ओंकारेश्वर

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में चल रहे कार्यों के बीच स्थानीय नागरिक परिषद के आह्वान पर दो दिवसीय बंद का व्यापक असर देखने को मिला। नगरवासी अपने मकान और दुकान बचाने तथा डुइक्किया में विस्थापन की आशंका के विरोध में बंद कर रहे हैं। बंद के समर्थन में दुकानदारों, होटल और गेस्ट हाउस संचालकों, ऑटो ड्राइवरों सहित अन्य व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

इससे तीर्थनगरी की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, वहीं भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई भक्तों को भगवान को अर्पित करने के लिए फूल और प्रसाद तक नहीं मिल सके। आम दिनों में ओंकारेश्वर में 35 से 40 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शनार्थ आते हैं। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के लिए नगर में किए जा रहे कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में अपने मकान और दुकानों को लेकर चिंता है। नगरवासियों का कहना है कि वे डुइक्किया में विस्थापित नहीं होना चाहते। इसी मुद्दे पर जिला प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के बीच चर्चा जारी है। नगरवासियों के अनुसार, प्रशासन के साथ हुई चर्चा में 19 बिंदुओं में से 18 पर सहमति बनने की बात सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में सामने आया है।

मेटिंग हुई, फिर भी मां नहीं बन पाई धीरा, निर्वा का आना टला, अब फिर से सरकार के इशारे का इंतजार

गांधी सागर अभयारण्य से साल भर बाद भी गुड न्यूज का इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

गांधीसागर अभयारण ?य में चीते तो आ गए हैं, पर उनकी वंश वृद्धि नहीं हो पा रही है। प्रभास और पावक को डेढ़ साल और मादा चीता धीरा को भी एक साल पूरा हो गया है, पर धीरा के मां नहीं बनने से वन विभाग के प्रयासों को झटका लग रहा है। अभी 17 सितंबर को कूनो से मादा चीता निर्वा को लाने की योजना बनी थी, पर मुख्यमंत्री का दौरा निरस्त होने से निर्वा का आना भी टल गया है। अब वंश वृद्धि की उम्मीदों को फिर से झटका लगा है। अब फिर से सरकार के इशारे पर निगाहे टिकी है कि कब गांधीसागर में और चीते छोड़ने की योजना बनती है।

गांधीसागर अभयारण्य में एक साल में धीरा की पावक व प्रभास के साथ मेटिंग के सारे प्रयास नाकाम हो गए है। जबकि वन विभाग के अधिकारी कई बार तीनों को एक साथ बाड़े में छोड़ चुके हैं। पर धीरा ने कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। इसके बाद से ही कूनो से एक और मादा चीता के आने का इंतजार किया जा रहा है। गांधीसागर में 20 अप्रैल 2025 को दो नर चीता प्रभास और पावक को छोड़ा गया था। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर 2025 को मादा चीता धीरा को छोड़ा गया था। अभी प्रभास व पावक एक बाड़े में व धीरा अलग बाड़े में हैं।

वन विभाग के अधिकारियों ने यहां चीतों की वंश वृद्धि की कोशिशें भी शुरू की थी। इसके लिए धीरा व प्रभास, पावक को एक बाड़े में भी रखा था। एक दो बार करीब भी आए तब वन अधिकारी खुश हुए थे कि गांधीसागर की धरती पर चीतों का जन्म हो सकेगा। पर धीरा ने मेटिंग के लिए रुचि नहीं दिखाई। कई प्रयास के बाद भी जब सफलता नहीं मिली।

अब कूनो से मादा चीता मिलने का इंतजार

वन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद थी कि बोत्सवाना से कूनो लाए गए चीतों में से कुछ को गांधीसागर में छोड़ा जा सकता है। पर उस समय भी किसी को यहां छोड़ा नहीं गया। अभी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मादा चीता निर्वा को गांधीसागर अभयारण्य में छोड़ने का कार्यक्रम बना था, पर कार्यक्रम निरस्त होते ही निर्वा के आने की उम्मीद टूट गई। मंदसौर जिले के वन अधिकारी चाह रहे हैं कि अब कूनो से मादा चीता मिले जिससे गांधीसागर की धरती भी चीतों की जन्मस्थली बन सके। यह कवायद देश में चीतों की प्राकृतिक वृद्धि के लिए की जा रही है।

लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होगा स्मारक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्मारक के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मारक का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी,चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल किया जाए, ताकि पर्यटक इन सभी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक साथ अवलोकन कर सकें।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने ऐतिहासिक रामपुर कोठी के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया। भवन की ऐतिहासिक पहचान बनाए रखने के लिए पारंपरिक चूना तकनीक से बाहरी दीवारों का संरक्षण तथा छतों पर वाटरप्रूफिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि संरक्षण के दौरान भवन के मूल स्थापत्य स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों के प्रगति की सतत रूप से उन्हें जानकारी दी जाए तथा निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण किया जाए। पुराने आरटीओ भवन एवं रामपुर कोठी की भूमि पर विकसित किए जा रहे इस स्मारक की अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ रुपये है। इसके प्रथम चरण में करीब 40 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित हैं।

मध्यप्रदेश में 6 लीटर या ज्यादा दूध देने वाली गाय के पालक को मिलेगा 1 लाख का इनाम

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना की शर्तें तय

अधिक दूध देने वाली गाय के पालक रहेंगे शामिल

पहले तीन स्थानों पर 1 लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये के पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में गोवंश पालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना की शर्तें तय कर दी गई हैं। योजना के तहत एक दिन में छह लीटर या इससे अधिक दूध देने वाली गाय के पालक को प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। दूध उत्पादन के आधार पर तैयार मेरिट सूची में पहले तीन स्थान हासिल करने वाले गोपालकों को क्रमशः एक लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

सरकार ने इसके लिए प्रदेश के 313 ब्लाकों में एक-एक वृंदावन गांव का चयन किया है। इन्हीं गांवों के पात्र गोपालक प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता से पहले प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। प्रत्येक ब्लाक में दो दिवसीय आयोजन होगा, जिसके लिए सरकार 50 हजार रुपये खर्च करेगी। इस राशि से प्रतिभागियों की गायों के चारे-पानी, टेंट-पंडाल और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का खर्च वहन किया जाएगा। योजना के तहत ऐसे गांवों को वृंदावन गांव के रूप में चुना गया है, जिनकी आबादी 2000 से कम है और जहां कम से कम 500 गोवंश का पालन होता है। सरकार का उद्देश्य इन गांवों में पशुपालन को प्रोत्साहित करना और बेहतर दुग्ध उत्पादन करने वाले गोपालकों को सम्मानित करना है।

दूध उत्पादन 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए इसे मौजूदा नौ प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के सहयोग से दूध संकलन को भी 10 लाख लीटर से बढ़ाकर 50 लाख लीटर तक पहुंचाने की योजना है। इसके साथ ही गिर, साहीवाल और थारपारकर जैसी उन्नत नस्लों की गायों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से अधिक दूध देने वाली गायों की पहचान करने और गोपालकों को बेहतर नस्ल के पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

सरकार को उम्मीद है कि इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ने के साथ किसानों और पशुपालकों की आय में भी वृद्धि होगी।

पांच साल में खर्च होंगे 35 करोड़ रुपये

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना को हर साल आयोजित करने की तैयारी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक पांच साल में करीब 35 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। योजना पर सालाना लगभग 7.05 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें पुरस्कार राशि के साथ प्रतियोगिता के आयोजन पर होने वाला खर्च भी शामिल है।



विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में पटाखों के सुरक्षित भंडारण एवं विक्रय को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने राऊ तहसील के ग्राम पिगडंबर स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

एसडीएम राऊ श्री लोकेंद्र सिंह सरल के निर्देशन में किए गए निरीक्षण के दौरान सामने आया कि ग्राम पिगडंबर में ए.बी. रोड से लगभग 250 फीट अंदर सुंदरम पटाखा एजेंसी के नाम से श्री जितेश पिता श्री मोहनलाल बागेचा निवासी 117 विद्या नगर, इंदौर द्वारा पटाखा गोदाम का संचालन किया जा रहा था। जांच के दौरान गोदाम तक पहुंचने का रास्ता अत्यंत संकरा पाया गया। यहां से फायर ब्रिगेड जैसे बड़े वाहनों का आवागमन सुगम नहीं था, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होने की आशंका थी।

विस्फोटक अधिनियम, 2008 के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन नहीं किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, गोदाम में सभी प्रकार की पटाखा सामग्री भंडारित पाई गई, जबकि वहां से बिक्री का कार्य भी किया जा रहा था। प्रशासन ने इसे नियमों के विपरीत पाया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति भी सामने आयी।अनियमितताओं और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुंदरम पटाखा एजेंसी के गोदाम पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया।

न्यूज कालम



सिसौदिया ने क्षेत्र में विभिन्न जगह शोक संवेदनाए व्यक्त की

पिपलीया मंडी।क्षेत्र के नारायणगढ में पटेल परिवार ,भोरविया,हरसोल में पठान परिवार,चन्द्रपुरा में पठान परिवार में प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर,जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजित कुमठ,रामचन्द्र करुण,बाबुखा मेवाती,कैलाश बंगारिया, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवन्त पाटीदार, गणेशराम,राहुल अहीर,अनिल मुलासिया, भेरूपप्पू गुर्जर आदि ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

महाष्टमी पर दादाजी धाम पहुंचीं मां कनकेश्वरी देवी

खंडवा।महाष्टमी के पावन अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत एवं कथावाचक तथा अग्नि अखाड़े की महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी खंडवा स्थित श्री दादाजी धूनीवाले दरबार पहुंचीं। उन्होंने दर्शन-पूजन कर दादाजी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ गुजरात से आए संत भी मौजूद रहे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कनकेश्वरी कनकेश्वरी देवी दादाजी धाम पहुंची और बड़े दादाजी छोटे दादा जी के चरणों में नमन कर चादर एवं नैवेद चढ़ाया, साथ ही सभी के कल्याण एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए धुनी माई में आहुति भी पेश की, दादाजी धाम कार्यालय में संतों का स्वागत धर्मेंद्र बजाज द्वारा किया गया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने नवरात्रि, गुरु और शक्ति के महत्व पर विचार व्यक्त किए। साथ ही देश की हालिया घटनाओं पर संवेदना जताते हुए उत्सव के उल्लास के साथ विवेक बनाए रखने का संदेश दिया।मां कनकेश्वरी देवी ने कहा कि वे हर वर्ष नवरात्रि में खंडवा आती हैं, लेकिन इस बार गुजरात के संतों का साथ आना विशेष रहा। यहां विभिन्न सिद्ध पीठों के अनुयायियों और संतों का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है। गुरु के महत्व पर उन्होंने कहा कि गुरु चाहे स्त्री हों या पुरुष, उनका हृदय मां के समान होता है। नवरात्रि में दादाजी के दर्शन करना देवी और शक्ति, दोनों के दर्शन करने के समान है।

यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर वाले बुलेट चालकों को दिया कड़ा सन्देश

खण्डवा। यातायात पुलिस द्वारा लगातार तत्परता से यातायात प्रभावित करने वाले एवं यातायात नियमों कि अवहेलना करने वाले एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज एवं तेज गति से वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर नजर रखते हुए कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे आज यातायात पुलिस टीम द्वारा बुलट मे मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे फोड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए कुल 47 मॉडिफाइड साइलेंसर, 25 प्रेशर हॉर्न, 5 नंबर प्लेट निकलवाकर इंदिरा चौक पर रोलर चलवाकर नष्ट किये गये। उक्त कार्यवाही उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय , थाना प्रभारी यातायात देवेंद्र परिहार एवं यातायात टीम द्वारा कार्यवाही की गई। खण्डवा पुलिस आम नागरिकों से अपील करता है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें एवं सड़क पर अतिक्रमण न करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित बनी रहे।

नवरात्रि पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर खंडवा द्वारा कन्या भोज का आयोजन हुआ

खंडवा। मां दुर्गा की आराधना एवं नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर खंडवा द्वारा 19 अक्टूबर सोमवार को कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय, गांधी भवन खंडवा में आयोजित होगा। प्रेमांशु जैन ने बताया कि आयोजन के दौरान नन्हीं कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका विधि-विधान से पूजन किया जाएगा तथा उन्हें भोजन कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य कन्याओं के सम्मान और भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित करना है। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी शहर खंडवा की ओर से नवरात्रि के इस पावन अवसर पर कन्या पूजन के माध्यम से श्रद्धा और भक्ति का संदेश दिया जाएगा। कन्या भोज कार्यक्रम में कन्याओं को उपस्थित होने का अनुरोध प्रतिभा रघुवंशी,इमरान गौरी, विशाल जैन, विकास व्यास आदि ने किया है।

माँ सिद्धेश्वरी धाम वृद्धाश्रम में बाटी साड़ियां, बुजुर्ग माताओं का लिया आशीर्वाद



खंडवा। माँ सिद्धेश्वरी धाम,एल आईजी कालोनी पंधाना की प्रबंध समिति द्वारा एक अत्यंत सराहनीय व सामाजिक पहल की गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में मां के चरणों में अर्पित एवं प्राप्त हुई साड़ियों को वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्ग माताओं के बीच वितरित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वृद्धाश्रम पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने वहां रह रहीं बुजुर्ग महिलाओं से आत्मीय भेंट की और उन्हें सम्मानपूर्वक साड़ियां भेंट कीं। वस्त्र पाकर वृद्धाश्रम की बुजुर्ग माताओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पूरी समिति को अपना स्नेहमयी आशीर्वाद दिया मंदिर ?समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि में माता रानी को भेंट की गई साड़ियों व वस्त्रों को सेवा भाव से समाज के जरूरतमंदों और बुजुर्गों तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार के सेवा कार्यों से न केवल बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। इस अवसर पर माँ सिद्धेश्वरी धाम समिति के सदस्य संजय श्रीवास ,रविंद्र गावशिन्दे ,संजय चौहान, अंकित बरोले अभिषेक गोर ,राहुल राठौर पवन गोलकार सहित अन्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनित कार्य में अपना योगदान दिया।

सभी के कल्याण एवं नगर की रक्षा के लिए चारों दिशाओं में विराजमान है माता जी की प्राचीन प्रतिमाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

नगर में चारों दिशाओं में अलग-अलग रूपों में माता रानी विराजमान है, जो सभी की मंगल कामना पूर्ण करते हुए खंडवा की रक्षा करती है। खंडवा में प्राचीन तुलजा भवानी माता मंदिर, जसवाडी रोड माता चौक चौक पर बिजासनी माता, आनंद नगर लव कुश नगर क्षेत्र में नवचंडी माता, इंदौर रोड चामुंडा माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर के साथ शहर के मध्य में जूना राम मंदिर बड़ी तुलजा भवानी माता मंदिर, मालीकुंआ पर हिंगलाज माता, कालिका माता, शीतला माता का मंदिर स्थापित है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं,

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि घर में स्थित तुलजा भवानी माता काफी प्राचीन इतिहास है वही शहर के मालीकुआं स्थित मां हिंगलाज



माता मंदिर इसी का एक उदाहरण है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार पत्थर की इस मूर्ति को लोग हनुमानजी समझकर पूजते थे। लेकिन एक महिला के शरीर में जब माताजी प्रकट हुई और उन्होंने बताया यह प्रतिमा मां हिंगलाज की है तब से यहां माताजी की प्रतिमा की स्थापना कर मंदिर का निर्माण कराया गया। वर्तमान में यहां मां हिंगलाज का भव्य मंदिर है। भारत में 51



शक्तिपीठ है,पूर्व में कामाक्षी, उत्तर में ज्वालामुखी, दक्षिण में मीनाक्षी व पश्चिम में मां हिंगलाज। हिंगलाज में सती का सिर गिरा था यह स्थान 51 शक्तिपीठों में प्रधान माना गया है। यह स्थान वर्तमान में पाकिस्तान के प्रांत ब्लुचिस्तान में लासबेला जिले में स्थित है। सतीजी के सिर में हिंगुल (सिंदूर) भरा होने के कारण इनका नाम हिंगलाज पड़ा। मुख्य स्थल पाकिस्तान में होने के कारण भारत में हिंगलाज माता की स्वयंभू प्रतिमा केवल खंडवा में है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि धार्मिक हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि पर्व पर प्रतिदिन माता जी का श्रृंगार एवं आरती की जा रही है। वही प्रतिवर्ष क्षेत्र वासियों द्वारा आकर्षक कलात्मक प्रतिमा भी विराजमान की जाती है इस वर्ष शेर पर सवार अष्टभुजाओं वाली माता विराजमान है पापा पहले माता का अलग ही स्वरूप नजर आ रहा है, यहां दूर-दूर से माता के भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता मंदिर पहुंचकर हिंगलाज माता एवं अंबे माता की प्रतिमा के दर्शन कर रहे हैं। मालीकुआं स्थित माता मंदिर में सोमवार अष्टमी एवं दुर्गा नवमी पर प्रातः मां हिंगलाज का विशेष श्रृंगार, पूजन हवन के साथ आरती के पश्चात कन्या पूजन किया

नवरात्रि पर्व के बीच जय बजरंग सेना द्वारा निकाली गई विशाल चुनरी यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा।

नगर में बड़े धार्मिक उत्साह के साथ माता रानी के नवरात्रि पर्व चल रहे हैं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से लेकर रात्रि तक माताजी के दर्शन एवं गरबो का आनंद प्राप्त कर रहे हैं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नवरात्रि पर माताजी को चुनरी अर्पण करने का विशेष महत्व है, सभी के कल्याण एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए सामाजिक बंधु चुनरी यात्रा निकालकर माताजी को भेंट कर रहे हैं, विगत 5 वर्षों से जय बजरंग सेना द्वारा भव्य चुनरी यात्रा में निकाली जा रही है, इस वर्ष भी चुनरी एवं कलश यात्रा पार्वती बाई धर्मशाला से भवानी माता मंदिर तक निकाली गई, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष आनंद राम गुर्जर ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष निकाली जा रही है और इसका हर वर्ष स्वरूप भव्य होते जा रहा है, इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पांजरे,विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे परमजीत सिंह नारंग, शुभम जैन,आदित्य मेहता, सुनील जैन, दिनेश पालीवाल, राजेश यादव, बलदेव सिंह मौर्य, लोकेंद्र गौड, कौशल व्यास, डैनी यादव, अमित गुप्ता, जगदीश मालपानी, लिलाधरजी, प्रथमेश यादव, लोकेश, संजय पालीवाल, कमल बंसेले के साथ ही मातृ शक्ति जिला अध्यक्ष चेतना ठाकुर, राखी पटेल,मनीषा पटेल, किरण गीते एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति युवा साथी एवं बुजुर्ग सम्मिलित हुए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बेंड बाजो एवं भजनों की धुन पर यह यात्रा पार्वतीबाई धर्मशाला से प्रारंभ होकर मां तुलजा भवानी माता मंदिर पहुंची, और माता जी को 351 फीट चुनरी अर्पित की, समस्त माताएं चुनरी एवं एवं बालिकाएं सीर पर कलश रखते हुए भजनों पर गरबा करते हुए तुलजा भवानी माता मंदिर पहुंची,।

जिले में ब्लैक आउट एवं अग्नि शमन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी आदेश तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बड़वानी के निदेर्शानुसार शनिवार को रात्रि 8 बजे एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह राहत, बचाव एवं अग्नि शमन मॉक ड्रिल कसरावद रोड स्थित नवलपुरा क्षेत्र में आयोजित की गई। यह संपूर्ण अभ्यास जिला सेनानी होमगार्ड एवं एसडीई आरएफ श्री शरदचंद्र राय के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने, ब्लैक आउट के समय त्वरित राहत कार्य संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय का परीक्षण किया गया।

मॉक ड्रिल की शुरूआत ब्लैक आउट स्थिति के दौरान आपात संदेश के साथ हुई। सूचना मिलते ही होमगार्ड, एसडीई



आरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों ने मोर्चा संभाला। त्वरित प्राथमिक उपचार - आपदा स्थल से घायलों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रवाना किया गया।रोप रेस्क्यू तकनीक - एक व्यक्ति जो बहुमंजिला इमारत की छत पर फंसा हुआ था, उसे एसडीईआरएफ की टीम ने कुशल रोप रेस्क्यू तकनीक का उपयोग करते हुए सुरक्षित नीचे उतारा।

अग्नि शमन कार्यवाही - रेस्क्यू ऑपरेशन के पश्चात नगरपालिका की फायर ब्रिगेड टीम द्वारा नियंत्रित रूप से अग्नि शमन की प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं की अंतर-विभागीय टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसमें जिला अस्पताल से डॉ. राहुल पाटीदार (जिला चिकित्सालय अधिकारी) एवं उनकी मेडिकल टीम, नगर पालिका से फायरमैन श्री फरहान शेख एवं फायर ब्रिगेड टीम, एसडीआरएफ व होमगार्ड के अधिकारी-कर्मचारी तथा युवा आपदा मित्र एवं सिविल डिफेंस वालंटियर्स शामिल रहे। प्रशासन के अनुसार इस तरह की मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के समय प्रतिक्रिया व्यक्त की।

जनता को पीछे धकेल कर कुछ नेताओं ने किया बहुप्रतीक्षित अंडरब्रिज का उद्घाटन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

सिटी चौपाटी के मध्य रेलवे फाटक 177 पर बने अंडर ब्रिज प्रारंभ हो इसके लिए रविवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए बना ब्रिज जनता की मौजूदगी में चौराहा के दुकानदार एवं वरिष्ठों के हाथों प्रारंभ होना चाहिए। लेकिन संसद की घोषणा की अवहेलना करते हुए स्थानीय नेताओं ने व्यापारियों को पीछे धकेल कर स्वयं ही फीता काटने की होड मचाई व्यापारी तो पीछे ही खड़े नजर आ रहे। इसकी सर्वत्र चर्चा है कि सांसद प्रतिनिधि वह अन्य नेताओं ने ही उद्घाटन का फिता काट दिया। इस मौके पर रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय इसके पूर्व रेलवे औव्हर बीच 2023 में उद्घाटित हो चुका था ।लेकिन रेलवे क्रॉसिंग से चौपाटी की ओर कॉलोनिया एवं व्यापारियों को बड़ी परेशानी हो रही थी ।अंडर ब्रिज



की भी नितांत आवश्यकता थी ।अब अंडर ब्रिज बनकर तैयार हो गया तो गत सोमवार की शाम को लोगों ने बैरीकेडस हटाकर आना-जाना प्रारंभ कर दिया लेकिन दूसरे ही दिन मंगलवार को रेलवे एवं ठेकेदार ने पुनः ब्रिज के दोनों छोर पर टीन लगाकर आवागमन बंद कर दिया था।

शनिवार को सांसद सुधीर गुप्ता शासकीय महाविद्यालय के एक समारोह में आए तो बंद फाटक से प्रभावित व्यापारी मिले तथा ओवर ब्रिज प्रारंभ करने का निवेदन किया तो सांसद गुप्ता ने तुरंत डीआरएम से बात कर रविवार को ब्रिज चालू करने का कहा था वहीं सांसद ने स्पष्ट कहा था कि ब्रिज जनता की सुविधा के लिए है। क्षेत्र की जनता की उपस्थिति में ही इसे चालू किया जाए।

खंडवा में शस्त्र पूजन कर हिंदू समाज को दिया संस्कृति, संस्कार व आत्मरक्षा का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों का विशेष महत्व रहा है। शास्त्र जहां मनुष्य को ज्ञान, विवेक, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, वहीं शस्त्र शक्ति, साहस और आत्मरक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। इसी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने और हिंदू समाज को अपनी धार्मिक विरासत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल जिला खंडवा द्वारा रविन्द्र नगर स्थित शिव मंदिर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधि कारियों, कार्यकताओं, मातृशक्ति और क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में शस्त्र पूजन के महत्व को समझाते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदू संस्कृति में शस्त्र पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और मां दुर्गा के जीवन प्रसंगों से भी धर्म, न्याय और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शस्त्र पूजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों, आत्म सम्मान, साहस और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को याद करने का अवसर भी है। शस्त्र और शास्त्र हिंदू संस्कृति के अभिन्न अंग

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बदलते समय और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं, संस्कारों और धार्मिक मान्यताओं से परिचित कराना आवश्यक है। आधुनिकता को अपनाने के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना भी समाज की जिम्मेदारी है। शस्त्र और शास्त्र भारतीय परंपरा के ऐसे अभिन्न अंग हैं, जो ज्ञान और शक्ति के बीच संतुलन का संदेश देते हैं।

सांसद प्रतिनिधि सुनील जैन ने हरी झंडी दिखाकर खंडवा तुकाईथड ट्रेन को किया रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

दस साल से बंद खंडवा तुकाईथड़ रेल मार्ग को मीटर गेज से ब्रॉडगेज परिवर्तन करने के बाद पहली बार नांदेड़ रेल मंडल ने स्पेशल यात्री ट्रेन चलाकर ट्रायल लिया।इस स्पेशल ट्रेन में नांदेड़ रेल मंडल से असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर,मंडल वाणिज्य प्रबंधक सहित रेल अधिकारियों कर्मचारियों भी मौजूद थे।

जेडआरयूसीसी समिति सदस्य मनोज सोनी और पूर्व रेल समिति सदस्य प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा अकोला ब्रॉडगेज परिवर्तन अंतर्गत खंडवा से तुकाईथड़ मार्च 2024 में पूर्ण कर लिया गया था लेकिन ढाई साल बीत जाने के बाद भी क्षेत्रवासियों को नांदेड़ रेलवे विभाग कोई यात्री ट्रेन की सुविधा नहीं दे रहा था। इसको लेकर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल



बोर्ड के अधिकारियों सहित साउथ सेंट्रल रेलवे के जीएम और डीआरएम नांदेड़ के सामने नाराजगी व्यक्त कर आम जनता को दस साल से बंद रेल मार्ग को पुनः खोल कर यात्री ट्रेनें चलाने की माँग की थी इसके बाद रेल विभाग पिछले कुछ समय से खंडवा तुकाईथड़ के बीच यात्री ट्रेन चलाने के लिए प्रयास शुरू कर रहा है। चूंकि खंडवा अकोला के बीच २०२४ में निर्माण विभाग ने केवल एक लाइन की पटरियां स्टेशनों पर बिछाई थी तथा बिना विद्युतीकरण किए ही अधूरे कार्य का सीआरएस करवा कर इति श्री कर ली थी जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है कि रेलवे अब चाह कर भी खंडवा सनावद मेमू ट्रेन का तुकाईथड़ तक विस्तार नहीं दे पा रही है। अब नांदेड़ मंडल डेमू ट्रेन या शटल चलाने के लिए भुसावल मंडल की सहायता लेकर ट्रेन चलाने का प्रयास कर रहा है। वहीं अधिकारी आगे नियमित ट्रेन चलाने की बात पर स्पष्ट कुछ नहीं कह रहे हैं।

भाम जलाशय पर मछली माफिया के कब्जे का आरोप

खंडवा। शासन की योजनाओं का उद्देश्य गरीबों, किसानों और परंपरागत रूप से मछली पकड़कर आजीविका चलाने वाले मछुआरों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंधाना तहसील के भाम मध्यम परियोजना जलाशय को लेकर सामने आई शिकायतों ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजगढ़, लुन्हार, सेमल्या और गुड़ी सहित आसपास के गांवों के मछुआरों ने समिति के पदाधिकारियों पर मनमानी, रोजगार से वंचित रखने और जलाशय से होने वाली आय का हिसाब नहीं देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का दावा है कि समिति के कुल 247 सदस्यों के हितों की अनदेखी कर कुछ पदाधिकारी ही समिति का संचालन कर रहे हैं।

सेवा भारती रतलाम के कन्या पूजन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

1600 से अधिक कन्याओं का हुआ पूजन एवं सामूहिक भोज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

सेवा भारती रतलाम द्वारा श्री बुद्धेश्वर हॉल, सागोद रोड पर आयोजित कन्या पूजन समारोह में समाज का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में 1600 से अधिक कन्याओं और 500 से अधिक समाजजनों ने सहभागिता की। समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता और आत्मीयता प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्याओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ उनके शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के प्रति समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा सराफ, विशिष्ट अतिथि विकास कटारिया एवं श्रीमती श्वेता विंचुंकर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री विक्रम जी ने आदि रहे ।कार्यक्रम के प्रारम्भ में सेवा भारती अध्यक्ष अनुज छाजेड़ ने संबोधित करते हुए सेव भारती रतलाम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि सेवा भारती रतलाम शिक्षा एवं संस्कार, स्वास्थ्य सेवा, महिला



सशक्तिकरण तथा सामाजिक समरसता के विभिन्न आयामों में निरंतर कार्यरत है। संस्था का उद्देश्य सेवा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना और समाज के सहयोग से जरूरतमंदों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। समारोह में मिली व्यापक सहभागिता ने इन प्रयासों के प्रति समाज के विश्वास और सहयोग को रेखांकित किया।

डॉ. आशा सर्राफ ने अपने उद्बोधन में कन्याओं के समुचित पालन-पोषण, शिक्षा और ज्ञान के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आगे बढने के अवसर देना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सेवा भारती रतलाम के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने संस्था के कार्यों हेतु रू.२५,००० की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

विकास कटारिया ने सेवा भारती द्वारा विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्वावलंबन एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने समाज के बीच रहकर जरूरतमंदों तक सेवा पहुँचाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताते हुए ऐसे कार्यों में सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया।

श्रीमती श्वेता विंचुंकर ने भारतीय संस्कृति में महिलाओं की गौरवशाली भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को सदैव शक्ति, ज्ञान और सृजन का प्रतीक माना गया है। उन्होंने सेवा के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा, संस्कार और आत्म निर्भरता के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की सशक्त बालिकाएँ ही आने वाले समय में परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूत आधारशिला बनेंगी। मुख्य वक्ता श्री विक्रम जी ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में सेवा और दान के बीच के अंतर को स्पष्ट किया।

DIAL 112 POLICE
शहर मेरा MP 13
awantika.com
मंगलवार
20 अक्टूबर, 2026
05

न्यूज -कॉलम

फांसी के फंदे पर लटका मिला 22 साल का युवक

उज्जैन। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहाबाद में रहने वाले निखिल पिता पिंटू कैथवास 22 साल ने सोमवार शाम घर में फांसी लगा ली। उसे परिजनों ने फंदे पर लटका देखा तो उतारने के बाद चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया और शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। उसके बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

सांई मंदिर के पास मिले वृद्ध की 3 दिन बाद मौत

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के अलखधाम स्थित सांई मंदिर के पास 15 अक्टूबर को बेसुध हालत में 60-65 वर्षीय वृद्ध पडा हुआ था। रहवासियों ने उसे देखा तो पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया। जहां 3 दिनों में भी उसे होश नहीं आया और सोमवार दोपहर को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वृद्ध का नाम-पता कुछ सामने नहीं आया पाया है। उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज भी नहीं था, जिससे उसके परिजनों की जानकारी जुटाई जा सके। फिलहाल शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। जिले के थाना पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। 24 घंटे में पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम कराकर शव दफना दिया जायेगा।

घेराबंदी में पकड़ाया तलवार लेकर घूम रहा युवक

उज्जैन। खिलचीपुर आगररोड पर खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास एक युवक तलवार लेकर घूम रहा था। जिसके चलते आने-जाने वाले लोगों में दहशत फैल रही थी। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई टीम के साथ खिलचीपुर पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को पकडा। उसके पास से तलवार बरामद कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम अजय सिसौदिया खिलचीपुर सामने आया। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

टक्कर मारने वाले वाहन का नहीं चला पता

उज्जैन। गरोठ ब्रिज पर सोमवार रात बाइक सवार अनिल पिता भंवरलाल निवासी प्रेमनगर देवासरोड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। अनिल की मौके पर मौत हो गई थी। सोमवार को पंवासा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया ग्राम जैथल में रहने वाले दोस्त को छोडकर वापस लौट रहा था। अनिल बिजली विभाग में ठेकेदार के साथ काम करता था। उसके तीन बच्चे है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद दुर्घटनास्थल के आसपास अज्ञात वाहन का पता लगाने के प्रयास किये गये, लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। प्रारंभिक जांच में बाइक को सामने से टक्कर मारने की जानकारी सामने आई है।

पुराने विवाद में युवक का रास्ता रोक किया हमला

उज्जैन। मक्सीरोड पर रहने वाला उदय पिता जितेन्द्र बंसोडे 21 साल सोमवार रात बाइक से जयसिंहपुरा दोस्त के यहां आ रहा था। जहां से दोनों देवास माता टेकरी पर दर्शन के लिये जाने वाले थे। लेकिन जयसिंहपुरा रेलवे क्रासिंग पर उसे गौरव भाट और आर्यन भाट ने रोक लिया। दोनों से उसकी पुरानी रंजीश थी। उदय कुछ समझ पाता दोनों ने लोहे के पाइप से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। लोगों की मदद से जितेन्द्र को अस्पताल पहुंचाया गया। ड्युटी कंपाउंडर से सूचना मिलने पर महाकाल थाना प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचे और घायल के बयान दर्ज कर मामले में मारपीट का प्रकरण दर्ज किया।

रिमांड खत्म होने पर इनामी तस्कर को भेजा जेल

उज्जैन। मादक पदार्थ तस्करी के 2 मामलों में 6 माह से फरार चले रहे 20 हजार के इनामी तस्कर शेख अमजद पिता अब्दुल रज्जाक निवासी खंदार मोहल्ला डग झालावाड को 16 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस ने राजस्थान में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। जिसे 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उसे आगररोड स्थित कृष्णा मोटर्स ले जाया गया। जहां अप्रैल माह में पुलिस ने ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड किया था। उस दौरान फैक्ट्री से जुडे होने पर उसका नाम सामने आया था। पुलिस उसके साथ तस्करी से जुडे अन्य साथियों के साथ डग भी पहुंची थी लेकिन साथी नहीं मिल पाये। मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

दिन	159-5	170-8
मेन बाजार	278-7	145-0
कल्याण नाइट	880-6	134-8
मिलन डे	227-1	188-7
मिलन नाइट	789-4	668-0
मधुर डे	259-6	256-3
मधुर नाइट	799-5	447-5
शुभांक	9 2	7

आज बाबा महाकाल की पालकी आयेगी नये शहर में...

दोपहर 2 बजे से 11 मार्गों पर वाहनों का रहेगा प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी पर्व पर साल में एक बार बाबा महाकाल की पालकी नये शहर में आती है। राजसी ठाट के साथ निकलने वाली सवारी को लेकर आज 11 मार्गों पर वाहनों को दोपहर 2 बजे बाद प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

महाकाल मंदिर से आज शाम 4 बजे बाबा महाकाल की पालकी राजसी वैभव के साथ निकाली जायेगी। यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि पुराने शहर से नये शहर तक सवारी मार्ग पर किसी तरह का व्यवधान ना हो इसको लेकर 11 मार्गों पर दोपहर 2 बजे बाद से वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी जायेगी। प्रतिबंधित मार्गों में हरिफाटक चौराहा से हरिफाटक टी, कमरी मार्ग से गोपाल मंदिर, तेलीवाडा चौराहे से कंठाल चौराहा, इन्दौरगेट से दौलतगंज चौराहा, कोयला फाटक चौराहा से चामुण्डा माता, सेठी बिल्डिंग से टॉवर चौक, ऐरन अस्पताल से घासमंडी, आफिसर मैस से एलआईसी तिराहा, तरणताल से तीनबत्ती चौराहा, सिंधी कालोनी से तीनबती चौराहा और लोटी तिराहा से धन्नालाल की चाल तक वाहन नहीं आ सकेंगे। आमजन से अपील है कि असुविधा से बचने के लिये सवारी मार्ग पर वाहन लेकर ना जायें।

रावण दहन के दौरान यातायात व्यवस्था

बुराई पर अच्छाई का पर्व विजयादशमी दशहरा मैदान पर रावण दहन के साथ मनाया जायेगा। इस दौरान भी यातायात व्यवस्था का प्लान पुलिस प्रशासन की ओर से जारी किया गया है। दशहरा मैदान रावण दहन कार्यक्रम में आने वाले अपने वाहन पीजीवीटी कॉलेज और जीडीसी कॉलेज में पार्क कर सकेगें। सांदीपनी चौराहा और पुलिस कंट्रोल रूम की ओर से दशहरा मैदान पर आने वाले शहरवासी सुराना पैलेस के सामने से जीडीसी कॉलेज के सामने वाहन पार्क कर सकेंगे और पैदल दशहरा मैदान की ओर जायेगें। सेठी नगर से दशहरा मैदान पर आने वाले दरगाह के पास वाहन खडे करेगें। तीन बत्ती, दो तालाब, भरतपुरी तिराहा से दशहरा मैदान पर आने वाले तरणताल, दमदमा होकर पीजीवीटी कॉलेज मैदान पार्किंग तक वाहन लेकर पहुंचेंगें। उज्जैन पब्लिक स्कूल से दशहरा मैदान मार्ग पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मंदिर से दशहरा मैदान तक सवारी मार्ग



महाकाल मंदिर से शाम 4 बजे निकलने वाली सवारी का मार्ग कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सराफा, सतीगेट, कंठाल चौराहा, नईसडक, दौलतगंज, मालीपुरा, देवासगेट, चामुण्डा माता चौराहा, टॉवर चौक, शहीद पार्क, घासमण्डी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम, एलआईसी, लीनन/रेमण्ड शौरूम के समीप वाली गली से दशहरा मैदान पहुंचेगी। जहां पूजन के बाद सवारी मार्ग वापसी में दशहरा मैदान से उज्जैन पब्लिक स्कूल, ऑफिसर मैस, तीनबत्ती चौराहा, माधव क्लब, धन्नालाल की चाल, फ्रीगंज ब्रिज, संख्याराजे धर्मशाला, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज चौराहा, इन्दौरगेट, गदापुलिया, हरिफाटक टी, बेगमबाग, कोट मोहल्ला चौराहे से श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

गिरफ्त में यात्रियों की जेब काटने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में यात्रियों की जेब काटने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से गिरफ्तार किया है। 7 दिन बाद हुई जेबकटी की घटना के बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी।

नई दिल्ली का रहने वाला रितेश मिश्रा गोवा एक्सप्रेस स्लीपर कोच में दिल्ली से पूणे की यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर उसकी जेब अज्ञात बदमाश ने काट ली थी। 12 अक्टूबर को हुई जेबकटी की शिकायत रितेश ने जीआरपी को दर्ज कराई थी। मामले में प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज आरपीएफ टीम की मदद से देखे गये। जिसमें



संदिग्ध दिखाई दिया। जीआरपी-आरपीएफ की टीम उसकी तलाश में जुट गई, और मुखबीरों को अलर्ट किया गया। सोमवार रात को प्लेटफार्म पर सर्चिंग के दौरान जीआरपी को सूचना मिली कि एक संदिग्ध आउटर पर घूम रहा है, जो जेबकटी में शामिल रहा है। जिसकी धरपकड के लिये टीम पहुंची और उसे हिरासत में लिया। संदिग्ध पुराना जेबकट मिथुन पिता गोपीलाल मोगिया 26 वर्ष निवासी ग्राम बनी राजगढ होना सामने आया। उसने 12 अक्टूबर को जेबकटी करना कबूल कर लिया। जीआरपी टीआई सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बदमाश से 11 सौ रूपये बरामद किये गये है। बदमाश नागदा जीआरपी का स्थायी वारंटी भी होना सामने आया। उसके खिलाफ पूर्व में डेढ़ दर्जन अपराध दर्ज है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

ऑनलाइन गोल्ड खरीदी के नाम पर युवती से धोखाधड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोशल मीडिया के माध्यम से युवती को गोल्ड खरीदना महंगा पड गया। शातिर ठग ने 60 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया है।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि हीरामिल की चाल में रहने वाली देवकी पिता मोहनलाल यादव ने सोशल मीडिया पर गोल्ड खरीदी की लिंक पर क्लिक किया। कुछ देर बाद कॉल आया और सस्ता गोल्ड खरीदी का ऑफर दिया। देवकी यादव ने ऑनलाइन गोल्ड ज्वेलरी देखी और आर्डर कर दिया। उससे पहले 12 हजार का ट्रांजेक्शन कराया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा भेजा गया गोल्ड पकडने जाने की जानकारी देकर 2 बार ओर ट्रांजेक्शन करा लिया। कुछ 60 हजार का ट्रांजेक्शन कराने के बाद ज्वेलरी नहीं आई तो युवती को अपने साथ धोखाधडी होने का पता चला। युवती ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

सितंबर-अक्टूबर माह में ऑनलाइन धोखाधडी के करीब 15 से 18 मामले सामने आ चुके है। ऐसा लग रहा है कि साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाकर दीपावाली मनाने की तैयारी कर रहे है। पुलिस के जागरूकता अभियान के बाद भी लोग ठगों के झांसे में आ रहे है। ठगों ने सबसे बडा हथियार एपीके फाइल को बना रखा है। जिस पर क्लिक करते ही लोगों के खातों से हजारों-लाखों का ट्रांजेक्शन हो रहा है।

रिक्शा हटाने की बात पर जयसिंहपुरा में युवक पर हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जयसिंहपुरा में रात 9 बजे के लगभग रिक्शा हटाने की बात पर हुये विवाद में युवक पर एक परिवार के चार सदस्यों ने हमला कर दिया। युवक घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि जयसिंहपुरा में रहने वाला आयुष पिता देवनारायण माली देवासगेट रेलवे स्टेशन के सामने रेस्टोरेंट में मैनेजर है। रात में वह कार से घर लौट रहा था। जयसिंहपुरा चौराहा पर बीच रास्ते में खडी रिक्शा को हटाने के लिये कहा तो वहीं रहने वाले रिक्शा चालक ने विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी बढ़ने पर रिक्शा चालक के भाई आ गये और आयुष पर हथियारों से हमला कर दिया। घायल आयुष को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार हमला करने वालों में संजय, विनोद, पवन शामिल है। मामले में महाकाल थाना पुलिस का कहना था कि घायल युवक के अस्पताल पहुंचने की सूचना मिली है। बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

दिग्गी राजा बोले महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष डिजिटल याचिका पेश करेंगे....

शिवधाम से रामधाम तक पदयात्रा आज से शुरू, कार सेवक भी शामिल

पत्रकार वार्ता में माधव सेवा न्यास की जमीन का मसला भी मिडिया के सामने रखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह मंगलवार से अपनी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू करने वाले हैं। इसके पहले उन्होंने सोमवार को स्थानीय निजी होटल में पत्रकार वार्ता ली । उनके साथ अयोध्या राम मंदिर निर्माण आंदोलन में शामिल रहे कारसेवक संतोष दूबे एवं धारासिंह जाट भी मुखातिब हुए। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि वे राष्ट्रपति के समक्ष डिजिटल याचिका पेश करेंगे। जिसके समर्थन में 8982121282 पर मिस काल करें। इसके साथ ही उन्होंने उज्जैन में माधव सेवा न्यास की जमीन के मसले को लेकर लिखित जानकारी दी।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि वोट चोरी औरचंदा चोरी पर निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग को लेकर एक डिजिटल पिटिशन वे राष्ट्रपति के समक्ष पेश करने वाले हैं। भारत के संविधान के अनुसार यह नागरिक अधिकार से संबंधित है। इसमें मैं प्रेम सद्भाव सत्य अहिंसा में विश्वास रखता हूँ।

मैं भारतीय संविधान में विश्वास रखता हूँ। मैं राजनीति में धर्म का उपयोग एक हथियार के रूप में करने का पक्षधर नहीं हूँ। मैं राम मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों में हुए भ्रष्टाचार की निंदा करता हूँ। मैं माँग करता हूँ भ्रष्टाचारियों को दंड दिया जाना चाहिए। मैं देश में लोक तंत्र व्यवस्था का समर्थन करता हूँ।

मैं देश में निष्पक्ष चुनाव के पक्ष में हूँ। मैं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करता हूँ। जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसमें संबंधित नागरिक अधिकारों के तहत मांग रखी जाएगी की मेरा अधिकार है कि भारत के नागरिक होने के नाते चुनाव आयोग मेरा नाम मतदाता सूची में रखे। मेरा अधिकार है कि मेरा वोट उसी उम्मीदवार को जाए, जिसे मैं चुनूँ। इसलिए चुनाव श्वङ्करू के बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएँ। मेरा अधिकार है कि मेरे द्वारा डाले गए बैलेट पेपर की गिनती हो। उन्होंने आमजन से अपना समर्थन दर्ज कराने के लिए 8982121282नंबर पर मिस कॉल करने के लिए भी बताया।

कारसेवक दूबे ने उठाए सवाल-

कार सेवक संतोष दुबे ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उन्हें गोली लगी थी। वे कोमा में रहे उनके मित्र श्री जाट को गोली लगी लेकिन संघ और भाजपा के कौन नेता ऐसे रहे जिन्होंने गोली खाई। उन्होंने सवाल उठाया कि अयोध्या के आसपास के सुर्यवंशी राजपूतों ने 2 लाख से ज्यादा कुर्बानी दी लेकिन उन्हें ट्रस्ट में कोई स्थान नहीं दिया गया। इस मुद्दे को वे कइ बार उठा चुके हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राम लला की मूल प्रतिमा गायब है। उन्होंने मंदिर के चढावे में घोटाले को लेकर कई मुद्दे उजागर किए।

उज्जैन के ट्रस्ट का मुद्दा उठाया-

महाकाल मंदिर के निकट की शासकीय भूमि पर आर.एस.एस. का कब्जा और होटल निर्माण करके व्यावसायिक गतिविधियाँ करने को लेकर बताया गया कि ट्रस्ट की आड में एक विशाल होटल एवं पार्किंग बनाकर उसका बडे पैमाने द्वारा पूववती उमा भारती की सरकार के साथ साँठगाँठ करके बडे पैमाने पर ट्रस्ट पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि आर.एस.एस. को शाखा लगाने के लिये 16 मई 1931 को लीज पर तात्कालिक जागीरदार द्वारा दी गई थी जिसके सर्वे कमांक 2258, 2259, 2260, स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि इस भूमि का उपयोग सिर्फ आर.एस.एस. के कार्य 2124, 2125, 2257/1, 2119/2, 2122, 2113 (0.564हे.) 213 (0.167) हैं। जिसमें अर्थात शाखा लगाने के लिये दी गई थी। इसके पश्चात 1990 में आर.एस.एस. द्वारा सिविल न्यायालय में प्रकरण कमांक 5ए/1990 प्रस्तुत किया गया था, जिसमें मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा मुख्य प्रतिवादी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी जिला उज्जैन एवं संयुक्त संचालक, लोक शिक्षा उज्जैन प्रतिवादी के रूप में थे। इसमें प्रतिवादी जानबूझकर न्यायालय में अनुपस्थित रहे। 25.09.1990 को उक्त स्वत्व घोषणा के प्रकरण में न्यायालय ने आर.एस.एस. के पक्ष में निर्णय पारित किया। उक्त प्रकरण में शासन के वकील अनुपस्थित रहे है और एकपक्षीय आदेश हुआ है। जबकि इसमें मुख्य प्रतिवादी कलेक्टर उज्जैन थे। वर्ष 2002 में उक्त भूमि सिंहस्थ एवं महाकालेश्वर मंदिर विस्तार की आवश्यकता को देखते हुये अधिग्रहण की कार्यवाही की गई। 06.09.2003 को तहसीलदार उज्जैन ने उक्त भूमि पर कब्जा भी ले लिया तथा रू. 13,45,519 /- रूपये मुआवजे के रूप में चेक दिया गया। अधिग्रहण के खिलाफ आर.एस.एस. ने हाईकोर्ट की इन्दौर खण्डपीठ में रिट याचिका 1101/2 प्रस्तुत की जो कि 18.08.2003 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दी गई।

इसकी इन्दौर डबल बैंच में अपील की गई जिसका एल.पी.ए. क्रमांक 176/2003 है। उमा भारती सरकार आने पर सरकार एवं संघ में कुछ शर्तों के अंतर्गत समझौता हुआ । अधिग्रहण निरस्त कर दिया गया। समझौते की शर्त यह थी कि जब भी सरकार या मंदिर को भूमि की आवश्यकता होगी, आर.एस.एस. उक्त भूमि को नि:शुल्क उपलब्ध करायेगा तथा उक्त भूमि पर कोई निर्माण कार्य नहीं करेगा। समझौता उच्च न्यायालय में डबल बैंच के समक्ष 20.09.2004 को पेश किया गया। उक्त भूमि पर 14.03.2006 को माधव सेवा न्यास नाम से ट्रस्ट का गठन किया गया। जनता से दान लेकर भवन एवं प्रायवेट पार्किंग का निर्माण किया गया। जिसका वर्तमान में बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उपयोग होटल के रूप में किया जा रहा है। इस होटल और पार्किंग तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आर.एस.एस. द्वारा लाखों रूपये रोज की उगाही की जा रही है।महाकाल लोक सहित वर्तमान में महाकालेश्वर मंदिर की आड़ में उक्त माधव सेवा न्यास के होटल को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से ही शासकीय धन का उपयोग करके समस्त विकास कार्य किये जा रहे हैं।

निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उकेरे मिसाइल मैन डॉ. कलाम के विचार

उज्जैन। निर्मला कॉलेज एवं निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में साइंस क्लब द्वारा पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। डॉ. कलाम के विचार विषय पर हुई इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने मिसाइल मैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने निबंध में डॉ. कलाम के वैज्ञानिक योगदान, राष्ट्र के प्रति समर्पण और युवाओं को प्रेरित करने वाले उनके संदेशों को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया। सपने वो नहीं हैं जो आप सोने में देखते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते जैसे उनके प्रेरणादायी विचारों को मूल मंत्र बनाते हुए विद्यार्थियों ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास का संदेश दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, राष्ट्रभक्ति और सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम में निर्मला महाविद्यालय समूह के निदेशक फादर डॉ. एंटनी जोसफ निरप्पेल, निर्मला कॉलेज की प्राचार्य एवं अकादमिक निदेशक प्रो. डॉ. कीर्ति डिडडी, निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन साइंस क्लब की सहायक प्राध्यापक सुश्री मेघना नाहर ने किया। यह आयोजन सह-प्राध्यापक डॉ. नितिन जौहरी एवं डॉ. विश्वास तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

आज होगा असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, डोम का हुआ निरीक्षण

उज्जैन। नृसिंह घाट स्थित बालाजी गार्डन में सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के शुभारंभ अवसर पर असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान होने जा रहा है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल ने बताया कि अनुष्ठान के लिए गार्डन में बनाए गए डोम का दद्दा जी के अनुयायियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ब्रह्मलीन दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ठ शिष्य सुरेंद्र सुहाने, अभिषेक गोर, योगेन्द्र परिहार, ऋषभ बाबू यादव, ललित अग्रवाल, विवेक सोनी, मनोज तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, हेमंत सिंह चौहान सांवेर वाले और विजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 930 किलोमीटर लंबी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा आज विजयादशमी के दिन उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या पहुंचेगी। भरत पोरवाल ने बताया कि यह जन जागरण यात्रा मुख्य रूप से वोट चोरी और चंदा चोरी के विरोध में निकाली जा रही है। यात्रा के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, राम जन्मभूमि ट्रस्ट को भंग कर श्रीराम मंदिर की व्यवस्था रामालय ट्रस्ट को सौंपने और प्रमुख धर्मस्थलों के ट्रस्टों का नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग की गई है।

महाष्टमी पर ओसिया माता को 56 भोग

उज्जैन। खाक चौक मंगलनाथ मार्ग स्थित श्री सच्चियाय ओसिया माता मंदिर में महाष्टमी के उपलक्ष्य में माता को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अब नवमी के अवसर पर 20 अक्टूबर को मंदिर परिसर में 108 दीपों से महाआरती, कन्या पूजन और विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार महाप्रसादी का वितरण सूर्यास्त से पहले ही प्रारंभ हो जाएगा। इसमें विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं का ध्यान रखा गया है जो रात्रि में भोजन ग्रहण नहीं करते हैं, इसलिए रात्रि भोजन त्यागियों को सादर आमंत्रित किया गया है। शाम 7:30 बजे 108 दीपों से माता की भव्य आरती की जाएगी और इसके साथ ही कन्या पूजन संपन्न होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए प्रमुख रूप से संतोष वर्मा, राजेंद्र हिंगड़, राजेश राठी, ललित कोठारी, नितेश नाहटा, देवेंद्र कोठारी, शैलेंद्र जैन, संजय जैन, नील रतन बाठिया, मनीषा कोठारी, जया नाहटा और रेखा राठी ने सभी धर्मप्रेमी जनता से भंडारे एवं महाआरती में पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

शक्ति के आराधना पर्व की कलासाधको द्वारा अद्भुत प्रस्तुति

उज्जैन। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वाधान में नव दुर्गा नगर में नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत हरसिद्धि मच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला मे सर्वोत्तम संगीत नृत्य अकादमी के हरीश पौद्वार के निर्देशन मे सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई अतिथि पार्षद श्री मती लीला वर्मा एवम यु एस छाबड़ा यूनाइटेड फोरम सयोजक की उपिस्थिति में माँ हरसिद्धि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया स्वागत मंडल के संतोष जाधव, पवन नागर, प्रमेंद यादव, गोपाल व्यास वीरेन्द्र परमार राजेश अखंड दसरथ गेहलोत ने किया कार्यक्रम में गणेश वंदना एवम मालवी गीतों पर कलाकार अद्विका पांडेया राजेश लड्ढा, मन मोह लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज का लोक नृत्य, भजन भोजपुरी नृत्य आदि की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई।

पश्चिमी रेलवे
सूरत स्टेशन के पुनर्विकास कार्य
संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/192 दिनांक 16/10/2026 आमंत्रित करता है। कार्य एवं स्थान: (i) सूरत - प्लेटफार्म संख्या 1 को आइलैंड प्लेटफार्म में परिवर्तित करना और 2 कॉमन लूप और 2 स्टेबलिंग लाइन प्रदान करके नए होम प्लेटफार्म का विकास करना। (ii) सूरत - प्रस्तावित नए होम प्लेटफार्म और प्रस्तावित आइलैंड प्लेटफार्म संख्या 1 पर कवरशेड, सीजीएस, पीए सिस्टम, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, त्वरित जल निकासी और संबंधित सुविधाओं का प्रावधान। (iii) उधना और सूरत - उधना और सूरत में वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान। (विद्युत भाग सहित संयुक्त निविदा)। कार्य की अनुमानित लागत: 39,15,30,713.22 रुपये। ईएमडी: 78,30,600 रुपये।ऑनवेदन जमा करने की तिथि एवं समय: 13.11.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक। आवेदन खोलने की तिथि एवं समय: 13.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाए। 0721
हमे पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

रावण को समझना जरूरी



दशहरा देश के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। कहते हैं, श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध किया था, इसीलिए हर साल दशहरे के दिन रावण को मारा (जलाया) जाता है, लेकिन रावण को जला डालने से हम एक असाधारण व्यक्तित्व को समझने से वंचित रह जाते हैं। क्यों समझना जरूरी है रावण को? क्योंकि रावण को समझने से हम अपने आपको समझ सकते हैं। पौराणिक कहानियां अंतरजगत की प्रतीक हैं। हम उन्हें बा जगत के लिए प्रयोग करते हैं और उनके सार से चूक जाते हैं। रावण के दस सिर मानवीय भावनाओं के प्रतीक हैं : काम, क्रोध, मोह, लोभ, मद, मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। रावण बहुत विद्वान और महान शिवभक्त था, लेकिन उसके अंदर संतुलन नहीं था। रावण शब्द का अर्थ है- जोर से दहाड़ने वाला, चीखने-चिल्लाने वाला या दूसरों को रुलाने वाला।

रावण का प्रतीक एक मनोवैज्ञानिक सत्य है। पश्चिम में मनोविज्ञान ने कई मनोरोगों की खोज की है, जिनमें से एक है स्किजोफ्रेनिया। इसका मतलब है खंडित व्यक्तित्व; यानी दिखाने के दांत अलग, खाने के अलग। जब व्यक्तित्व अत्यधिक जटिल हो, तो उसके दो नहीं, अनेक टुकड़े हो जाते हैं। यह जटिलता क्यों आती है? हमारा सामाजिक जीवन एक दिखावा होता है। हम जैसे हैं, वैसे बाहर दिखा नहीं सकते, इसलिए हमें नकली चेहरे ओढ़ने पड़ते हैं। हम सब इसी पाखंड में जीते हैं।

रावण एक चित्त दशा है। ओशो ने रावण की अवस्था का विश्लेषण करते हुए कहा है, पाखंड का अर्थ है, जो आप नहीं हैं, वैसा स्वयं को दिखाना। हम सबके पास मुखौटे हैं। जरूरत पर हम उन्हें बदल लेते हैं। सुबह से सांझ तक बहुत बार हमें नए-नए चेहरों का उपयोग करना पड़ता है। धीरे-धीरे यह भी हो सकता है कि इस पाखंड में चलते-चलते भूल ही जाएं कि आप कौन हैं। आपने इतने चेहरे प्रकट किए हैं कि अब आप खुद भी भ्रांति में पड़ गए हैं कि मैं हूं कौन! हम रावण की कथा पढ़ते हैं, लेकिन शायद आपको अर्थ पकड़ में नहीं आया होगा कि रावण दशानन है, उसके दस चेहरे हैं। राम का एक ही चेहरा है। राम ऑथेंटिक हैं। उन्हें आप पहचान सकते हैं, क्योंकि कोई धोखा नहीं है। रावण को पहचानना मुश्किल है। उसके बहुत चेहरे हैं। उसका असली चेहरा कौन सा है, यह पहचानना मुश्किल है। रावण असुर है, और हमारे चित्त की दशा जब तक आसुरी रहती है, तब तक हमारे भी बहुत चेहरे होते हैं। हम भी दशानन होते हैं। इनसे हम दूसरे को धोखा देते हैं। इनसे हम खुद भी धोखा खाते हैं, क्योंकि हमें खुद ही याद नहीं रहता कि हमारा स्वरूप क्या है। यह हर आधुनिक मनुष्य की बीमारी है। हम रावण को तो जला देंगे, लेकिन हमारे दस चेहरों का क्या?

सम्पादकीय

हादसा-दर-हादसा

कोलकाता के चोरबागान सार्वजनीन पूजा पंडाल में मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत की खबर अभी तफसील से आ भी नहीं सकी थी कि ग्वालियर के शीतला माता मंदिर के पास देर रात दर्जनों श्रद्धालुओं के ट्रक से कुचले जाने और इसमें 15 के मरने के समाचार ने सबके रोंगटे खड़े कर दिए। निस्संदेह, शनिवार की रात श्रद्धा और आस्था के इन दोनों केंद्रों पर जो मंजर था, वह किसी का अभीष्ट नहीं हो सकता, लेकिन यह पूछा ही जाना चाहिए कि आखिर मानवीय लापरवाही और प्रशासनिक चूक की भेंट मासूम लोग कब तक चढ़ते रहेंगे? कहा जा रहा है, चोरबागान की एक संकरी गली में यह पूजा पंडाल बना है और शाम में हुई बारिश से बचने के लिए हजारों लोग इसमें आ घुसे, जिसके कारण यह अप्रिय घटना घटी। यह बताता है कि स्थानीय प्रशासन और पूजा प्रबंधन समिति के बीच तालमेल की कमी थी। यह जानते हुए कि पंडाल से निकासी के पर्याप्त रास्ते नहीं हैं, इतनी बड़ी भीड़ को अंदर आने दिया गया। हैरानी की बात है कि यह पूजा समिति नौ दशक पुरानी है, फिर तो उसके पास अपनी क्षमताओं और संसाधनों का सटीक अनुमान होना चाहिए था?

बंगाल की दुर्गा पूजा देश ही नहीं, दुनिया भर में मशहूर रही है। यूनेस्को ने वर्षों पहले इसे सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया था। फिर इस विरासत को संभालने में कोताही क्यों? यह तो किसी से छिपी बात नहीं है कि दुर्गा पंडालों में हर साल भारी भीड़ उमड़ती रही है, खासकर सप्तमी से दशहरे तक यह उत्सव अपने चरम पर होता है। प्रशासन और पंडाल समितियों को पहले से चाक-चौबंद तैयारी करनी चाहिए थी। इस हादसे के बाद देश भर की सरकारों को उन पूजा पंडालों में जन-प्रवेश को लेकर एक ठोस रणनीति बनानी चाहिए, जहां अचानक बढ़ आई भीड़ से निपटने की मुकम्मल व्यवस्था नहीं। इस प्रक्रिया में देवी आराधना की प्रक्रिया को अक्षुण्ण रखते हुए स्थानीय लोग आगे आकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि पश्चिम बंगाल की उत्सवधर्मिता आगे दागदार न हो। ग्वालियर की घटना तो और भी अफसोसनाक है। प्रशासनिक लापरवाही की वजह से ट्रक उस इलाके में दाखिल हो गया, जो वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। ग्वालियर के अधिकारियों को भी यह पता होगा कि किसी भी पर्व-त्योहार के समय मंदिरों, धर्मस्थलों में अधिक भीड़ आती है और उसके प्रबंधन की तैयारी उसी के अनुरूप होनी चाहिए।

विजयादशमी पर विशेष

संसार को जीतने से पहले स्वयं को जीतना सीखें

विजयादशमी को रावण दहन कर हम लोग उत्साह के साथ घर लौट जाते हैं, लेकिन एक प्रश्न मन में रह जाता है-क्या सचमुच रावण का अंत हो गया? यदि हर वर्ष रावण जलाने से बुराई समाप्त हो जाती, तो अहंकार, अभिमान, अनाचार और अत्याचार हमारे समाज में बार-बार सिर क्यों उठाते? शायद इसलिए कि हम बाहर के रावण को तो पहचानते हैं, लेकिन अपने भीतर बैठे रावण को देखने का प्रयास नहीं करते। विजयादशमी केवल पौराणिक विजय का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मविजय का संदेश है। यह विवेक की अविवेक पर, संयम की उच्छृंखलता पर, करुणा की क्रूरता पर और सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है। दूसरों को पराजित करना सरल हो सकता है, लेकिन अपनी दुर्बलताओं को पहचानकर उन पर विजय पाना कठिन है। इसीलिए दशहरे की सार्थकता रावण का पुतला जलाने में ही नहीं, अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करने के संकल्प में निहित है।



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

मनुष्य को प्रकृति ने पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ-आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा तथा पाँच कर्मेन्द्रियाँ-वाक, हाथ, पैर, उपस्थ और पायु प्रदान की हैं। ज्ञानेन्द्रियाँ संसार का अनुभव कराती हैं और कर्मेन्द्रियाँ उस अनुभव को व्यवहार में परिणत करती हैं। इनके माध्यम से ही मनुष्य ज्ञान अर्जित करता है, संबंध बनाता है और जीवन को गति देता है। इसलिए इन्द्रियाँ शत्रु नहीं हैं; समस्या तब पैदा होती है, जब मनुष्य उनका स्वामी बनने के बजाय उनका दास बन जाता है। आँखें अनुचित देखने लगें, कान निंदा में आनंद लेने लगें, जीभ स्वाद की लालसा और कटु वाणी में उलझ जाए, हाथ सेवा के बजाय उत्पीड़न के लिए उठें और पैर मयार्दा का उल्लंघन करने लगें, तो इन्द्रियाँ मनुष्य के विवेक पर हावी हो जाती हैं। तब ज्ञान का स्थान आकर्षण ले लेता है और कर्म का मार्ग स्वार्थ निर्धारित करने लगता है। इन्द्रिय-विजय का अर्थ इन्हें दबाना नहीं, बल्कि उचित दिशा देना है। दृष्टि में पवित्रता, श्रवण में विवेक, वाणी में मधुरता और कर्म में सद्भाव हो, तभी इन्द्रियाँ जीवन की सार्थक सहयोगी बनती हैं।

नवरात्र के नौ दिन इसी आत्मानुशासन का अभ्यास करने का अवसर देते हैं। उपवास, पूजा, जप, ध्यान और साधना के माध्यम से मनुष्य अपनी इच्छाओं को समझने तथा उन्हें संयमित करने का प्रयास करता है। लेकिन साधना की कसौटी केवल यह नहीं कि हमने कितने दिन उपवास किया या कितने मंत्रों का जाप किया। असली प्रश्न यह है कि इन नौ दिनों में हमारे स्वभाव में कितना परिवर्तन आया। यदि भोजन में संयम है, लेकिन वाणी में कटुता बनी हुई है; देवी के सामने सिर झुकता है, लेकिन व्यवहार में अहंकार बना रहता है; पूजा में श्रद्धा है, लेकिन मन में दूसरों के प्रति द्वेष है, तो साधना अभी अधूरी है। उपवास का व्यापक अर्थ है - अनुचित प्रवृत्तियों से दूरी और अपने भीतर की श्रेष्ठता के निकट पहुँचना। नौ दिनों का अनुशासन हमें अपने मन, इच्छाओं और व्यवहार का निरीक्षण करना सिखा सकता है। यही अभ्यास आगे चलकर स्थायी चरित्र का आधार बनता है। नवरात्र की साधना तभी पूर्णता की ओर बढ़ती है, जब उसका प्रभाव मंदिर से निकलकर हमारे घर, कार्यस्थल और सामाजिक व्यवहार तक पहुँचता है।

भारतीय चिंतन में आहार, निद्रा, भय और मैथुन जीवन की स्वाभाविक प्रवृत्तियाँ मानी गई हैं। भोजन शरीर की आवश्यकता है, निद्रा विश्राम का माध्यम, भय सुरक्षा की सहज प्रतिक्रिया और कामभावना प्रकृति का अंग है। इनका होना दोष नहीं; इन पर विवेक का नियंत्रण न रहना समस्या है। स्वाद की अतृप्त लालसा स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती है, निद्रा आलस्य का रूप ले सकती है, भय सत्य के पक्ष में खड़े होने से रोक सकता है और अनियंत्रित कामना मयार्दा का उल्लंघन करा सकती है। अतः विजय इन प्रवृत्तियों को मिटाने में नहीं, उन्हें उचित सीमा में रखने में है। आहार ऐसा हो जो शरीर को स्वस्थ रखे, निद्रा ऐसी हो जो कर्मठता को बढ़ाए, भय के बावजूद सत्य का साहस बना रहे और कामना विवेक तथा पारस्परिक सम्मान की मयार्दा में रहे। जो व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और लालसाओं के बीच अंतर समझ लेता है, वह आत्मसंयम की दिशा में आगे बढ़ने लगता है। यही साधना का व्यावहारिक स्वरूप है।

हमारे भीतर का रावण भी अनेक सिरों वाला है। एक सिर अहंकार का है, दूसरा लोभ का; एक क्रोध का है, दूसरा ईर्ष्या का; कहीं अभिमान है, कहीं छल, कहीं प्रतिशोध और कहीं दूसरों पर अधिकार जमाने की प्रवृत्ति। इन दोषों की जड़ में प्रायः स्वार्थ और आत्ममुग्धता होती है। अहंकार मनुष्य को अपनी श्रेष्ठता का भ्रम देता है, अभिमान उसे अपनी भूल स्वीकार नहीं करने देता और लोभ दूसरों के अधिकारों की उपेक्षा करना सिखाता है। जब इन प्रवृत्तियों को शक्ति, धन या पद का सहारा मिल जाता है, तो अन्याय को अधिकार और अत्याचार को सामर्थ्य समझ लिया जाता है। रावण का चरित्र इसी विडंबना की याद दिलाता है। वह विद्वान था, शक्तिशाली था और शिवभक्त भी था, लेकिन ज्ञान, शक्ति और भक्ति उसके आचरण को मर्यादित नहीं रख सके। उसकी विद्वत्ता उसे अहंकार से नहीं बचा पाई और उसका सामर्थ्य उसे अनुचित आचरण के परिणामों से नहीं बचा सका। यह प्रसंग बताता है कि ज्ञान का मूल्य उसके सदुपयोग में, शक्ति की सार्थकता उसके न्यायपूर्ण प्रयोग में और भक्ति की पूर्णता विनम्रता में है। यदि विद्या अहंकार बढ़ाए, शक्ति दूसरों का शोषण करे और धर्माचरण मनुष्य को श्रेष्ठताबोध से भर दे, तो बाहरी उपलब्धियों के बावजूद भीतर पराजय ही है।

आज इस संदेश की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। प्रतिस्पर्धा के युग में सफलता को प्रायः पद, प्रतिष्ठा, संपत्ति और लोकप्रियता से मापा जाता है। दूसरों से आगे निकलने की होड़ में हम अपने व्यवहार की समीक्षा करना भूल जाते हैं। हम दूसरों की गलतियाँ आसानी से खोज लेते हैं, लेकिन अपनी त्रुटियों को स्वीकारने में संकोच करते हैं। धर्म और नैतिकता की बातें करना सरल है, पर उन्हें निजी जीवन में उतारना कठिन। किसी कमजोर का अपमान करके, अधीनस्थ के साथ अन्याय करके या अपने स्वार्थ के लिए किसी का अधिकार छीनकर यदि हम स्वयं को विजेता समझते हैं, तो यह विजय नहीं, अपने भीतर के रावण को मजबूत करना है। वास्तविक विजय का अर्थ भावनाओं और इच्छाओं से पूरी तरह मुक्त हो जाना भी नहीं है। मनुष्य को क्रोध आएगा, लोभ आकर्षित करेगा और कभी-कभी भय भी घेरेगा। आत्मविजय तब प्रकट होती है, जब क्रोध के बावजूद हम अन्याय नहीं करते, लोभ के सामने अनुचित साधन नहीं अपनाते और भय के बावजूद सत्य का साथ नहीं छोड़ते।

रावण की ऊँचाई नहीं, रावणी प्रवृत्तियों की करें खिचाई

दशहरे का मौसम आते ही रावण की पूछ-परख बढ़ जाती है। साल भर समाज में रावण जैसी प्रवृत्तियाँ फलती-फूलती रहें, किसी को कोई खास परेशानी नहीं होती, लेकिन दशहरा आते ही रावण के पुतले की ऊँचाई पर बहस छिड़ जाती है। कोई 101 फीट का रावण बनाता है, तो कोई 151 फीट का। मानो रावण का कद जितना ऊँचा होगा, बुराई पर विजय उतनी ही शानदार होगी!

समझ में नहीं आता कि रावण को हराने की होड़ लगी है या उसे ऊँचा उठाने की। हर साल पुतले का कद बढ़ता है, आतिशबाजी का खर्च बढ़ता है, भीड़ बढ़ती है, जय श्रीराम के जयकारे गूँजते हैं और अंत में रावण धू-धू करके जल उठता है। लोग तालियाँ बजाते हैं, मोबाइल से वीडियो बनाते हैं और घर लौटकर चैन की नींद सो जाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या रावण सचमुच जल गया?

अगर रावण केवल दस सिरों वाला एक पुतला होता, तो मामला बहुत आसान था। एक माचिस की तीली लगाई और बुराई का अंत! मगर आज के रावण के दस सिर नहीं, दसियों चेहरे हैं। कहीं वह भ्रष्टाचार बनकर बैठा है, कहीं रिश्वत की मेज पर मुस्करा रहा है, कहीं गरीब का हक मार रहा है, तो कहीं अपने पद और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर रहा है। उसके चेहरे पर अच्छाई का मुखौटा है और जेब में स्वार्थ का हिसाब-किताब।

सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आधुनिक रावण को किसी सोने की लंका की जरूरत नहीं। उसे सरकारी दफ्तर की एक कुर्सी, किसी संस्था का ऊँचा पद, सत्ता का संरक्षण या कानून की कमजोर पकड़ भी काफी है। वह दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाता है और खुद नियमों को अपनी सुविधा के अनुसार मोड़ लेता है। पकड़ा जाए तो जांच का इंतजार, आरोप लगे तो साजिश का शोर और सवाल पूछे जाएँ तो चुप्पी की दीवार!

(संजय एम तराणेकर)

पञ्चांग राशिफल



दिनांक- 20 अक्टूबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:57
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - नवमी09:18 उपरांत दशमी
नक्षत्र- श्रवण 15:54 उपरांत धनिष्ठा
योग - शूल 23:53 उपरांत गण्ड
करण - कौलव
चन्द्रमा - मकर मे है।04:49 पर कुम्भ मे प्रवेश करेगा
विषेस दशहरा
मुस्लिम मास-जमादुअव्वल 8 तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में नए विचार और नीतियां सफलता दिलाएंगी। व्यापार में नए सौदे तय होंगे, लाभ के अवसर मिलेंगे।

वृषभ- मित्रों और प्रियजनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी, धन लाभ संभव है।

मिथुन- शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी, ताजगी महसूस करेंगे। शिवलिंग पर जल और बेलपत्र अर्पित करें।

कर्क- पदोन्नति या नए अधिकार मिलने के योग हैं। व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, लाभ होगा।

सिंह- परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। धन संचय के प्रयास रंग लाएंगे।

कन्या- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, प्रसन्नता रहेगी। शिवलिंग पर कच्चा दूध और अक्षत चढ़ाएं।

तुला- दफ्तर में आपकी छवि और प्रभाव में वृद्धि होगी। व्यापारिक साझेदारी में उत्तम लाभ मिलने के संकेत हैं।

वृश्चिक- जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के कई मार्ग खुलेंगे।

धनु- स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा, ताजगी बनी रहेगी। चंद्र देव के मंत्रों का जप करें।

मकर- कार्यस्थल पर जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता रहेगी। लेन-देन के मामलों में सावधानी जरूरी है।

कुंभ- परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल बेहतर रखें। खर्चों में संतुलन बनाकर चलना हितकर होगा।

मीन- थोड़ा आराम करें, थकान से बचें। शिवलिंग पर जल में काले तिल मिलाकर चढ़ाएं।

समसामयिक

रावण के दाह संस्कार का रहस्य

एक जानकारी के मुताबिक शोध कर्ता एस वी सुदर्शनने अपने शोध में पाया कि रामायण काल के 10000 साल बाद अपने शोध में पाया कि रावण का दाह संस्कार नहीं किया गया और उसकी ममी श्रीलंका में मौजूद है। रणभूमि में भगवान राम के द्वारा मारे जाने के बाद रावण का शव उठाया नहीं सका था। भाई विभीषण को राज्यभिषेक की इतनी जल्दी थी कि वह शव का दाह संस्कार भी नहीं कर सका था। इसी का फायदा नागकुल ने उठाया। उन्होंने रावण का शव को वहाँ से गायब कर दिया। यहाँ तक कि रावण को जीवित करने का फैसला किया गया। रावण की ममी श्रीलंका के किले में है। यह किला वहाँ की एक पर्वतमाला में स्थित है। श्रीलंका के पुरातत्व विभाग का कहना है कि रावण के पास पुष्पक विमान थे और उसके पञ्च विमानतल भी थे। ये सभी विमानतल इसी पर्वतमाला में ही थे। अभी भी यह माना जाता है कि रावण की ममी की रक्षा नागकुल ही करता है। कई नाग उस पर्वतमाला में है ,जो उस ममी के आसपास रहते है।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

वैसे ये सबको विदित है कि ममी मिस्त्र में ही पाई जाती है और इस तरह की सभ्यता के दर्शन पूरब में नहीं होते। लेकिन शोधकर्ता का दावा कुछ अलग ही कहता है। रावण के मरने के बाद रावण की ज्येष्ठ पत्नी मंदोदरी सहित कई रानियाँ वहां विलाप करने पहुँच गई थी। श्रीराम ने रावण के लिए (वाल्मीकि रामायण के अनुसार) विभीषण को स्वर्गादि तथा उत्तम लोकों की प्राप्ति कराने वाला अन्तयेष्टि कर्म करने की आज्ञा दी। माल्या चंदन तथा अन्य प्रकार के चंदनों द्वारा बनाई गई चिता पर रावण का शव को सुलाकर विधिपूर्वक उसका दाहसंस्कार किया गया। शोधकर्ता द्वारा जो दावा किया गया हो सकता है ,यहाँ किसी अन्य राक्षस की ममी हो ? किंतु इस कड़ी में एक जानकारी के मुताबिक 'रावण का मृत शरीर ममी के रूप में सुरक्षित का दावा किया सुप्रसिद्ध बौद्ध भिक्षु पूज्य अबान अल धम्मानंद अनुनायक थेरा स्याम निकाय के मालवट्ट पंथ के धर्मगुरु ने। उनकी विद्वता उनके अनुसंधानों का बौद्ध जगत में सम्मान है। उनका मानना था कि प्राचीनकाल में श्रीलंका ० मिस्त्र के मध्य निकट स्नेह संबंध थे। मिस्त्र की भाँति श्रीलंका में भी मृत शरीर को रासायनिक लेपों द्वारा हजारों वर्षों तक सुरक्षित रखने की विधि ज्ञात थी। जो हो , मिस्त्र के सम्राट के साथ आए कुशल शव संरक्षकों ने श्रीलंका के रक्षकों(राक्षसों) की सहायता और श्रीराम की अनुमति से महापराक्रमी रावण के शरीर पर रासायनिक लेप चढ़ाकर उसे अमर अथवा चिरस्थाई कर दिया। उन्होंने एक विशिष्ट प्रकार के कपड़े में शव को बाँधकर पंरपरानुसार एक पूर्णतः सुशोभित -सज्जित गृह में यह ममी वालपन पर्वत के 'रागल 'शिखर स्थित एक गुफा में रखी हुई है।'रा ' का अर्थ है रावण और गल का अर्थ है ऊँची टेकड़ी। इसी के पास न्यूरेलिया पितृतलगल है। भिक्षु ने गुफा रेडियम जैसा प्रकाश भी देखा है ,उन्होंने यहाँ सत्ता वृतांत एक सिहली दैनिक 'दवस ' में प्रकाशित करवाया था। साथ ही उन्होंने अपना यह अनुभव लिखकर एक प्रति वहाँ के सरकार को भेज दी थी। भिक्षु का निष्कर्ष था कि यह शरीर रावण का था ,जबकि रावण के वध के पश्चात उसके मृत शरीर का दाह संस्कार किया गया था। विभिन्न मत व शोध से रावण की ममी के दावे होते रहे है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान श्रीराम आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय को शुभकाल मानकर। शमी वृक्ष का पूजन करके जब युद्ध के लिए निकले तब शमी वृक्ष ने विजय का उद्घोष किया था।

रावण ज्ञानी ,महापराक्रमी शिव भक्त था। तप से उसे अमर होने का वरदान मिला था। उसकी नाभि में अमृत था। जिसका भेद सिर्फ विभीषण को पता था। रामायण के अनुसार भेद रहस्य विभीषण ने श्रीराम को बताया। जिसके भेदने के कारण वो भगवन श्रीराम के बाण से मारा गयो विजय पर्व के रूप में विजयादशमी मानते आरहे है। कई स्थानों पर रावण की पूजा होती है। कागज के पुतले के रूप में रावण बनाकर उसका दहन किया जाता है।

इंदौर में रावण दहन, पानी बचाने का संकल्प कब?

रावण के दस सिर जलाएं, पानी की हर बूंद बचाएं

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।

श्रीमद्भगवद्गीता का यह संदेश बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इंदौर में दशहरा केवल रावण दहन नहीं, बल्कि परंपरा, पारिवारिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक उत्सव का अवसर है। कभी परिवार के साथ रामलीला देखना, मेले में घूमना और रावण दहन का इंतजार करना बच्चों के लिए खास अनुभव होता था। आज आयोजन भव्य हुए हैं और मोबाइल में तस्वीरें सहेजने का चलन बढ़ा है, लेकिन पर्व का मूल संदेश वही है–बुराइयों का अंत और अच्छे आचरण की शुरूआत।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

इंदौर स्वच्छता के लिए देशभर में पहचान बना चुका है। अब समय है कि शहर स्वच्छता के साथ जल संरक्षण में भी मिसाल बने। पानी की कमी की चिंता केवल गर्मियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। भूजल का गिरता स्तर और पानी की बढ़ती मांग हमें चेतावनी देते हैं कि हर बूंद की कीमत समझनी होगी। दशहरे के उत्सव में इस बार एक संदेश भी गूंजना चाहिए–रावण के दस सिर जलाएं, लेकिन पानी की एक बूंद भी व्यर्थ न बहाएं।

इसी विचार के बीच मिस्टर दशानन मिल गए। दस सिरों वाले रावण के चेहरे पर उदासी थी। मैंने पूछा, इंदौर में हर साल आपका पुतला जलता है, फिर आप दुखी क्यों हैं? दशानन बोले, पुतला मेरा जलता है, बुराइयां नहीं। लोग मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं, लेकिन लौटते ही अपनी गलतियों पर पर्दा डालने और दूसरों की कमियां गिनाने लगते हैं। अपने लिए छूट चाहिए, दूसरों से नियमों के पालन की अपेक्षा रखते हैं।

उनकी बात में दम था। सड़क पर कचरा न फेंकना, यातायात नियमों का पालन करना और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना नागरिक जिम्मेदारी है। इसी तरह पानी बचाना भी केवल सरकार या नगर निगम का काम नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है। घर में खुला नल बंद करना, टपकते नल की मरम्मत कराना, वाहन और फर्श धोने में जरूरत से ज्यादा पानी न बहाना तथा वर्षाजल संचयन अपनाना छोटी पहल जरूर हैं, लेकिन इनका सामूहिक प्रभाव बड़ा हो सकता है।

मैंने पूछा, क्या आज का रावण पहले से ज्यादा ताकतवर है?

दशानन बोले, अब मुझे पुतलों में मत खोजिए। मैं वहां हूं, जहां पद सेवा के बजाय रौब दिखाने का साधन बन जाए, नियम अपनी सुविधा से बदल लिए जाएं और समाजहित की बातें केवल भाषणों तक सीमित रहें। पानी की कमी पर चिंता जताई जाए, लेकिन नल बहते रहें और वर्षाजल बचाने की पहल टलती रहे–तो समझिए, लापरवाही का रावण अभी जीवित है। इंदौर की पुरानी रामलीलाओं में मनोरंजन के साथ मयार्दा, त्याग और कर्तव्य की सीख भी मिलती थी। आज की पीढ़ी तकनीक के साथ आगे बढ़ रही है। वह सवाल करती है और तर्क चाहती है। यह अच्छी बात है, लेकिन उत्सव केवल तस्वीरों और वीडियो तक सीमित न रहे। परंपरा का अर्थ तभी है, जब उसका संदेश जीवन में उतरे।

दशानन ने कहा, बच्चों को ईमानदारी और जिम्मेदारी सिखाइए। उन्हें यह भी बताइए कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, असीमित संसाधन नहीं। आज बचाई गई बूंद कल किसी की जरूरत पूरी कर सकती है।

संस्कृत का प्रसिद्ध सुभाषित है–धर्मो रक्षति रक्षितः। अर्थात धर्म की रक्षा करने वाले की धर्म रक्षा करता है। इसी भावना से प्रकृति और उसके संसाधनों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है।

व्यंग्य

जिस दिन मुख्यमंत्री बनूँगा!

जिस दिन भी मुख्यमंत्री बनूँगा, सबसे पहले प्रदेश के हर बड़े शहर में एक फ्लैट खरीदूँगा। भोपाल में सरकारी बंगला तो होगा ही, लेकिन इंदौर में एक शानदार, आलीशान फ्लैट भी होना चाहिए। आखिर मालवा तो अपना ठिकाना है! और जब सत्ता हाथ में होगी, तो सपना सिर्फ फ्लैट तक क्यों सीमित रहे? पूरा मालवा ही खरीद लूँगा!



राजेन्द्र सिंह जादौन
दैनिक अवन्तिका

पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। इसलिए हर पर्यटन क्षेत्र में एक अस्पताल और एक होटल भी खोलूँगा। जनता को इलाज मिलेगा, पर्यटकों को ठहरने की सुविधा मिलेगी और कारोबार भी बढ़ेगा। अब इसमें जनता की सेवा कितनी होगी और निजी कारोबार का फायदा कितना, यह तो भविष्य की बात है! मंत्रिमंडल भी बनाना है। आखिर मुख्यमंत्री अकेले थोड़े ही सरकार चलाता है! मंत्री भी चाहिए, समर्थक भी चाहिए और नाराज होने वालों को मनाने का इंतजाम भी चाहिए।

इसलिए हर मंत्री को खुश करने के लिए एक-एक गाय, भैंस और बकरी वाला विभाग दे दूँगा। किसी को पशुपालन, किसी को गौसेवा, किसी को बकरी पालन! सबको कुछ न कुछ मिल जाएगा। मंत्री भी खुश, समर्थक भी खुश और गठबंधन की राजनीति में संतुलन भी बना रहेगा। लेकिन एक बात पर समझौता नहीं होगा। बाकी सारे मलाईदार विभाग अपने पास ही रखूँगा! खनिज, आबकारी, नगरीय विकास, लोक निर्माण, उद्योग और वे सारे विभाग जिनमें बजट बड़ा हो, फैसलों का दायरा बड़ा हो और जिनकी फाइलों का वजन देखकर प्रशासन भी गंभीर हो जाए उन पर मुख्यमंत्री का अपना नियंत्रण रहेगा। आखिर मुख्यमंत्री बनने का मतलब सिर्फ कुर्सी पर बैठना थोड़े ही है! कुर्सी के साथ अधिकार भी चाहिए, अधिकार के साथ विभाग भी और विभाग के साथ वह व्यवस्था भी, जिसमें हर महत्वपूर्ण फैसला मुख्यमंत्री की मर्जी के बिना आगे न बढ़े।

जनता पूछेगी कि साहब, आपने प्रदेश के लिए क्या किया? मैं कहूँगा देखिए, हर शहर में मेरा फ्लैट है, हर पर्यटन क्षेत्र में अस्पताल और होटल है, मंत्रियों को विभाग बाँट दिए हैं और प्रशासन को भी काम पर लगा दिया है। इससे ज्यादा विकास का प्रमाण क्या चाहिए?

कोई बेरोजगार नौकरी माँगेगा तो उसे पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की संभावना बता दूँगा। किसान अपनी फसल का उचित दाम माँगेगा तो पशुपालन विभाग का रास्ता दिखा दूँगा। सड़क टूटी होगी तो संबंधित मंत्री से पूछने को कहूँगा। और अगर कोई पत्रकार सवाल पूछने की हिम्मत करेगा तो उसे समझाऊँगा कि सरकार चलाना आसान नहीं होता, थोड़ा समय दीजिए!

वैसे भी मुख्यमंत्री की असली परीक्षा जनता के सवालों से नहीं, अपनी कुर्सी बचाने की कला से होती है–ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

मगर एक छोटी-सी समस्या है। मुख्यमंत्री बनने से पहले जनता के बीच जाना पड़ेगा। हाथ जोड़ने पड़ेंगे, वादे करने पड़ेंगे, गरीब की झोपड़ी में बैठकर रोटी खानी पड़ेगी और किसानों के खेत में जाकर तस्वीरें खिंचवानी पड़ेंगी। तब कहना पड़ेगा कि प्रदेश मेरा परिवार है, जनता मेरी भगवान है और सत्ता मेरे लिए सेवा का माध्यम है।

लेकिन मन के किसी कोने में यह सवाल भी उठेगा कि अगर जनता भगवान है, तो उसके मंदिर यानी सरकारी खजाने की चाबी किसके पास रहेगी? जवाब साफ है मुख्यमंत्री के पास! और यहीं से असली व्यंग्य शुरू होता है। क्योंकि मुख्यमंत्री बनने का सपना देखना गलत नहीं है। गलत तब होता है, जब जनसेवा की कुर्सी को निजी संपत्ति, विभागों को निजी जागीर और सरकारी संसाधनों को व्यक्तिगत कारोबार का रास्ता समझ लिया जाए। मुख्यमंत्री बनने का सपना देखिए, लेकिन प्रदेश को अपनी जागीर समझने का नहीं। क्योंकि मुख्यमंत्री का पद पाँच साल के लिए हो सकता है, मगर जनता के सवालों की कोई समय-सीमा नहीं होती। फ्लैट, होटल और विभागों की सूची इतिहास में भले दर्ज न हो, लेकिन जनता के हिस्से में आया विकास या उसके साथ हुआ अन्याय जरूर याद रखा जाता है। आखिर में एक ही सवाल है मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश खरीदना है या प्रदेश के लोगों का भरोसा जीतना है? क्योंकि कुर्सी पर बैठना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन कुर्सी पर बैठकर खुद को मालिक समझ लेना लोकतंत्र की सबसे बड़ी भूल है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,48,400 रवा- 1,48,200 चांदी-टंच- 2,14,500 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



देवास से घर लौट रहे युवकों की बाइक टकराई, दो घायल

शाजापुर। देवास से काम खत्म कर राजगढ़ स्थित अपने गांव लौट रहे दो युवक रविवार रात शाजापुर में सड़क हादसे का शिकार हो गए। सुनेरा थाने के ठीक सामने दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत में एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 9 बजे का है। घायलों की पहचान गोविंद बैरागी और राधेश्याम सेन के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गोविंद बैरागी के सिर में गंभीर चोट आई है और उसे तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। वहीं, उसके साथी राधेश्याम सेन के सिर और हाथ में मामूली चोटें आई हैं। घायल राधेश्याम सेन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह देवास स्थित एलटीएन कंपनी में मशीन ऑपरेटर का काम करता है। रात को वह अपने साथी गोविंद के साथ बाइक से देवास से राजगढ़ जिले के अपने पैतृक गांव खेजड़िया जा रहा था। इसी दौरान सुनेरा थाने के सामने सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खड़ी बस में ट्रक घुसने से आठ यात्री घायल, एक रेफर



शाजापुर। यात्री बस को ट्रक ने टक्कर मारकर दी जिससे उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कमला बस क्रमांक यूपी 78 सी इंदौर से अशोकनगर जा रही थी। सारंगपुर नेशनल हाईवे पर यात्रियों को बाथरूम कराने के लिए बस रोकी गई थी, इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 32 क्यूएन 3488 ने बस को टक्कर मार दी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में देवेंद्र पिता राजू केवट (17), निवासी बजरंगगढ़, महक पिता जितेंद्र वंशकार (17), निवासी ललितपुर, पिंकी पति रामसेवक अहिरवार (23), निवासी अशोकनगर, राधिका पिता गोपाल वंशकार (16), निवासी मुंगावली, बस चालक जितेंद्र पिता हरिसिंह रघुवंशी (42), निवासी डगोरपुर, सोनू पिता हरिसिंह (36), निवासी अशोकनगर, गंगाराम पिता रघुवर अहिरवार (36), निवासी सेमरा पहाड़ और रविशंकर पिता जागरणरायण यादव (45), निवासी लखनऊ घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सारंगपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नवरात्रि पर आगर में निकली चुनरी यात्रा

आगर मालवा। नवरात्रि पर्व पर आगर जिला मुख्यालय पर जय भवानी ग्रुप द्वारा लगातार 19 वें वर्ष चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी से हुआ। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पहाड़ियों पर स्थित गुफा बर्डा के प्रसिद्ध मां तुलजा भवानी मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माता को 51 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। यात्रा में सभी गरबा मंडलों की बालिकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। बालिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में धार्मिक और भक्ति गीतों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। नगर में निकली चुनरी यात्रा का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री शाहरुख अहमद के निवास पर स्वागत किया गया। यहां पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और जल वितरण किया गया। इस अवसर पर हज कमेटी के जिला अध्यक्ष जफर खान, भाजपा नगर मंत्री शुभम गुर्जर, देवेंद्र यादव, रिजवान खान, फिरोज खान, समीर अहमद, बाबू अंसारी सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। चुनरी यात्रा के आयोजकों ने बताया कि यात्रा के समापन के बाद गुफा बर्डा मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया।

छात्रों से अभद्रता के विरोध में कांग्रेस विधायक महेश परमार व हुकूमसिंह कराड़ा सड़क पर उतरे

टीआई को निलंबित करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शासकीय बालकृष्ण शर्मा नवीन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीते दिनों बंद लाइब्रेरी को खुलवाने गए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ लालघाटी थाना प्रभारी द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस आक्रामक हो गई है। टीआई पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष का हाथ मरोड़ने का गंभीर आरोप लगाते हुए रविवार को पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा और महेश परमार के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन किया गया।

संगठन के अनुसार, जब वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने पुलिस के इस आपत्तिजनक रवैये का विरोध करते हुए उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो पुलिस ने तानाशाही दिखाना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान थाना प्रभारी ने अपना आपा खोते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष जय कराड़ा के साथ धक्का-मुक्की की और बलपूर्वक उनका हाथ मरोड़ दिया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से छात्रों में भारी आक्रोश है।

छात्रों के सम्मान में और पुलिस की इस मनमानी के खिलाफ रविवार को कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से मोर्चा खोल दिया। पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा और महेश परमार जैसे दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना था कि छात्रों की समस्याओं के लिए ज्ञापन देना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे पुलिसिया रौब से कुचला नहीं जा सकता। नारेबाजी के बीच एडीएम और एएसपी महेंद्र तारणेकर को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि छात्रों से दुर्व्यवहार करने वाले लालघाटी थाना प्रभारी हेमंत पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

घटना के समय मौके पर बाहरी लोगों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी व उनकी भूमिका की बारीकी से जांच हो, पूरे घटनाक्रम की सत्यता और पुलिस की बर्बरता उजागर करने के लिए वीडियो फुटेज खंगाले जाएं। इस बढ़ते बवाल और कांग्रेस नेताओं के कड़े रुख के बाद पुलिस महकमे ने जांच का आश्वासन दिया है। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारोणकर ने कहा कि घटना की पूरी निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी।

किताबें मांगने पर छात्रों से की बदसलूकी

जानकारी के अनुसार,ल यह पूरा घटनाक्रम बीते दिनों का है। कॉलेज में लंबे समय से बंद पड़ी लाइब्रेरी को पुनः शुरू करवाने के उद्देश्य से एनएसयूआई कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। छात्रों का आरोप है कि इसी बीच लालघाटी थाना प्रभारी हेमंत पटेल वहां आ पहुंचे और उन्होंने बिना किसी उकसावे के विद्यार्थियों के साथ बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया।



दो जगह होगा रावण दहन:कहीं कुर्ता-पायजामा तो कहीं सिर धड़ से अलग होने वाला होगा पुतला

देवास। देवास में विजयादशमी पर 20 अक्टूबर को दो जगह रावण दहन होगा। हिंदू उत्सव समिति पुलिस ग्राउंड में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन करेगी, जबकि जनचेतना सामाजिक संस्था कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में 55 फीट ऊंचा पुतला जलाएगी। दोनों जगह कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होंगे। पुतले बनाने पर करीब 80-80 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पुलिस ग्राउंड में उज्जैन के कलाकार डेजी जैन और जावेद खान 10 लोगों की टीम के साथ 51 फीट ऊंचा रावण बना रहे हैं। इस बार पुतले को कुर्ता-पायजामा पहनाया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में उज्जैन के कलाकार मुकेश लकवाल पांच लोगों की टीम के साथ 55 फीट ऊंचा पुतला तैयार कर रहे हैं। इसकी खासियत यह होगी कि दहन के दौरान रावण का सिर धड़ से अलग होकर जमीन पर आएगा और फिर वापस ऊपर चला जाएगा। जनचेतना सामाजिक संस्था पिछले 25 साल से रावण दहन का आयोजन कर रही है। पहले यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में होता था, लेकिन सेना भर्ती के कारण इस बार आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के मैदान में किया जा रहा है।

शबरी-राम संवाद और नवधा भक्ति पर मानस गोष्ठी का आयोजन



शाजापुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद और श्रीश रामायण मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में फूलखेड़ी हनुमान मंदिर परिसर में श्रीरामचरितमानस के 'शबरी-राम संवाद' व 'नवधा भक्ति' पर मानस गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विद्वानों और साहित्यकारों ने नवधा भक्ति के व्यावहारिक स्वरूप और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विचार मंथन किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बद्री प्रसाद पाटीदार ने कहा कि सत्संग से ही मानव जीवन में ईश्वर-प्रेम का बीजारोपण होता है। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद कवि जितेन्द्र देवतवाल 'ज्वलंत' ने मां शबरी के प्रेम और भगवान राम की करुणा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति में किसी पद या प्रतिष्ठा की नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम की आवश्यकता होती है। गोष्ठी में पं. ऋषिकेश भट्ट ने कहा कि भगवान राम का वन में शबरी के आश्रम जाकर उनके जूठे बेर खाना इस बात का प्रमाण है कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं। वहीं, गोवर्धन सिंह राजपूत और सज्जन सिंह राजपूत ने आज के भौतिकवादी युग में नवधा भक्ति को मानव कल्याण की आचार-संहिता बताया।

आज तराना में होगा 71 फीट रावण का दहन

तराना। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति पंजाबी यंग उमंग ग्रुप के तत्वाधान में भव्य रावण का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा।समिति अध्यक्ष भगवान गेरा ने बताया कि दशहरा मैदान पर 71 फीट के रावण का दहन किया जाएगा।जिसमे शिवपुरी के कलाकारो द्वारा आतिशबाजी ,देवास की विशेष आतिशबाजी होगी।शाम 7 बजे से रहेगा।वही दोपहर 3 बजे से राम मंदिर से जुलूस निकाला जाएगा।जुलूस का समापन दशहरा मैदान पर होगा।71 फीट के रावण निर्माण का कार्य अंतिम दौर में है। कारीगर महेश कारपेंटर ने बताया कि रावण निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है इस वर्ष 6 फीट का चक्र रावण के सिर के ऊपर लगाया जायेगा। अभी रावण पर कलर करने जैसे आदि कम पंजाबी धर्मशाला में चल रहे हैं।

मक्सी में मां की आरती के दौरान घुसा सांड, पंडाल में मची अफरा-तफरी

- पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा
- आवारा पशुओं को पकड़ने की व्यवस्था पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



इन दिनों मक्सी नगर में शारदीय नवरात्रि की धूमधाम देखने को मिल रही है। जगह-जगह माता रानी के पंडाल सजे हैं और शाम होते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां की महाआरती में शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इसी बीच झंडा चौक पर उस समय अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब एक सांड श्रद्धालुओं की भीड़ में घुस गया।

आरती में बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। अचानक सांड के भीड़ में पहुंचने से लोगों में भय का माहौल बन गया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए स्थिति को संभाला और सांड को पंडाल से बाहर निकालकर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

इस घटना ने नगर में आवारा पशुओं की समस्या और उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी निभाने वाले संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर में आवारा सांडों की समस्या को लेकर पहले भी समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान होता नजर नहीं आ रहा है।

संबंधित विभाग किसी दुर्घटना का इंतजार

अब सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो और श्रद्धालु निर्भय होकर माता रानी की आराधना कर सकें।



दो रेलकर्मियों की मौत पर रेल कर्मी धरने पर बैठे, जाँच की माँग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले के मक्सी में दो रेलकर्मियों की मौत के बाद रेलकर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 16 अक्टूबर को मक्सी-पीरउमरोद रेलखंड पर गोवा एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। कर्मचारी इस घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं।

कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को ज्ञापन सौंपा है। इसमें बताया गया है कि हादसे के समय पीडब्ल्यूआई बेरछा मनोज कुमार वर्मा और सीपीडब्ल्यूआई सत्य प्रकाश जैन भी मौजूद थे। वे रेलवे ट्रॉली से ट्रैक का निरीक्षण कर रहे थे।

ज्ञापन में आरोप है कि सीपीडब्ल्यूआई सत्य प्रकाश जैन ने कर्मचारियों पर ट्रॉली को डाउन लाइन पर चढ़ाने का दबाव बनाया था। इसी दौरान ट्रेन नंबर 12780 गोवा एक्सप्रेस आ गई और दो रेलकर्मी उसकी चपेट में आ गए।

रेलकर्मी दोषियों पर कार्रवाई और मृतकों के परिजनों को तुरंत सहायता देने की मांग कर रहे हैं। वे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने पर जोर दे रहे हैं।

बस स्टैंड पर 65 तो पुराने दशहरा मैदान में 35 फीट के रावण के पुतलों का दहन होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

विजयादशमी के अवसर पर आज सारंगपुर में दो स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। बस स्टैंड स्थित नए दशहरा मैदान में 65 फीट और पुराने दशहरा मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। इस दौरान भव्य चल समारोह, अखाडा प्रदर्शन और रंगारंग आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे पटवावाड़ी स्थित अंबे माता मंदिर में आरती और पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ होगा। इसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। जुलूस में ढोल, अखाडे, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे। यहां रथ पर विराजित भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी की पूजा-अर्चना के बाद शाम 6:15 बजे आतिशबाजी के साथ 35 फीट ऊंचे रावण के साथ पुतले का दहन किया जाएगा।

संघ का पथ पंचलन निकलेगा

विजयादशमी पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सारंगपुर नगर में विशाल पथ संचलन निकाला जाएगा। इस वर्ष नगर की विभिन्न बस्तियों के स्वयंसेवक अलग-अलग स्थानों से पथ संचलन प्रारंभ करेंगे। इसके बाद निर्धारित मार्गों से होते हुए सभी स्वयंसेवक एकत्रित होंगे और शास्त्री स्कूल में कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बताया गया है कि संत रविदास एवं विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से प्रारंभ होगा। वहीं, सुदर्शन नगर बस्ती का संचलन सुदर्शन नगर स्थित माता मंदिर से निकलेगा। इसके अतिरिक्त महाकाल एवं खेड;पति बस्ती का पथ संचलन शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर, सारंगपुर से प्रारंभ होगा। पथ संचलन के दौरान विभिन्न बस्तियों के स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए निर्धारित मार्गों से आगे बढ़ेंगे।

8 बाइक और 6 मोबाइल जब्त, जुआ एक्ट में मामला दर्ज

जामनेर के जंगल में जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, 8.85 लाख का माल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जामनेर के जंगल में जुआ खेल रहे आठ लोगों को शुजालपुर मंडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 24 हजार 600 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, आठ बाइक और छह मोबाइल जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत 8 लाख 85 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार जिले में जुआ-सट्टा सहित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनकर और एसडीओपी निमेष कुमार देशमुख के मार्गदर्शन में कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव और उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम जामनेर के जंगल में दबिश दी। यहां आठ लोग ताश के पत्तों पर रुपए.पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को गिरफ्तार कर नकदी सहित वाहन और मोबाइल जब्त किए।

ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आशिक खां निवासी जामनेर, शादाब खां निवासी बंजीपुरा शुजालपुर सिटी, रंजीत सैनी मार्केटिंग सोसायटी शुजालपुर मंडी, मदन भाई खारीकुंडी के पास शुजालपुर मंडी, गोलू उर्फ शमशाद खां किला मोहल्ला शुजालपुर, आर्यन प्रजापत खारीकुंडी वेयरहाउस रोड, इरशाद खां प्रेमनगर कॉलोनी शुजालपुर मंडी और सद्दाम खां उर्फ सईद खां जामनेर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना शुजालपुर मंडी में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक शिवकुमार यादव, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे सहित थाना पुलिस के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

डॉ. कलाम के आदर्शों से विद्यार्थियों को दिखाई सफलता की राह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का समापन हुआ। मदरसा नुरुल हबीबिया एवं इला लिटिल फ्लावर स्कूल शुजालपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के महत्व पर जोर दिया गया। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं देश के विभिन्न शहरों में उच्च पदों पर कार्यरत शुजालपुर के युवाओं के माता-पिता को भी उनके योगदान के लिए अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें देश और दुनिया का महान वैज्ञानिक तथा सच्चा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और समर्पण से भारत को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचारों को अपनाकर युवा शिक्षा, विज्ञान और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. एसएन गुप्ता ने विद्यार्थियों को नियमित और गहन अध्ययन की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान का अपना महत्व है। विद्यार्थियों को केवल गूगल और मोबाइल पर निर्भर रहने के बजाय श्रेष्ठ पुस्तकों का नियमित अध्ययन करना चाहिए। पढ़ने की आदत से ज्ञान बढ़ता है और व्यक्तित्व का विकास होता है।

शहर काजी एवं मदरसा निदेशक प्रो. डॉ. काजी एस रहमान ने डॉ. कलाम के जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए। असफ लता मिलने पर हिम्मत हारने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढाना चाहिए। उन्होंने डॉ. कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और अध्ययन के बल पर व्यक्ति बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. गुफ रान अहमद भोपाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरित करने वाले ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होने चाहिए।

विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों का सम्मान

समारोह में शुजालपुर के उन युवाओं के माता.पिता का अभिनंदन किया गया, जिनके बच्चे देश के विभिन्न नगरों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इनमें सैयद नजर हुसैन, ऊनीजा आरिफ हुसैन, सितारा बी यूनुस मोहम्मद, नसरीन बी सिद्दीक अहमद, शरीफ न बी बाबू खां, सुनीता रामचरण परमार, नफीसा कय्यूम, मुशर्रफ रफ ीक अहमद, रजिया डॉ. काजी एस रहमान, संतोष भरत सिंह तथा अर्चना डॉ. धीरेंद्र दवे सहित अन्य अभिभावक शामिल रहे। साथ ही शहर के समाजसेवियों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. हन्नान फारुकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, विवेकानंद बैंक अध्यक्ष डॉ. विजय खींची, पूर्व प्राचार्य मधु मंडलोई उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा नर्मदाबाई बेवा मोतीराम जाति आंजना निवासी एवं कृषक ग्राम बीजपड़ी तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बीजपड़ी तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे न. 75 रकबा 0.16 हे. एवं सर्वे न. 76 रकबा 0.89 हे. मे से रकबा 0.34 हे. इस प्रकार कुल सर्वे नं 02 कुल रकबा 0.50 हे. भूमि स्थित है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है :- पूर्व में सर्वे नं. 76 की शेष भूमि, पश्चिम में सर्वे नं. 74/2 एवं सर्वे नं. 73/2/2 की भूमि, उत्तर में सर्वे नं. 77, सर्वे नं. 85/1 की भूमि, दक्षिण में मक्सी- कनासिया मेन रोड़ स्थित है। जिसकी बयाना राशि दे दी गई है शीघ्र ही उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित होना है। यदि उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का कोई हित ऋण, दान, गिरवी, अनुबंध आदि हो तो वह मय लिखित दस्तावेज के कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति 08 दिवस के अन्दर दर्ज करवाये अन्यथा बाद अवधी उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार के हित मे सम्पादित करा लिया जावेगा तथा किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। दिनांक :- 19/10/2026

पक्षकार द्वारा अभिभाषक
महेन्द्रसिंह बड़ाल एडव्होकेट
पता कोर्ट गैट के पास, तराना मोबा. 9893951566

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, सर्वे क्रमांक 39 रकबा 2.51 हेक्टर एवं सर्वे कमांक 67 रकबा 0.31 हेक्टर, पटवारी हल्का नम्बर 00151, ग्राम पीरबरखेडा तहसील व जिला देवास (म.प्र.) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में सर्वे क्रमांक 40/3 एवं 66 की भूमि, पश्चिम में सर्वे क्रमांक 30/2, 30/3 एवं 37 की भूमि, उत्तर सर्वे कमांक 37, 39/464 एवं 41 की भूमि, दक्षिण में सर्वे क्रमांक 67, 68, 69, 70 एवं 71 की भूमि, एवं पूर्व में सर्वे क्रमांक 66 की भूमि, पश्चिम में सर्वे क्रमांक 68 की भूमि, उत्तर सर्वे क्रमांक 39 की भूमि, दक्षिण में - सर्वे क्रमांक 81 एवं 82 की भूमि, जिसका कुल क्षेत्रफल 2.82 हेक्टर है। उक्त संपत्ति हेमर सिंह पिता भंवर सिंह से M/s Ascent Solar Power Through Happy Mahajan S/o Harish Mahajan को रजिस्टर्ड लीजडीड पत्र MP19IGR17212026A100070042 दिनांक 20/01/2026 के माध्यम से 29 वर्ष 11 माह के लिये प्राप्त हुई है उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर M/s Ascent Solar Power Through Happy Mahajan S/o Harish Mahajan द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 19/10/2026

नीरज सक्सेना (एडवोकेट)
ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 97130-96363, 97130-15515

जलालपुरा कट पॉइंट के पास बाइक डिवाइडर में घुसी

शाजापुर। बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुसने से युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर युवक इंदौर से अशोकनगर की ओर जा रहा था, तभी शाम के समय अचानक बाइक अनियंत्रित होकर जलालपुरा कट पाइंट के पास डिवाइडर में घुस गई। घटना में युवक के सिर में चोंट आने से वह अपना नाम पता नही बता पा रहा था। इधर हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इसी दौरान नोडल पॉइंट की ओर जा रहे डायल-112 स्टाफ 161 राहुल मालवीय और पायलट अनिल परमार ने वाहन रोका और बिना कोई देरी किए घायल को तुरंत डायल-112 वाहन में बैठाया और अस्पताल की ओर रवाना हुए।

24 व 25 को होगा कायस्थ महाकुंभ एवं राष्ट्रीय अधिवेशन

शुजालपुर। महाकाल की नगरी उज्जैन में 24 एवं 25 अक्टूबर को कायस्थ महाकुंभ एवं कायस्थ समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। कार्तिक मेला ग्राउंड में होने वाले इस दो दिवसीय आयोजन में देश और प्रदेश से कायस्थ समाज के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और समाज के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के शाजापुर जिलाध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि अधिवेशन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, युवा महापंचायत, नारी प्रेरणा संगम, प्रतिभा सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही समाज के जनप्रतिनिधियों के बीच परिचय, संवाद और समन्वय के माध्यम से सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श होगा। अधिवेशन में समाज के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका, सामाजिक क्षेत्र में कायस्थ समाज के योगदान और भावी योजनाओं पर मंथन किया जाएगा।

बाइक ट्रेक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में युवक की मौत

शुजालपुर। मंडी के एमजी रोड स्थित गुरुवाणी रेस्टोरेंट के सामने रविवार देर रात करीब 12.30 बजे बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार आयुष जोशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रात में भोपाल रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इरशाद पिता छोटे खान निवासी टीला शुजालपुर सिटी और आयुष जोशी पिता हेमंत जोशी मूल निवासी उज्जैन व हाल मुकाम नूरपुरा शुजालपुर सिटी बाइक से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवाणी रेस्टोरेंट के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना में आयुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इरशाद को गंभीर चोटें आईं।

तीन स्थानों पर ह ोगा रावण दहन, आतिशबाजी से सजेगा

शुजालपुर। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। शुजालपुर में सिटी, मंडी और फ्रीगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन के आयोजन होंगे। इस दौरान भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, वहीं सतरंगी आतिशबाजी और युद्ध के दृश्यों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। मंडी क्षेत्र का रावण दहन भीलखेड़ी रोड स्थित अनाज मंडी प्रांगण क्रमांक.3 में होगा। सिटी क्षेत्र में अकोदिया रोड स्थित शैल कुमार शर्मा स्टेडियम मैदान पर रावण दहन किया जाएगा। वहीं फ्रीगंज क्षेत्र का परंपरागत दशहरा उत्सव किशोनी स्थित स्टेडियम में आयोजित होगा। नगर पालिका की ओर से तीनों स्थानों के लिए करीब 31-31 फीट ऊंचे रावण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। विजयादशमी की शाम सिटी स्थित राम मंदिर और मंडी क्षेत्र के राम मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो रावण दहन स्थल पहुंचेगी।

जयकारों के बीच निकले विसर्जन चल समारोह

शुजालपुर। नौ दिन तक चली देवी आराधना का समापन सोमवार को देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नगर के सिटी, मंडी और विभिन्न कॉलोनियों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चल समारोह निकाले गए। ढोल-नगाड़ों और ताशों की थाप, माता के जयकारों और रंग-गुलाल के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरे। सिटी में अधिकांश सार्वजनिक झांकियां एकत्रित होकर संयुक्त विसर्जन चल समारोह के रूप में निकलीं। वहीं फ्रीगंज क्षेत्र के एकता नवदुर्गा उत्सव समिति के चल समारोह में महाराष्ट्र की पहचान ढोल पर लेजिम की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। सिटी के महाकाली मंदिर चौराहे पर सामूहिक महाआरती का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंडी क्षेत्र में दोपहर से देर रात तक विसर्जन चल समारोह निकलते रहे। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों के पांडालों और देवालयों में भी पर्व के समापन पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। विसर्जन के दौरान देवी प्रतिमाओं के साथ नवरात्रि में बोए गए ज्वारों का भी विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

इंदौर में दशहरे से एक दिन पहले जला रावण

इंदौर। इंदौर की इंद्रपुरी कॉलोनी में दशहरे पर होने वाला रावण दहन कार्यक्रम से एक दिन पहले ही पुतला जलकर राख हो गया। सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण पुतले में आग लग गई। यहां भाजपा विधायक मधु वर्मा के मार्गदर्शन में 32वां विशाल रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होना था। इंद्रपुरी कॉलोनी में दशहरे के आयोजन के लिए रावण का पुतला तैयार कर लगाया था। सोमवार को अचानक उसमें आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पूरा पुतला जलकर राख हो गया।

पूर्णाहुति के साथ हुआ नवरात्रि पर्व का समापन, मां भवानी को दी विदाई





दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

नवरात्रि पर्व का पूर्णाहुति के साथ सोमवार को समापन हुआ। इस दिन मां आदिशक्ति की आराधना के लिए अलुसबह से लेकर देररात तक शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। नौ दिवसीय नवरात्रि के समापन पर मां के नौवे स्वरूप सिद्धीदात्रि की पूजा की गई और शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ पर यज्ञ में पूर्णाहुति डाली गई। उल्लेखनीय है कि 11 अक्टूबर से मां भवानी की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि शुरू हुआ था और भक्त मां को मनाने के लिए तरह-तरह के जतन भी कर रहे थे। इसीके चलते किसी ने मन्नत के चलते नंगे पैर रहकर अपनी आस्था का परिचय दिया तो किसी ने उपवास रहकर मां की भक्ति कर आराधना की। वहीं नवरात्रि के समापन पर नगर के दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता, कसेरा बाजार स्थित रूपामाता, बिजासन माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में मां का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

नवरात्रि के आखिरी दिन नवमी पर शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी माता मंदिर, गायत्री शक्ति पीठ सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों का अल सुबह से लेकर देररात तक तांता लगा रहा। मंदिरों में मां की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया और भक्तों ने मंदिर में हवन पूजन कर सुख और समृद्धि की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भी समापन हुआ। इस दौरान पूर्णाहुति में विधायक अरूण भीमावद भी शामिल हुए और यज्ञ में आहुतियां डाली। उल्लेखनीय है कि शहर में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर विद्युत से सुसज्जित पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर आराधना की जा रही थी, जिसका नवरात्रि के साथ समापन हो गया है। नवरात्रि के समापन पर कई लोगों ने मां भवानी की प्रतिमा को विसर्जित किया।

जयकारों के बीच निकले विसर्जन चल समारोह, ढोल पथक ने जमाया रंग

शुजालपुर। नौ दिन तक चली देवी आराधना का समापन सोमवार को देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नगर के सिटी, मंडी और विभिन्न कॉलोनियों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चल समारोह निकाले गए। ढोल-नगाड़ों और ताशों की थाप, माता के जयकारों और रंग-गुलाल के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरे। सिटी में अधिकांश सार्वजनिक झांकियां एकत्रित होकर संयुक्त विसर्जन चल समारोह के रूप में निकलीं। वहीं फ्रीगंज क्षेत्र के एकता नवदुर्गा उत्सव समिति के चल समारोह में महाराष्ट्र की पहचान ढोल पर लेजिम की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। सिटी के महाकाली मंदिर चौराहे पर सामूहिक महाआरती का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंडी क्षेत्र में दोपहर से देर रात तक विसर्जन चल समारोह निकलते रहे। पांडालों और देवालयों में भी पर्व के समापन पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए।

गोवा एक्सप्रेस की चपेट में आकर दो रेलकर्मियों की मौत पर लापरवाही का आरोप, सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



मक्सी-पीर उमरोद रेलखंड पर गोवा एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो रेलकर्मियों की दर्दनाक मौत के मामले में विभागीय रोष गहराने लगा है। घटना के तीन दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज इंजीनियरिंग विभाग, बेरछा के कर्मचारियों ने पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में घटना को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। बताया जा रहा है कि 16 अक्टूबर को रेलवे ट्रॉली के जरिए ट्रैक के निरीक्षण का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान सत्य प्रकाश जैन ने कर्मचारियों पर कथित रूप से दबाव बनाकर ट्रॉली को डाउन लाइन पर चढ़वाया था। इसी बीच उसी ट्रैक पर तेज रफ्तार गोवा एक्सप्रेस आ गई और यह भीषण हादसा हो गया, जिसमें दो कर्मचारियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि, इन आरोपों की अभी तक कोई आधिकारिक या स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। 19 अक्टूबर तक इस मामले में किसी भी जिम्मेदार पर कार्रवाई की जानकारी सामने न आने से रेलकर्मियों में भारी असंतोष है। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की है कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और ट्रॉली संचालन व ट्रैक निरीक्षण के दौरान लागू सुरक्षा नियमों के पालन की बारीकी से पड़ताल हो। कर्मचारियों का कहना है कि मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मियों के तत्काल बयान दर्ज किए जाएं तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, मृतक कर्मचारियों के आश्रित परिजनों को तत्काल देय सहायता उपलब्ध कराने और जांच की अद्यतन स्थिति से कर्मचारियों को लिखित रूप में अवगत कराने की भी मांग रखी गई है। भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

शुजालपुर। मंडी के एमजी रोड स्थित गुरुवाणी रेस्टोरेंट के सामने रविवार देर रात करीब 12.30 बजे बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार आयुष जोशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रात में भोपाल रेफर किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इरशाद पिता छोटे खान निवासी टीला शुजालपुर सिटी और आयुष जोशी पिता हेमंत जोशी मूल निवासी उज्जैन व हाल मुकाम नूरपुरा शुजालपुर सिटी बाइक से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवाणी रेस्टोरेंट के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना में आयुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इरशाद को गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। पुलिस मंडी ने मृतक के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मामला दर्ज किया। तीन स्थानों पर होगा रावण दहन, सतरंगी आतिशबाजी से सजेगा आसमान ।

आतिशबाजी में दिखेगा युद्ध का दृश्य

शुजालपुर। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। शुजालपुर में सिटी, मंडी और फ्रीगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन के आयोजन होंगे। इस दौरान भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, वहीं सतरंगी आतिशबाजी और युद्ध के दृश्यों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा।मंडी क्षेत्र का रावण दहन भीलखेड़ी रोड स्थित अनाज मंडी प्रांगण क्रमांक.3 में होगा। सिटी क्षेत्र में अकोदिया रोड स्थित शैल कुमार शर्मा स्टेडियम मैदान पर रावण दहन किया जाएगा। वहीं फ्रीगंज क्षेत्र का परंपरागत दशहरा उत्सव किशोनी स्थित स्टेडियम में आयोजित होगा। नगर पालिका की ओर से तीनों स्थानों के लिए करीब 31-31 फीट ऊंचे रावण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। विजयादशमी की शाम सिटी स्थित राम मंदिर और मंडी क्षेत्र के राम मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो रावण दहन स्थल पहुंचेगी।

किशोनी स्टेडियम में होने वाले आयोजन के लिए भगवान श्रीराम

खेतों से अभ्यारणों तक कृष्णमृगों का सफर, अब तक 663 का रेस्क्यू



दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

फसलों को नुकसान और मानव वन्यप्राणी द्वंद्व कम करने के लिए शुजालपुर वन विस्तार क्षेत्र में कृष्णमृगों के स्थानांतरण का अभियान जारी है। सोमवार को मगरानिया और देहंडी के पास से 126 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया गया। 9 अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में अब तक 663 कृष्णमृगों को कूनो अभयारण्य भेजा जा चुका है।

वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के दूसरे चरण में 2 हजार कृष्णमृगों को सुरक्षित वन्य आवास में स्थानांतरित करने का लक्ष्य है। खेतों में कृष्णमृगों की आवाजाही से फसलों को होने वाले नुकसान को कम करना और ग्रामीणों को राहत देना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। अभियान में दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस तकनीकी सहयोग दे रही है। पशु चिकित्सकों, वन अधिकारियों और प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारियों की टीम निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत कृष्णमृगों को पकड़ने, उनकी देखभाल और सुरक्षित परिवहन का काम कर रही है। वन विभाग के अनुसारए पूरी प्रक्रिया में वन्यजीवों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग से चल रहे अभियान में वन विभाग ने आमजन से टीम को सहयोग देने और वन्यजीवों की सुरक्षा बनाए रखने की अपील की है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अरविन्द शास्त्री पिता स्वर्गीय श्री रमाकांत शास्त्री निवासी-215, सेठी नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्रीहोल्ड राईट्स का भवन क्रमांक 18, 19 का पूर्व दिशा वाला भाग एवं नया भवन म्युनिसिपल क्रमांक 18 व 19/1, पुराना म्युनिसिपल क्रमांक 3/689 जिसका कुल क्षेत्रफल 60.20 वर्गमीटर स्थित राजाभाऊ महाकाल मार्ग, गली नंबर 01, उज्जैन (म.प्र.) जो कि वर्तमान में भूखण्ड की शक्ल में है, जिसके पूर्व में-राजाभाऊ महाकाल मार्ग गली क्रमांक 01, पश्चिम में-भवन का शेष भाग नागर साहब का, उत्तर में- भवन हीरे जी जेठाभाई का एवं दक्षिण में-गली क्रमांक 01 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांक:-19.10.2026

विवेक गुप्ता, एडवोकेट
11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.मो. 98272-28461

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा भरतपुरी उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत पिता स्व. रमेशचन्द्र जी रावत ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 यह कि, श्री लोकेश तेजवानी पिता श्री जीवत तेजवानी निवासी 7 एच.आइ.जी. मूनि नगर उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य का भुखण्ड क्रमांक 104 स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी ग्राम हक्कानीपुरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 78.04 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर-भूखण्ड क्रमांक 99, पश्चिम की ओर-रास्ता कॉलोनी का, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 103 तथा दक्षिण की ओर-भूखण्ड कमांक 105 स्थित है। 02 यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्री लोकेश तेजवानी पिता श्री जीवत तेजवानी निवासी-07, एच.आइ.जी. मूनि नगर उज्जैन मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो या किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

रसिक सुगन्धी अभिभाषक
अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन
मो.9827560776

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा भरतपुरी उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत पिता स्व. रमेशचन्द्र जी रावत ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 यह कि, श्री लोकेश तेजवानी पिता श्री जीवत तेजवानी निवासी एच.आइ.जी.भूमि नगर उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य का भुखण्ड क्रमांक 103 स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी ग्राम हक्कानीपुरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 78.04 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर भूखण्ड क्रमांक 100, पश्चिम की ओर-रास्ता कॉलोनी का, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 102 तथा दक्षिण की ओर-भूखण्ड क्रमांक 104 स्थित है। 02 यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्री लोकेश तेजवानी पिता श्री जीवत तेजवानी निवासी 07. एच.आइ.जी. मूनि नगर उज्जैन मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो या किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

रसिक सुगन्धी अभिभाषक
अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन
मो. 9827560776

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता देवीलाल पिता नानुरामजी निवासी ग्राम गोगापुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम नारायणखेडी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 141, 142/1 रकबा क्रमश: 0.93, 0.37 हैक्टयर कुल सर्वे नम्बर 02 कुल रकबा 1.30 हैक्टयर कृषि भूमि को कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा सौदा चिटठी निष्पादित करवा ली है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सहकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सौ सूचित हो। दिनांक-19-10-2026

अतुल लश्करी एडव्होकेट
कार्यालय- 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा
बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन
मो. 9669443020

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भूमि स्वामी लोकेन्द्रसिंह पिता श्री गजराजसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम तुलाहेडा तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 297/7/1 रकबा 0.93 हैक्टर मे से रकबा 0.20 हैक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.20 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम धन्नाखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आफ्ती रखें । अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो। दिनांक 19-10-2 026

मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 7999640229, 9669092880

न्यूज कॉलम



काश्यप की मातुश्री को जीतू जिराती एवं सैलाना विधायक डोडियार ने दी श्रद्धांजलि

रतलाम। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप की मातुश्री श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला अनवरत चल रहा है। शनिवार को राऊ के पूर्व विधायक जीतू जिराती, सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने श्री काश्यप के निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ मुंबई जे.के. संघवी, जावरा न.पा. के पूर्व अध्यक्ष अनिल दसेड़ा एवं नवदुर्गा उत्सव समिति जावरा के सदस्यगण, राजगढ़ के पूर्व जिला महामंत्री कैलाश सोनी, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी राधेश्याम पचवारिया, देवास के पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार, जवाहर व्यायामशाला के गौरव जाट, राजीव रावत, झाबुआ के प्रकाश कटारिया, ओबीसी मोर्चा नीमच प्रभारी अम्बालाल चौहान, मंदसौर के पूर्व जनपद अध्यक्ष शांतिलाल मालवीय, प्रदीप श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. ए.पी.सिंह, श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन श्रावक संघ स्टेशन रोड़ के ओम अग्रवाल, मांगीलाल जैन, डॉ. अंकित जैन, डॉ. रौनक जैन व पदाधिकारी, समाजसेवी उमेश झालानी, जिला पंचायत सदस्य चंदु मईड़ा, कांग्रेस नेता राजेश पुरोहित करमदी, शांतिलाल गोखरु, विनोद राठौड़, इंदौर ग्रामीण युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर, अक्षत चौधरी, जयवंत कोठारी, प्रहलाद राठौड़, जुबिन जैन, पवन सोमानी, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित आदि शामिल रहे।

संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का भव्य आगाज



मंदसौर। मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के तत्वावधान में महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, गांधी चौराहा पर प्राचीन एवं पारंपरिक खेल पिट्ठू की उज्जैन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए 136 खिलाड़ियों ने पूरी ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ रहे, जबकि अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष हेमन्त बूलचंदानी ने की। एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे, विश्व हिंदू परिषद विद्यार्थी प्रमुख गोपाल कुमावत, सुरेश बोराना भी मंचासीन रहे।

पुलिस ने दो माह में पीड़ितों के खाते में लौटाई सात लाख से अधिक की राशि

मंदसौर। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन और एएसपी तेरसिंह बघेल के मार्गदर्शन में सायबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड के शिकार हुए पीड़ितों को बड़ी राहत पहुंचाई है। पिछले दो महीनों के सतत प्रयासों से साइबर ठगी के विभिन्न प्रकरणों में कुल 7 लाख 71 हजार 925 रु. की राशि वापस दिलवाकर पीड़ितों के खातों में हस्तांतरित कराई गई है। भारतीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अंतर्गत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से वित्तीय और डिजिटल साक्ष्यों का मिलान कर यह सफलता हासिल की गई। मंदसौर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और अपनी गोपनीय वित्तीय जानकारी किसी से साझा न करें।

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने स्वच्छता दूतों का किया अभिनंदन



मंदसौर। स्थानीय स्नेह नगर स्थित अमलेश्वराय बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित नवरात्रि महोत्सव के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने शहर की सफाई व्यवस्था संभालने वाले स्वच्छता दूतों का भव्य स्वागत और सम्मान किया शाल व श्रीफल भेंटकर किया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद जाट ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी दिन-रात अपने कर्तव्यों का पालन कर शहर को स्वच्छ रखने वाले ये कर्मयोगी हमारे समाज का असली आधार हैं। जितेन्द्रसिंह पोरस ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ अम्बे की महाआरती के साथ हुआ। इस दौरान नरेन्द्रसिंह तोमर, श्यामलाल शर्मा, डॉ. अमोध बिहारी सक्सेना, मनोज माहेश्वरी, संजय जोशी, कैलाश मालवीय, बंशीलाल मालवीय, संदीप कच्छारा आदि उपस्थित थे। आभार जिला महामंत्री गोपालसिंह राजावत ने माना।

रतलाम में अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश

11 नकली आभूषण, चांदी के सिक्के, नकदी सहित तौल कांटा बरामद तीन महिलाओं समेत छह आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त पहरे के बीच रतलाम पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पदार्फाश किया है। असली बताकर नकली सोना-चांदी और आभूषण बेचने वाले इस शातिर गिरोह के तीन महिलाओं सहित कुल छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नकली आभूषण, चांदी के सिक्के, नकदी और तौल कांटा बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पिछले करीब ग्यारह दिनों से रतलाम शहर के महावीर नगर इलाके में एक किराए का मकान लेकर रह रहा था और क्षेत्र में लगातार रेकी कर बड़ी ठगी की साजिश रच रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब दो दिन पूर्व शुक्रवार को आरोपी कसेरा बाजार स्थित फरियादी मुस्तफा तांबावाला की बर्तन की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकान संचालक को नकली सोने का टुकड़ा असली बताकर ठगी का प्रयास किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के निर्देशन में थाना माणकचौक पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने महज दो दिनों के भीतर तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपियों को धर दबोचा।

रतलाम पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल होने वाली और लोगों को झांसा देने के लिए लाई गई सामग्री जब्त की है। आरोपियों से नकली सोने के आभूषण एवं मूर्ति जिनका कुल वजन 11.800 किलोग्राम, नकली चांदी के आभूषण कुल वजन 2.200 किलोग्राम, असली चांदी के सिक्के 09 नग कुल वजन 400 ग्राम, नकदी 30,000 और

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शातिर ठग शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी में सागर पिता गणेश राठौर, 29 वर्षीय निवासी आदर्श नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा, गणेश पिता गंगाराम राठौर उम्र 55 वर्ष निवासी आदर्श नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा, मानसिंह पिता वीरचन्द राय उम्र 36 वर्ष निवासी सरोजनी नगर कानपुर रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश के आरोपी शामिल है। इसके अलावा, गिरोह में शामिल उनके 3 महिला परिजनों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



रावण दहन की तैयारियों का कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण

नीमच। दशहरा पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने दशहरा मैदान में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं दशहरा समिति के सदस्यों को सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। डबल बैरिकेडिंगः दशहरा मैदान में सुरक्षा की दृष्टि से इनर एवं आउटर बैरिकेडिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि रावण दहन के दौरान कोई भी व्यक्ति रावण के पुतले तक नहीं पहुंच सके। मैदान में प्रवेश और बाहर निकलने के लिए अलग-अलग मार्गों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे। कलेक्टर ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। सभी नागरिक इस पर्व को सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं उत्साह के साथ मनाएं। आयोजन को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

युगोत्सव अंतर्गत की गुरू श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी म.सा. की आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के तत्वावधान में गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वर म.सा. के आगामी वर्ष 2027 में आने वाले 200वें जन्मोत्सव (युगोत्सव) के अंतर्गत घर-घर गुरु आराधना का क्रम जारी है। इसी कड़ी में नानालाल विजय कुमार सुराणा परिवार के संस्थान शिशुवन पर गुरु गुण इक्कीसा का पाठ, स्तवन, भक्ति और आरती का आयोजन किया गया।

श्री संघ के श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण किया और नवकार महामंत्र का स्मरण कर आरती की। लाभार्थी परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद के अध्यक्ष अजय फांफरिया व सचिव कमलेश सालेचा ने बताया कि वर्ष भर प्रत्येक सप्तमी पर ऐसे धार्मिक आयोजन निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान सुधीर लोढ़ा, गजेंद्र हिंगड़, मनोहर सोनगरा, संजय जैन श्वेता, संजय लोढ़ा, राजेंद्र नाहर, हस्तीमल नाहर, श्रेयांश हिंगड़, रोहित संघवी, नितेश पोरवाल, धर्मेंद्र कर्णावत, जयेश डांगी, अपूर्व डोसी, मनीष सगरावत, अजय चपरोत, दिलीप कर्नावट, हरीश चपरोत, अशोक कर्नावट, प्रदीप हिंगड़, अनिल चौधरी, बलवंत फाफरिया, अशोक खाबिया आदि समाजजन उपस्थित रहे।

आध्यात्मिक संवाद में आत्म मंथन और कर्तव्य पालन की बात

मंदसौर। आध्यात्मिक चेतना अभियान के तत्वावधान में आयोजित आध्यात्मिक संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने धर्म, कर्म और मानव जीवन के मूल्यों पर सारगर्भित विचार रखे। धर्मदर्शन के विद्वान पं. देवेश्वर जोशी ने कहा कि प्रभु की शरण में आने वाले व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है और कर्तव्य का पालन करने वाले को कभी पाप का भागी नहीं बनना पड़ता। प्रमुख वक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मनुष्य का विवेक काम, क्रोध, मोह और लोभ के कारण आवृत्त हो जाता है, इसलिए कषायों को संयम से निषिद्ध करना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल बैरागी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी हैसियत से परे प्रदर्शन करना हमेशा दुखदायी होता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

मंदसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में सेदरामाता और लदुना के बीच रविवार रात एक अज्ञात कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बालमुकुंद सूर्यवंशी (30 वर्ष) रतनपुरा का रहने वाला है और मजदूरी व ड्राइवरी का काम करता है।

कुंवर रणजीत शक्तावत ने गरबा उत्सव में भाग लेकर धर्म लाभ लिया



पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र का गांव सुठोद मैं हनुमान चौक बस स्टैंड पर मां नवदुर्गा गरबा उत्सव समिति के द्वारा आयोजित गरबा उत्सव में नीमच,मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय नेता और हम सबके नेता गरीबों के नेता,युवाओं के नेता कुंवर रणजीत सिंह जी शक्तावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए एवं माँ की पूजा,अर्चना,आरती करने के साथ ही साथ गांव में सुख,शांति एवं समृद्धि का वातावरण निर्मित हो इस हेतु मातेश्वरी से प्रार्थना की।



नवरात्रि पर्व भक्तिभाव, अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर (धार)

मध्य प्रदेश का अति प्राचीनतम मां चामुंडा मंदिर हमेशा से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अगाध आस्था और शक्ति का एक प्रमुख केंद्र रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहाँ शारदीय नवरात्रि पर्व अत्यधिक भक्ति भाव, अपार श्रद्धा और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

नवरात्रि के दौरान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा, जहाँ श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। अति प्राचीन मां चामुंडा मंदिर हमेशा से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अगाध आस्था और शक्ति का एक प्रमुख केंद्र रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजनों की धूम रही, जिसमें प्रतिदिन के गरबा रास सहित महा आरती, छप्पन भोग, कन्या पूजन, कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया।

इस आयोजन से जुड़ी कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैंः अगाध आस्था का केंद्रः मां चामुंडा का यह प्राचीन मंदिर मनावर और आसपास के पूरे धार जिले के श्रद्धालुओं के लिए बेहद पूजनीय है, जहां लोग दूर-दूर से मन्नतें लेकर आते हैं। भव्य छप्पन भोगः माता जी को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग लगाया गया, जो देखने में अत्यंत आकर्षक और भक्तिमय था। सनातन परंपरा के अनुसार, नौ कन्याओं को आदि शक्ति का रूप मानकर उनका पूजन किया गया और उन्हें आदरपूर्वक भोजन कराया गया। महाप्रसाद (भंडारे) में हजारों की संख्या में स्थानीय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। यह जानकारी बहुत ही सुंदर और भक्तिमय है। मनावर का मां चामुंडा मंदिर वाकई में क्षेत्र के लोगों की आस्था का एक बड़ा स्तंभ है, और नवरात्र या ऐसे विशेष अवसरों पर यहाँ का माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है।

प्रेमिका की जिद से परेशान होकर की थी हत्या आरोपी को न्यायालय ने सुनाई दोहरे आजीवन कारावास की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



जिले के रावटी में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड का फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अनुसूचित जनजाति की महिला की हत्या के मामले में विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। इस कड़े फैसले से न्याय की जीत हुई है और अपराधियों में कड़ा संदेश गया है।

यह था पूरा मामला?

प्रकरण के अनुसार, घटना 6 जुलाई 2025 की है। मृतिका रावटी गई थी और वापस नहीं लौटी। इसके अगले दिन यानी 7 जुलाई 2025 को उसकी लाश ग्राम पाडलियाघाटा (शिवगढ़-बाजना रोड, सोगल डुंगरी घाट रोड के किनारे) बरामद हुई थी। पुलिस ने मृतिका की शिनाख्त उसके पति और भाई के माध्यम से करवाई। जांच के दौरान एक चश्मदीद गवाह ने पुलिस को बताया कि उसने घटना से पहले मृतिका को आरोपी दशरथ गुर्जर के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर रावटी से बाजना की तरफ जाते देखा था।

पूछताछ में आरोपी ने उगला सच- पुलिस ने संदेही आरोपी दशरथ पिता बल्लू गुर्जर (उम्र 46 वर्ष, निवासी-ग्राम बायडी, तहसील सैलाना, थाना शिवगढ़, जिला रतलाम) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि मृतिका उसकी प्रेमिका थी और उसने फोन कर मिलने बुलाया था। आरोपी उसे मोटरसाइकिल (होंडा शाइन) पर बिठाकर सोगल डुगरी घाट के सुनसान जंगल में ले गया। वहां संबंध बनाने के बाद जब मृतिका ने उसके साथ पत्नी बनकर घर पर रहने की जिद की, तो आरोपी ने घर पर पत्नी-बच्चों का हवाला देकर उसे जाने को कहा। मृतिका के न मानने पर और जिद करने पर गुस्से में आकर आरोपी ने उसके ही दुपट्टे से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका मोबाइल लेकर फरार हो गया था। मामला दर्ज कर पुलिस ने संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था।

नपा ने किया 32 रू. लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



मंदसौर। नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा स्थानीय खानपुरा क्षेत्र के दो में 32 लाख रु. की लागत से होने वाले दो विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्र. 32 में तीन छत्री बालाजी मंदिर के पास मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए 22 लाख रु. की लागत से रिटेनिंग वॉल और वार्ड क्र. 33 के अशोक नगर में 9.54 लाख रु. की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कराया जाएगा। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य तथा नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भागवताचार्य पं. विष्णु शर्मा, मंदिर के महंत रामकिशोरदासजी महाराज, भाजपा जिला महामंत्री महेश जुनवाल, मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार सहित कई गणमान्य नागरिक और पार्षद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद ने कमल चौक खानपुरा में शेड निर्माण के लिए अपनी निधि से राशि देने की घोषणा भी की।

जयपुर में रितुराज की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़

राजस्थान की राजधानी जयपुर के मुहाना थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में कथित मारपीट और थर्ड डिग्री टॉर्चर के बाद मध्य प्रदेश के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मनासा खुर्द ग्राम पंचायत के निवासी नाबालिग ऋतुराज की मौत के मामले में कांग्रेस ने न्याय की मांग उठाई है। सोमवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने ऋतुराज के परिजनों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस सचिव द्वय सोमिल नाहटा,परशुराम सिसोदिया, प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष चंचलेश व्यास,सह सचिव मुकेश निडर,जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,पिपलिया मंडी नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा कांग्रेस नेता ईशरत शेख,राज नागदा सहित कांग्रेसजन ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। परिजनों के आरोपों के अनुसार, ऋतुराज के साथ मुहाना थाने में



मारपीट की गई तथा उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया गया। इसके बाद उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई और उसे करीब 11 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहकर उपचार कराना पड़ा। परिजनों के अनुसार, इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग निजी अस्पतालों में उसका उपचार करवाया और इलाज का खर्च भी उठाया। अंततः रितुराज की मौत हो गई।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस पूरे मामले से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा को अवगत कराते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग रखी।

कांग्रेस नेताओं ने राजस्थान प्रशासन से मांग की कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यह भी जांच हो कि नाबालिग ऋतुराज को कथित तौर पर बिना एफआईआर और उचित कानूनी प्रक्रिया के थाने में क्यों रखा गया। मामले में जिन पुलिसकर्मियों या अन्य व्यक्तियों की भूमिका सामने आए, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन तत्काल प्रभावी कदम उठाए।

प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। यदि परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जयपुर पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेगा और न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाएगा।

बजरंग कॉलोनी में होगा विशाल रावण दहन

तराना। बजरंग कॉलोनी के महाराजा दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के अवसर पर 21 अक्टूबर, बुधवार को बजरंग कॉलोनी स्थित स्टेडियम में विशाल रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में गुजरात से पधार रहे सनातन संघ भारत के चेयरमैन एवं हिंदू हृदय सम्राट श्री उपदेश राणा तथा उज्जैन-आलोट क्षेत्र के सांसद श्री अनिल फिरोजिया विशेष रूप से शामिल होंगे। समिति के आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष रावण दहन कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम में रावण दहन के साथ आकर्षक, मनमोहक एवं हैरतअंगेज आतिशबाजी भी प्रमुख आकर्षण रहेगी। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।

उदनखेडी में स्वामित्व योजना के कार्य का निरीक्षण



उदनखेड़ी। शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के पारदर्शी और तीव्र क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जय सोलंकी ने ग्राम उदनखेडी पहुंचकर स्वामित्व योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जय सोलंकी ने ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का मालिकाना हक देने वाली स्वामित्व रजिस्ट्री और संपत्ति पत्रों की तैयारी से जुडे रिकॉर्ड्स का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित कोई भी पात्र ग्रामीण छूटना नहीं चाहिए।

शासन की योजनाएं किसानों तक नहीं पहुँचती

सारंगपुर। कृषि भारत देश की रीढ़ मानी जाती है और सरकारें समय-समय पर किसानों की आय बढाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनेक योजनाएं चलाती हैं। सारंगपुर क्षेत्र में भी करीब 80 फीसदी आय का साधन कृषि ही है, लेकिन विकासखंड सारंगपुर में जमीनी हकीकत यह है कि कृषि विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए सबसे जरूरी तंत्र यानी कृषि विभाग का अमला (स्टाफ) ही पर्याप्त नहीं है। जिसकी वजह से क्षेत्र के किसानों तक शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पा रही हैं।

सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर एवं एसपी अलर्ट मोड पर



राजगढ़-ब्यावरा। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने जिला मुख्यालय राजगढ़ तथा खिलचीपुर में मूर्ति विसर्जन स्थलों और दशहरा मैदानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने छोटे पुल के समीप मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा विसर्जन के दौरान किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान का निरीक्षण कर रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

रथ में विराजित होकर निकलेंगे प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी

आज धूमधाम से मनेगा दशहरा, 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर में 20 अक्टूबर को पारंपरिक उत्साह, धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। पर्व के दौरान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी रथ में विराजित होकर श्रीराम की सेना के साथ चल समारोह में शामिल होंगे। नगर के प्रमुख मार्गों से निकलने वाला यह चल समारोह पुरानी तहसील रोड स्थित दशहरा मैदान पहुंचेगा, जहां भजन संध्या, विशेष पूजा-अर्चना और आकर्षक आतिशबाजी के बीच रावण दहन का आयोजन होगा। इस बार कार्यक्रम स्थल पर दो एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी, ताकि उपस्थित श्रद्धालु आयोजन को बेहतर तरीके से देख सकें।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष मांगीलाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर को शाम 4 बजे शुक्रवारिया बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से दशहरा चल समारोह की शुरूआत होगी। चल समारोह में रथ पर प्रभु



श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी विराजित रहेंगे। श्रीराम की सेना के साथ निकलने वाला यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी तहसील रोड स्थित दशहरा मैदान पहुंचेगा। यहां परंपरानुसार धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना के बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर आयोजन समिति एवं नगर परिषद द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

दशहरा चल समारोह इस बार भी धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रमुख आकर्षण रहेगा। शुक्रवारिया बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होने वाले चल समारोह में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी रथ में विराजित रहेंगे। श्रीराम की सेना के साथ निकलने वाला चल समारोह नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। चल समारोह के दशहरा मैदान पहुंचने के बाद धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके बाद 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

भजन संध्या में गूंजेंगे भक्ति के स्वर

दशहरा मैदान पर आयोजित भजन संध्या में भोपाल की भजन गायिका नम्रता कुशवाह अपनी प्रस्तुतियां देंगी। उनके भजनों के माध्यम से श्रद्धालु भक्तिरस का आनंद लेंगे। भजन संध्या के साथ ही आयोजन स्थल पर धार्मिक वातावरण रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसके बाद रावण दहन होगा। आयोजन को आकर्षक बनाने के लिए रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी।

स्कूल के सामने कचरे की समस्या को लेकर छात्र संगठन धरने पर बैठा

■ 22 अक्टूबर तक कचरा घर तोड़ने का लिखित आश्वासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

शासकीय विद्यालय मलावर के सामने कचरे की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई नगर इकाई मलावर द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई ने विद्यालय के सामने कचरा डाले जाने से विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी को उठाते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

धरने के दौरान मलावर थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सरपंच रोड़जी भिलाला द्वारा एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर को लिखित आवेदन देकर



आश्वासन दिया गया कि 22 अक्टूबर 2026 तक कचरा घर को तोड़ दिया जाएगा तथा भविष्य में उक्त स्थान पर कचरा नहीं डाला जाएगा। वही शासकीय विद्यालय के प्राचार्य हितेन्द्र नागर ने भी आश्वासन दिया कि भविष्य में विद्यालय के सामने कचरा नहीं होगा। यदि आगे यहां कचरा डाला जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी रहेगी। इसके साथ ही मलावर थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने भी उक्त स्थान पर कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया, ताकि भविष्य में वहां कचरा डालने की घटनाओं पर निगरानी रखी जा सके। लिखित आश्वासन मिलने और संबंधित अधिकारियों द्वारा समाधान के लिए भरोसा दिए जाने के बाद एनएसयूआई ने धरना समाप्त कर दिया। संगठन का उद्देश्य केवल अस्थायी रूप से सफाई करवाना नहीं, बल्कि विद्यालय के सामने कचरे की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

वार्ड 10 के पीएम श्री मा.वि. के लिए 3.46 लाख रू. का बजट स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

वार्ड क्रमांक 10 स्थित पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय, ग्रुप शाला में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से 3 लाख 46 हजार 370 की राशि का बजट स्वीकृत किया गया है। इस स्वीकृति पर वार्ड 10 की पार्षद दुर्गा राठौर ने जनप्रतिनिधियों के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। पार्षद दुर्गा राठौर ने कहा कि इस राशि से विद्यालय में लाइब्रेरी ग्रांट, यूथ एवं इको क्लब, खेल सामग्री, सेल्फी पॉइंट, साइंस सर्कलि, मैथ्स सर्किल, एलईडी सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इन सुविधाओं से विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद, विज्ञान, गणित एवं व्यावहारिक ज्ञान से जुडी गतिविधियों में भाग लेने के बेहतर अवसर मिलेंगे। पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर ने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण से बच्चों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं सीखने की क्षमता को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले ऐसे प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रीमती राठौर ने वार्ड के विद्यालय में विद्यार्थियों के हित में बजट स्वीकृत करवाने एवं शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्यमंत्री का पुनः आभार व्यक्त किया।

ग्रामीण डाकघरों में भी स्थिति राम भरोसे

डिजिटल इंडिया के दौर में पेन से लिखी जा रही पासबुक, उपभोक्ताओं को सताता है डर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

एक तरफ सरकार पूरे देश को डिजिटल बनाने और डाकघरों को बैंकों की तर्ज पर हाईटेक सुविधाएं देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय डाकघरों की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है।

सारंगपुर डाकघर के अंतर्गत आने वाले करीब दर्जनभर आसपास के ग्रामीण इलाकों के डाकघरों में डिजिटल व्यवस्था के कोई अते-पते नहीं है और कंप्यूटर तक नहीं हैं। दर्जनों गांवों के हजारों उपभोक्ताओं के खातों का हिसाब-किताब आज भी हाथ से पेन द्वारा लिखा जा रहा है।

उपभोक्ताओं में बढा आक्रोश और असुरक्षा का डर

हाथ से की जा रही इन हस्तलिखित एंट्रियों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। उपभोक्ता जीवन सिंह सोलंकी, बाबूलाल मालवीय, महेश खाती, सचिन गुर्जर आदि का कहना है कि आज के दौर में जहां ऑनलाइन फ्रॉड और वित्तीय धोखाधडी के मामले लगातार बढ रहे हैं, ऐसे में पेन से लिखी गई।

क्षेत्र के डाकघरों से दर्जनों गांव जुडे हुए हैं, जहां के ग्रामीण बचत खाते, सुकन्या समृद्धि योजना, आवर्ती जमा, किसान सम्मान निधि और बुजुर्गों की पेंशन, बीमा के लेन-देन के लिए पूरी तरह इन्हीं पर निर्भर हैं।

हाईस्कूल बापचा में शुरू हुआ आनंदम केंद्र, राज्य आनंद संस्थान से मिली प्रेरणा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

माँ शारदा आनंद क्लब शासकीय नवीन हाईस्कूल बापचा बड़ौद द्वारा संचालित आनंदम केंद्र का औपचारिक शुभारंभ कार्यक्रम अनिल कुमार दामके विकास खंड शिक्षा अधिकारी बड़ौद एवं संकुल प्राचार्य सांदीपनी शासकीय उमावि बड़ौद के मुख्य आतिथ्य तथा विद्यालय के पूर्व प्राचार्य संतोष कुमार जैन के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ ।

ये प्रकल्प राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश भोपाल की आनंदम केंद्र अवधारणा तथा सेवा संकल्प अभियान द्वारा प्रेरित है जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं और अभिभावकों में देने के भाव से आनंद की अनुभूति करवाना है



। संस्था प्राचार्य एवं जिला आनंदम प्रभारी कैलाश भावसार ने अतिथि परिचय के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। जनशिक्षक एवं जिला आनंदम दल के मास्टर ट्रेनर मनीष परमार ने आनंद विभाग का परिचय देते हुए आनंदम केंद्र की अवधारणा, उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि देने से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और वस्तुओं का सदुपयोग होता है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर क्लब संरक्षक व सरपंच प्रतिनिधि बालूसिंह परिहार, उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार जोशी, ग्राम प्रभारी बद्री सिंह परिहार, क्लब सदस्य एवं शिक्षक कालूराम दांगी , तृषि श्रृंगी, दशरथ सिंह परिहार तथा सांदीपनि विद्यालय से हितेश शर्मा उपस्थिति थे। आभार शिक्षक उमाशंकर शर्मा ने व्यक्ति किया।

अपराधों पर अंकुश और कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता-एसडीओपी

सारंगपुर। सारंगपुर अनुभाग में नवागत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेश सुनईया ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने अपनी कार्य प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए साफ संदेश दिया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत एसडीओपी महेश सुनईया ने अनुभाग के अधीनस्थ थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मचारियों से परिचयात्मक मुलाकात की तथा क्षेत्र की भौगोलिक व सामाजिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में शांति व सौहार्द का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ कार्य करे।

नवागत एसडीओपी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व नजर आएं, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

अवैध गतिविधियों पर कसेगा शिकंजा

क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशीले पदार्थों की बिक्री और भू-माफियाओं जैसी असामाजिक गतिविधियों पर कडी कार्रवाई के संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

शीतला मैया को अर्पित की 51 मीटर लंबी चुनरी

सुसनेर। नगर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सर्वमंगल की कामना को लेकर शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर भव्य चुनर यात्रा निकाली गई। पंडित जगदीशानंद जोशी के सानिध्य में परसुलिया रोड स्थित विद्युत मंडल कार्यालय परिसर के नवदुर्गा माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा मेला ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर पहुंची। यहां नगर की महारानी शीतला मैया को 51 मीटर लंबी चुनरी अर्पित कर श्रद्धालुओं ने नगर की खुशहाली की कामना की। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर चुनरी थामे माता रानी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्युत मंडल परिसर स्थित नवदुर्गा माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ चुनर यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शुरू होते ही बारिश होने लगी, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। बरसते पानी के बीच श्रद्धालु चुनरी थामे माता रानी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

जहांगीरपुरा में शासकीय भूमि को निजी बनाकर विक्रय कर दी

■ पुलिस ने किया 420 का प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

आवेदक शेख कय्यूम पिता शेख हनीफ जाति मुसलमान निवासी कस्बा बडौद ने अनावेदक सुजानलाल पिता सेवा जी बागरी निवासी ग्राम जहाँगीरपुरा के विरूद्ध शिकायती आवेदन पत्र दिया था आवेदन पत्र जाँच मे आवेदक शेख कय्यूम पिता शेख हनीफ , ईश्वर पिता बगदूराम सिलोरिया, मनोज कुमार पिता सोहनलाल भावसार, मुकेश शर्मा पिता नंदलाल शर्मा निवासीगण बडौद , सुरेश पिता अर्जुन बंजारा निवासी कडवाला बडौद से पूछताछ कर कथन लेख कथनो मे बताया कि अनावेदक सुजानलाल पिता सेवा जी बागरी निवासी ग्राम जहाँगीरपुरा हाल मेला ग्राउण्ड बडौद के व्दारा भूमि सर्वे नंबर 1180 जो कि वर्ष 2010 के पूर्व भूमि स्वामी सुजनालाल , धापूबाई, लीलाबाई के शामिलाती खाते मे थी उक्त भूमि को वर्ष 2010 मे उक्त सर्वे नंबर 1180 भूमि मे से लीलाबाई पिता सेवा जी बागरी तथा धापूबाई वेवा सेवा जी बागरी का हकत्याग पत्र करवाकर संपूर्ण जमीन पर सुजान लाल पिता सेवा जी बागरी ने अपने नाम से करवाकर अहसतातंरणीय भूमि को हस्तातरणीय करवाया था जिसके बाद अनावेदक सुजानलाल ने उक्त सर्वे नंबर 1180 का कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर मे से शेख कय्यूम को 0.01 हेक्टेयर, ईश्वर सिंलोरिया को 0.01 हेक्टेयर ,मुकेश शर्मा को 0.40 हेक्टेयर , मनोज भावसार को 0.03 हेक्टेयर, सुरेश बंजारा को 1250 वर्ग फिट प्लाट विक्रय कर रजिस्ट्री कराई थी किसी का भी नामातरण नही करवाया था बर्ष 2012 से उक्त भूमि को सुजान लाल ने बर्ष 2017 तक विक्रय कर रजिस्ट्री करवाई गई । 19.11.2021 को अनावेदक सुजानलाल बागरी ने एक शपथपत्र स्टाम्प पर नोटरी करवाकर नामातरण करवाने हेतू शपथ किया गया था जिसमे लेख किया गया था कि कय्यूम खाँ के नाम से नामातरण किया जाता है तो इसमे मुझे कोई आपत्ति नही होगी उक्त नामातरण से सहमत हुँ व वर्ष 2023 मे अनावेदक सुजानलाल द्वारा तहसील बडौद मे आवेदन देकर उक्त सर्वे नंबर 1180 भूमि पर अपनी माँ धापूबाई व बहन लीलाबाई के नाम पुन जुडवाया गया तथा भूमि को अहसतातंरणीय भूमि स्वामी दर्ज करवाया गया ।

क्रय प्लाट पर निर्माण न करने की धमकी

क्रय प्लाट भूमि पर निर्माण नही करने देने व एव गाली गलौच करने तथा एससीएसटी एक्ट मे फसवाने की धमकी देने जबकि सुजानलाल पिता सेवा जी जाति बागरी निवासी ग्राम जहांगीरपूरा से उसके स्वामीत्व की भूमि सर्वे क्रमांक 1180 मिन 2 रकबा 0.90 मे से 0.01 हैक्टर या भूमि कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट प्लाट भूमि को जर्ये क्रय कर के प्राप्त किया है।



दो स्थानों पर कन्या पूजन के साथ हुए भंडारे के आयोजन श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

महिदपुर रोड। शनिवार को नगर के कृष्णा नगर स्थित माता प्रांगण तथा सजदेव नगर स्थित एंजल्स मां दुर्गा अन्नपूर्णा सेवा ग्रुप द्वारा शाम के समय कन्या भोज के साथ नगर सहित आस पास के गांवों के माता भक्तों को कन्या पूजन के बाद भंडारा आयोजित कर भोजन कराया गया रविवार को नवरात्रि का व्रत करने वाले परिवारों की और से कन्याओं को आमंत्रित कर उनके पैर पूज कर उन्हें मीठे पकवानों का भोजन कराया गया पंचायत परिसर सहित अन्य तीन चार धार्मिक आयोजन स्थलों पर रोजाना रात्रि में बड़ी संख्या में बेटियां गुजराती गरबे के आयोजनों में शामिल हो रही है नवरात्रि कीअंतिम तिथि पर मंगलवार को नवदुर्गा उत्सव आयोजन समिति द्वारा बेटियों तथा गरबे में शामिल होने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में नवरात्रि पर महाआरती के साथ गरबा नृत्य का आयोजन



महिदपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सप्तमी के अवसर पर माता कालरात्रि की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें अरुण बुरड़ एवं कैलाश बागाना शामिल हुए। आरती के पश्चात ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने माता कालरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर अंधकार के बाद सवेरा होता है। माता कालरात्रि हमें प्रेरणा देती हैं कि जीवन में आने वाली बाधाओं और निराशाओं से घबराए बिना आगे बढ़ते रहना चाहिए। निरंतर प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। अरुण बुरड़ ने कहा कि माता कालरात्रि हमें भय, चिंता और डर से दूर रहकर आशावादी सोच के साथ जीवन जीने का संदेश देती हैं। वहीं, कैलाश बागाना ने संस्था की गतिविधियों एवं बहनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान गरबा नृत्य का आयोजन भी हुआ। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

तेज हवा के साथ झमाझम बारिश, नवरात्रि के पंडालों की व्यवस्थाएं प्रभावित



सुसनेर शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर रविवार रात करीब 9 बजे नगर में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। अचानक बदले मौसम के कारण नगर में कई स्थानों पर पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं बारिश और तेज हवाओं के चलते माता मंदिरों एवं विभिन्न स्थानों पर सजाए गए दुर्गा पूजा पंडालों की व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। नवरात्रि के चलते नगर के विभिन्न मंदिरों और पंडालों में धार्मिक आयोजन चल रहे थे। इसी दौरान तेज हवा और बारिश होने से आयोजन स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा तथा श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अष्टमी के अवसर पर मंदिरों में दर्शन और धार्मिक आयोजनों के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं के बीच मौसम के अचानक बदले मिजाज का असर देखने को मिला।

विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का पथ संचलन



सुसनेर। विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी द्वारा नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मालीपुरा धर्मशाला में श्रीराम दरबार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद दुर्गा वाहिनी की कार्यकताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला। आयोजन में संगठन की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भरत भावसार उपस्थित रहे। वहीं मंच पर जिला सह-संयोजिका रोशनी दीदी माली एवं प्रखंड सह-संयोजिका पूजा दीदी कानुडिया मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष दुर्गा दीदी गुवाटिया ने किया। मालीपुरा धर्मशाला से प्रारंभ हुआ पथ संचलन इतवारी बाजार, बड़ा जैन मंदिर, सराफा बाजार, शुक्रवारीया बाजार, स्टेट बैंक चौराहा, हाथी दरवाजा, पांच पुलिया एवं साईं चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इसके बाद पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन के दौरान दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया।

भाजपा नेता जाकिर भाई का निधन



सारंगपुर। सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 13 के बूथ अध्यक्ष व भाजपा नेता जाकिर भाई का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे शहर में शोक की लहर दौड गई। जाकिर भाई अपने मिलनसार और मददगार स्वभाव के कारण हर वर्ग में लोकप्रिय थे। मुकेरवाडी कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, अनूप पालीवाल, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष डॉ. सलीम खान व मुस्लिम समाजजनों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौसम बदलते ही घुटने-कंधे में होने लगता है दर्द?

मौसम बदलने और शारीरिक गतिविधि घटने से जोड़ों में दर्द व अकड़न बढ़ सकती है, हालांकि यह गठिया का कारण नहीं है। जोड़ों की मजबूती के लिए नियमित हल्का व्यायाम और पोषक खान-पान जरूरी है। यदि दर्द या सूजन लंबे समय तक रहे, तो इसे सामान्य न मानकर डॉक्टर को दिखाएं।

मौसम बदलने पर घुटनों, कंधों या कमर में दर्द और अकड़न बढ़ना आम बात है। कई लोगों को ठंड बढ़ने या हवा में नमी ज्यादा होने पर जोड़ों का दर्द पहले से ज्यादा महसूस होता है। हालांकि, ठंड या नमी से गठिया नहीं होता, लेकिन मौसम में बदलाव से पहले से मौजूद हड्डियों और जोड़ों की समस्या का दर्द और अकड़न बढ़ सकती है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सर्वोदय अस्पताल के हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के एसोसिएट डायरेक्टर और हेड डॉ. अंकुर सिंह ने एनडीटीवी के साथकस इस मुद्दे पर अपनी राय साझा की। उन्होंने बताया कि मौसम बदलने पर जोड़ों में दर्द और अकड़न क्यों बढ़ती है और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।





मौसम बदलने पर जोड़ों में अकड़न क्यों बढ़ती है?



तापमान में बदलाव, कम शारीरिक गतिविधि, रोजमर्रा की दिनचर्या में बदलाव और मांसपेशियों में होने वाले बदलाव जोड़ों की परेशानी बढ़ा सकते हैं। मौसम बदलने का सबसे साफ असर जोड़ों में अकड़न के रूप में दिख सकता है। ठंड में लंबे समय तक बैठे या बिना ज्यादा हिले-डुले रहने पर मांसपेशियां और शरीर के आसपास के नरम हिस्से ज्यादा खिंचे हुए महसूस हो सकते हैं। जिन लोगों को पहले से घुटनों में घिसाव या जोड़ों से जुड़ी दूसरी परेशानी है, उनमें यह समस्या ज्यादा महसूस हो सकती है। ऐसे में कुर्सी से उठना, सीढ़ियां चढ़ना या लंबे समय तक चलना भी मुश्किल लग सकता है।

हवा के दबाव से भी बढ़ सकता है जोड़ों का दर्द?- हवा के दबाव में बदलाव को भी कई बार जोड़ों के बढ़ते दर्द से जोड़ा जाता है। गठिया से परेशान कुछ लोगों का कहना है कि मौसम बदलने से पहले उन्हें जोड़ों में दर्द या अकड़न महसूस होने लगती है। हालांकि, मौसम के दबाव में बदलाव और जोड़ों के दर्द के बीच ऐसा संबंध क्यों है, इसका सही कारण अभी पूरी तरह साफ नहीं है। इस पर अभी भी शोध किया जा रहा है। लेकिन एक बात साफ है कि मौसम बदलने से दर्द या अकड़न बढ़ सकती है। इसका मतलब यह नहीं है कि मौसम की वजह से गठिया होता है या बीमारी बढ़ती है।

मौसम खराब होने पर कम चलना-फिरना भी बढ़ा सकता है दर्द


मौसम का असर सिर्फ ठंड या हवा के दबाव तक सीमित नहीं है। बहुत ठंड, ज्यादा गर्मी या बारिश के दौरान लोग घर के अंदर ज्यादा समय बिताते हैं और पहले के मुकाबले कम चलते-फिरते हैं। लंबे समय तक कम चलने-फिरने से मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, शरीर का लचीलापन कम हो सकता है और जोड़ों में अकड़न बढ़ सकती है। इसका असर खासतौर पर घुटनों, कूल्हों और रीढ़ जैसे हिस्सों पर पड़ सकता है, जिन पर हमारे शरीर का वजन रहता है। इन हिस्सों को मजबूत रखने के लिए आसपास की मांसपेशियों का मजबूत होना जरूरी है।

मौसम बदलने पर भी चलते-फिरते रहें

मौसम बदलने पर जोड़ों में दर्द होने पर पूरी तरह से चलना-फिरना बंद कर देना सही तरीका नहीं है। इसके बजाय मौसम और अपनी परेशानी के हिसाब से एक्सरसाइज करनी चाहिए। एक्सरसाइज शुरू करने से पहले हल्का वार्म-अप करने से मांसपेशियों और जोड़ों को तैयार करने में मदद मिल सकती है। पैदल चलना, एक ही जगह रखी जाने वाली साइकिल चलाना, हल्की स्ट्रेचिंग और दूसरे हल्के व्यायाम शरीर को सक्रिय रखने में मदद कर सकते हैं। अगर पहले से जोड़ों की समस्या है, तो लंबे समय तक आराम करने के बाद अचानक बहुत ज्यादा या मुश्किल एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए। एक्सरसाइज का टाइम धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए।

हड्डियों और मांसपेशियों के लिए सही खान-पान भी जरूरी- हड्डियों और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में खान-पान की भी अहम भूमिका है। शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी और दूसरे जरूरी पोषक तत्व मिलने चाहिए। कुछ मौसमों में धूप कम मिलने के कारण कुछ लोगों में विटामिन डी की कमी हो सकती है। हालांकि, बिना अपनी जरूरत और पोषण की स्थिति जाने खुद से विटामिन डी की गोलियां या सप्लीमेंट लेना सही नहीं है।

सर्दी-खांसी और गले की खराश से राहत दिलाएंगे ये आसान घरेलू उपाय



बदलते मौसम में सर्दी, खांसी और गले की खराश से राहत पाने के लिए हमेशा एंटीबायोटिक्स की जरूरत नहीं होती। इसके लिए तुलसी और काली मिर्च का काढ़ा, गुनगुने नमक के पानी से गरारे और शहद का सेवन जैसे घरेलू उपाय काफी असरदार होते हैं।

बदलते मौसम में कई सारी बीमारियों का जन्म देता है। इस दौरान सर्दी-खांसी और जुकाम होना आम बात है। इस समय में मौसम में काफी बदलाव हुआ है, जिस कारण से एलर्जी और संक्रमण भी काफी फैल रहा है। वर्तमान में सर्दी-खांसी के साथ ही गले में खराश की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही गले में दर्द, कुछ खाने-पीने में परेशानी और यहां तक कि बोलने में भी तकलीफ होने लगती है। असल में गले में खराश हमेशा बैक्टीरियल संक्रमण के कारण ही नहीं होती, कई मामलों में इसके पीछे वायरल संक्रमण भी हो सकता है। ऐसे में हर बार एंटीबायोटिक्स लेने की जरुरत नहीं होती है। वैसे आपको इन दवाओं का सेवन डॉक्टर की सलाह पर करना चाहिए। आइए आपको इस लेख में बताते हैं कि सर्दी-खांसी और गले की खराश होने पर इनसे कैसे आराम पाएं?

तुलसी और काली मिर्च का काढ़ा

अगर आप काफी समय से सर्दी-खांसी से परेशान है, तो आप तुलसी और काली मिर्च से बना गर्म पेय पी सकते हैं। यह आपको काफी आराम देगा।

- इसे बनाने के लिए आपको चाहिए एक कप पानी में 5-6 तुलसी के पत्ते और 4-5 काली मिर्च डालकर उबालें। मसालेखरीदें

- अब पानी को छानकर गुनगुना होने पर पिएं। - गले की समस्याओं से राहत देने में फायदेमंद तरीका माना जाता है।

नमक वाले पानी से करें गरारे

अगर आपके गले में खराश और दर्द हो रहा है, तो आप गुनगुने नमक वाले पानी से गरारे कर सकते हैं। यह एक आसान घरेलू उपाय है, जो गले की असहजता को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में करीब आधा चम्मच नमक मिलाएं। नमक के पूरी तरह घुल जाने के बाद इससे गरारे कर सकते हैं। जरुरत के मुताबिक दिन में दो-तीन बार ऐसा कर सकते हैं। गले में खराश और खांसी से राहत पाने के लिए आप शहद का सेवन कर सकते हैं। शहद गले को आराम पहुंचाने और खांसी की परेशानी कम करने में मदद करता है। यदि आपके गले में खराश है, तो आप थोड़ी मात्रा में शहद का सेवन कर सकते हैं।

Sport

वनडे में दोहरा शतक जड़ने के बाद मैदान पर

शुभमन गिल की रणजी ट्राफी के दूसरे दौर में वापसी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की पंजाब की तरफ से रणजी ट्रॉफी में वापसी रविवार से देशभर में शुरू होने वाले इस घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दूसरे दौर का मुख्य आकर्षण होगी। गिल पंजाब के पहले दौर के मैच में नहीं खेल पाए थे। उनकी अनुपस्थिति में भारत की अंडर19 टीम के पूर्व कप्तान उदय सहारन ने टीम की कप्तानी की। इस मैच में पंजाब ने असम के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए थे। सत्र के दूसरे दौर में पंजाब का सामना छत्तीसगढ़ से होगा।

गिल का हाल में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 334 रन बनाए। गिल ने दूसरे वनडे में 133 गेंदों पर नाबाद 223 रन बनाए और इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। ग्रुप बी के एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल के नेतृत्व में अलूर में सौराष्ट्र का सामना करेगा। इस मैच में उसे बल्लेबाज रविचंद्रन स्मरण की कमी खलेगी जिन्हें न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है।

कर्नाटक को हालांकि चोट से उबरने वाले प्रमुख तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा और वैशाक विजयकुमार की वापसी से मजबूती मिलेगी। ग्रुप बी में शीर्ष पर काबिज हैदराबाद की टीम आंध्र के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। उसने पहले मैच में त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया था। ग्रुप डी में मुंबई की टीम हिमाचल प्रदेश के खिलाफ उपकप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के बिना खेलेगी जो चोटिल हैं।

गुजरात और बंगाल ने अपने पहले मैचों में जीत हासिल की

गुजरात और बंगाल ने अपने पहले मैचों में जीत हासिल की थी। बंगाल ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को नौ विकेट से हराया था। ग्रुप ए में उत्तर प्रदेश ने बिहार को पारी और 267 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी और अब उसका मुकाबला गोवा से होगा। दूसरी तरफ गोवा अपने पहले मैच में बड़ौदा के खिलाफ पारी और 135 रन की हार से उबरने की कोशिश करेगा। प्लेट ग्रुप में अनुभवी घरेलू क्रिकेटर नीलम ओबी सिक्किम के खिलाफ अरुणाचल प्रदेश की कप्तानी करेंगी। अरुणाचल राज्य क्रिकेट संघ में प्रशासनिक संकट के कारण अपना पहले दौर का मैच नहीं खेल पाया था।

नीरज चौपड़ा चोट के बाद अगले साल करेंगे दमदार वापसी

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियन जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कहा है कि चोट लगने के बाद वह अगले साल जोरदार वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। उनका मुख्य लक्ष्य 2028 के ओलंपिक खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करना है। नीरज चोपड़ा, जिन्होंने टोक्यो 2020 ओलंपिक में स्वर्ण पदक और पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत पदक जीता था, हाल के वर्षों में भारत के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। हालांकि, ट्रेनिंग के दौरान टखने की लिगामेंट में चोट लगने के कारण वह हाल ही में जापान में हुए एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए, और इस चोट की वजह से वह इस सीजन के बाकी मैचों से भी बाहर हो गए हैं।

पूनम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज पूनम राउत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 37 साल की पूनम ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है। पूनम ने 2009 से 2021 के बीच भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने करियर में कई यादगार पारियां खेलीं। पूनम राउत ने अपने संदेश में कहा कि काफी सोच-विचार करने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट:** आज से दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेंट जॉर्ज पार्क (केबेरहा) में दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है।
- **पाकिस्तान बनाम श्रीलंका टेस्ट:** रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच आज से खेला जाएगा।
- **नोवाक जोकोविच का शानदार सफर:** टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया है, जहाँ उन्होंने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया।
- **एशियन गेम्स 2026 में भारत का प्रदर्शन:** एशियन गेम्स की पदक तालिका में भारत हॉकी, बॉक्सिंग, तीरंदाजी और रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन के साथ शीर्ष 5 देशों में बना हुआ है।
- **सुमित नागल का प्रदर्शन:** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल एशियन गेम्स 2026 में सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।
- **एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश:** पाकिस्तान की जगह एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में बांग्लादेश की टीम को शामिल किया गया है।
- **माइक डिटका का निधन:** शिकागो बेयर्स के दिग्गज खिलाड़ी माइक डिटका का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

हरमनप्रीत कौर का अनुभव युवाओं के लिए अहम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना ने युवा खिलाड़ियों को सहयोग देने में पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर के अनुभव और नेतृत्व के महत्व पर बल दिया, क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम उनकी कप्तानी में एक नए अध्याय की शुरूआत कर रही है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला, जो 16 अक्टूबर से रायपुर में शुरू हुई है। मंधाना की कप्तानी में यह पहली चुनौती है। हरमनप्रीत कौर के कप्तानी छोड़ने के बाद, मंधाना घरेलू मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी, जिसके साथ ही 'स्मृति युग' की शुरूआत हो रही है।

मंधाना ने टीम की कप्तानी करने की चुनौतियों और जिम्मेदारियों, ड्रेसिंग रूम में हरमनप्रीत कौर की मौजूदगी के अहम रोल, और भारत में होने वाली आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 की तैयारियों के बारे में चर्चा की। मंधाना ने कहा कि उन्होंने भारत की कप्तानी की है, वह सबसे लंबे समय तक कप्तान रही हैं और एक बेहतरीन लीडर रही हैं। इसलिए मुझे यकीन है कि उनका अनुभव - खासकर अब जब टीम में कई युवा खिलाड़ी आ रही हैं - और खेल के प्रति उनका नजरिया, कई लोगों के लिए प्रेरणादायक होगा। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ी उन्हें देखेंगी, यह देखेंगी कि वह खेल के लिए कैसे तैयारी करती हैं, और उनसे बहुत कुछ सीखेंगी। इसलिए, युवाओं के बीच उनका होना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि वे उनसे सीख सकें और खुद को बेहतर बना सकें; अक्सर ऐसा होता है कि किसी को देखकर आप समय से पहले ही बहुत कुछ सीखना शुरू कर देते हैं।

एशियन गेम्स 2026 में मंधाना का प्रदर्शन शानदार रहा

एशियन गेम्स 2026 में मंधाना का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम इंडिया ने अपना गोल्ड मेडल बरकरार रखा। फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 147 रनों से हराया, जिसमें मंधाना ने 45 गेंदों पर 79 रन बनाकर भारत के लिए सबसे ज्यादा स्कोर किया। टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने दो पारियों में कुल 116 रन बनाए। इन खेलों के बाद, हरमनप्रीत ने कप्तानी छोड़ दी। मंधाना फिलहाल महिला क्रिकेट में ळ20क में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उनके नाम सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन और शतक लगाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने 179 ळ20क मैचों में 31.00 की औसत और 127 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 4,867 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल, उन्होंने 22 मैचों की 21 पारियों में 38.25 की औसत और 148.25 के स्ट्राइक रेट से 765 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वोच्च स्कोर 124 रहा है।

न्यूज कॉलम

सरदारपुर में भारतनेट केबल के लिए बिना अनुमति खुदाई

धार। सरदारपुर तहसील में बरमंडल से अकोलिया गांव तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क पर भारतनेट योजना के तहत केबल बिछाई जा रही है। इसके लिए सड़क के साइड शोल्डर की खुदाई कर निकली मुरम सड़क पर फैला दी गई है। खुदाई स्थल पर सुरक्षा संकेतक और चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं। इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।


धार में 120 करोड़ के रेलवे ओवरब्रिज का डामर फिर उखड़ा

धार। इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर नौगांव थाने के पास बने रेलवे ओवरब्रिज का डामर फिर उखड़ गया। करीब 120 करोड़ रुपए की लागत से बने इस ओवरब्रिज को 12 मार्च 2026 को यातायात के लिए खोला गया था। इसके बाद से ही इसके एक हिस्से में डामर उखड़ने की समस्या सामने आ रही है। 1.5 किलोमीटर लंबे इस ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 2024 में शुरू हुआ था। अब तक क्षतिग्रस्त हिस्से पर तीन से चार बार डामरीकरण किया जा चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। डामर फिर उखड़ने के बाद इंदौर जाने वाली लेन के कुछ हिस्से को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है।

खलघाट नर्मदा पुल से कूदे युवक का शव मिला

धामनोद। जिले के खलघाट स्थित नर्मदा पुल से कूदे युवक राहुल मंडलोई का शव तीसरे दिन सोमवार सुबह खरगोन जिले के चिचली नर्मदा तट पर मिला। राहुल ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पुल से छलांग लगाई थी। मृतक राहुल (22) पान्यादड़ का रहने वाला था और रेलवा बुजुर्ग की आईनॉक्स कंपनी में काम करता था। वह आधार कार्ड अपडेट कराने के बहाने घर से निकला था। पुल पर उसकी बाइक खड़ी मिली थी। घटना के बाद युवक का नर्मदा नदी में तैरकर जान बचाने की कोशिश का एक वीडियो भी वायरल हुआ था।

सिंघाना में अवैध हथियारों के साथ 3 आरोपी पकड़ाए



2 पिस्टल, 8 कट्टे और 6 जिंदा कारतूस बरामद, एक आरोपी फरार

मनावर। मनावर की सिंघाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 देशी पिस्टल, 12 बोर के 8 कट्टे और 6 जिंदा कारतूस मिले हैं। पुलिस ने दो बाइक, तीन मोबाइल और 13,500 रुपए भी जब्त किए हैं। मामले में एक आरोपी पवन भाटिया फरार है। एसडीओपी प्रदीप वाल्टर ने बताया कि एसपी सचिन शर्मा के निर्देश पर अवैध हथियारों की तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने ब्राह्मणपुरी में दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ा। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में सिंघाना निवासी सुरजीत भाटिया और महिदपुर सिटी निवासी शादाब खान व शैजाद अली शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सुरजीत पर 4, शादाब पर 8 और शैजाद पर 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

नैनो न्यूज

- **सोया कारोबारियों का बड़ा सम्मेलन-** इंदौर में 16 और 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव आयोजित हुआ। इसमें सोयाबीन और खाद्य तेल उद्योग से जुड़े कारोबारियों को व्यापारिक संपर्क और उद्योग संबंधी चर्चा का मंच मिला।
- **प्लास्टिक उद्योग को नए बाजार की उम्मीद-** इंदौर के लाभगंगा प्रदर्शनी केंद्र में 27 से 30 नवंबर तक प्लास्ट पैक 2026 आयोजित होगा। इसमें प्लास्टिक, पैकेजिंग और रीसाइक्लिंग क्षेत्र की कंपनियां नई तकनीकें प्रदर्शित करेंगी।
- **होटल कारोबार में विस्तार की तैयारी-** इंदौर के होटल उद्योग में बड़े ब्रांडों की मौजूदगी बढ़ रही है। प्राइड होटल्स ने शहर में 141 कमरों वाले प्राइड प्लाजा होटल के लिए दीर्घकालीन लीज समझौता किया है।
- **औद्योगिक कॉरिडोर से कारोबारियों को उम्मीद-** जबलपुर-इंदौर आर्थिक कॉरिडोर के एकीकृत विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने विशेष कंपनी बनाने को मंजूरी दी है। योजना में औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और आईटी पार्क विकसित करने पर जोर रहेगा।
- **इंदौर में व्यावसायिक संपत्तियों पर नजर-** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकान और शोरूम किराये का बाजार निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। विजय नगर और एमजी रोड जैसे क्षेत्रों में लोकेशन के अनुसार किराये में अंतर देखा जा रहा है।
- **प्लॉट परियोजना में खरीदारों की रुचि-** इंदौर की एक आवासीय टाउनशिप परियोजना के नए चरण में 75 प्लॉट पेश किए गए हैं। शुरूआती रुचि सामने आई है, हालांकि वास्तविक मांग का आकलन बिक्री और पंजीयन के आंकड़ों से ही होगा।

सराफा बाजार में 90 किलो सोने की तस्करी से जुड़े मामले में डीआरआई की जांच में बड़ा खुलासा हुआ


2-3 साल में खरीदा 100 करोड़ से ज्यादा का सोना, पिता-पुत्र की जमानत खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सराफा बाजार में सोने की तस्करी से जुड़े मामले में डीआरआई (डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यु इंटेलीजेंस) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी के मुताबिक एक ज्वेलर्स ने पिछले दो से तीन साल में करीब 90 किलो सोना खरीदा, जिसकी कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

आशंका है कि यह सोना विदेश से तस्करी कर भारत लाया गया था और बाद में ज्वेलरी कारोबार के जरिए बाजार में बेचा गया। मामले में आरोपी कारोबारी दीपक खंडेलवाल और उनके बेटे नकुल खंडेलवाल की जमानत याचिका इंदौर जिला कोर्ट ने खारिज कर दी है। हालांकि, पिता-पुत्र ने तस्करी के सोने की खरीद से इनकार किया है। डीआरआई की जांच में सराफा बाजार स्थित जीडी ज्वेलर्स का संबंध दीपक खंडेलवाल और उनके बेटे नकुल खंडेलवाल से सामने आया। दोनों को 19 अगस्त को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार किया गया था। जांच में निखिल लालवानी के जरिए पिछले दो से तीन साल में करीब 90 किलो सोना खरीदने की बात सामने आई। इसकी कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। एजेंसी को आशंका है कि यह सोना विदेश से तस्करी कर भारत लाया गया था। इसके बाद इसे खरीदकर ज्वेलरी कारोबार के माध्यम से बाजार में बेचा गया। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि सोने की खरीद-बिक्री में कस्टम ड्यूटी की चोरी हुई या नहीं।

अदालत में दीपक और नकुल खंडेलवाल की ओर से तस्करी के सोने से किसी तरह का संबंध होने से इनकार किया गया। उनके पक्ष ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई सोना नहीं खरीदा और वे करीब 20 साल से सराफा कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे परिवार के साथ राजस्थान में कुलदेवी के दर्शन करने गए थे, इसी दौरान डीआरआई ने उन्हें कोटा में गिरफ्तार किया। डीआरआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक चंदन ऐरन ने एजेंसी का पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला कोर्ट ने पिता-पुत्र की जमानत याचिका खारिज कर दी।



कार की सीट के नीचे मिले थे 4.72 करोड़ के सोने के बिस्किट

डीआरआई को सूचना मिली थी कि कुछ लोग महाराष्ट्र से सोना लेकर इंदौर आ रहे हैं। इस पर एजेंसी की टीम ने 14 अगस्त 2026 को एक कार की जांच की। कार में सवार रोमेल और यश लालवानी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान फ्रंट सीट के नीचे रखे एक बॉक्स में सोने के तीन बिस्किट मिले थे। इनकी कीमत 4.72 करोड़ रुपए बताई गई। पूछताछ में सामने आया कि सोना इंदौर के कारोबारी दीपक खंडेलवाल को बेचा जाना था। जांच में यह भी पता चला कि तीन किलो सोने में से दो किलो सोना दीपक का बताया गया था। इसके बाद डीआरआई ने जांच का दायरा बढ़ा दिया।

नकद भुगतान कर सोना खरीदने वाले बड़े ग्राहक भी जांच के दायरे में

करीब 90 किलो सोने की खरीद का खुलासा होने के बाद एजेंसी की जांच आगे के खरीदारों तक भी पहुंच सकती है। जांच में उन बड़े ग्राहकों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है, जिन्होंने कथित तौर पर नकद भुगतान कर सोना खरीदा। कुछ अन्य दुकानदारों के शामिल होने की आशंका भी जताई गई है। हालांकि, इनकी भूमिका की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

प्रदर्शनकारियों ने गड्ढे, जलसंकट, ट्रैफिक, ड्रेनेज और कथित घोटालों जैसे मुद्दों को उठाया

कांग्रेस ने महापौर को 'मित्रासुर' बताकर रीगल चौराहे पर फूंका पुतला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस ने महापौर को मित्रासुर बताया और शहर की समस्याओं को लेकर सोमवार को रीगल चौराहे पर उनका पुतला फूंका। यहां नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने गड्ढे, जलसंकट, ट्रैफिक, ड्रेनेज और कथित घोटालों जैसे मुद्दों को उठाया। मिमरोट ने महापौर को छह महीने में काम साबित करने या इस्तीफा देने की चुनौती दी।

सोनिला मिमरोट महिलाओं के साथ रीगल चौराहे पर पहुंचीं। प्रदर्शन के दौरान महापौर मुर्दाबाद, धोखेबाज और भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम के खिलाफ भी नारेबाजी की। इस दौरान राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे भी सुनाई दिए।



महापौर जनता के मित्र नहीं, शत्रु हैं- नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव खुद को इंदौर का मित्र बताते हैं, लेकिन उनके अनुसार वे जनता के मित्र नहीं, बल्कि शत्रु हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महापौर ने अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभाईं और शहर के गड्ढों, पानी, ट्रैफिक व ड्रेनेज की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने महापौर पर घोटालों में शामिल लोगों का साथ देने का आरोप भी लगाया। मिमरोट ने कहा कि मित्रासुर का पुतला जलाकर महापौर और उनकी परिषद को संदेश दिया गया है। उन्होंने जलसंकट को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले कुछ महीनों में हालात नहीं सुधरे, तो जनता का आक्रोश बढ़ सकता है।

पुतले पर लिखे शहर की समस्याओं से जुड़े मुद्दे

प्रदर्शन के दौरान मित्रासुर का पुतला लाया गया। उसके अलग-अलग चेहरों पर शहर की समस्याओं और कथित अनियमितताओं से जुड़े नाम लिखे गए थे। इनमें गड्ढा मित्र, फर्जी नामांतरण घोटाला मित्र, भागीरथपुरा कांड मित्र, सफाईकर्मियों का झूठा मित्र, जलसंकट मित्र, अवैध होर्डिंग मित्र, घटिया ट्रैफिक नवाचार मित्र, भेदभाव मित्र और फर्जी बिल घोटाला मित्र शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने मित्रासुर मुदार्बाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया।

चेक बाउंस के 1 लाख केस लंबित

अब 60 कोर्ट में होगी सुनवाई, अभी थे सिर्फ 5 कोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जिला एवं सत्र न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के 1 लाख से अधिक मामलों में फैसलों को अब रफ्तार मिलेगी। अभी तक इनकी सुनवाई के लिए केवल 5 प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट (जेएमएफसी) तय की गई थीं।

इस कारण हर कोर्ट में 20-20 हजार के लगभग केस लंबित थे। अब 60 से अधिक जेएमएफसी कोर्ट में सभी लंबित मामलों को बांटा जाएगा। थाना क्षेत्र के हिसाब से विभिन्न अदालतों में प्रकरण लगेंगे।

इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि तारीखें एक महीने के भीतर ही लगने लगेंगी और प्रकरणों का निराकरण भी तेज होगा। इंदौर अभिभाषक संघ को चेक बाउंस मामलों की पेंडेंसी की समस्या वकीलों ने बताई थी। इसके बाद अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश पाल, सचिव धर्मेंद्र गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को इस समस्या के बारे में बताया। अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी, प्रवीण रावल के मुताबिक जिन पांच जेएमएफसी की कोर्ट में चेक बाउंस के केस चल रहे थे, उनमें से एक काफी समय तक अवकाश पर रहीं। हालांकि बाद में उन्होंने कार्यभार संभाल लिया। प्रकरणों का निष्पादन भी नहीं हो पा रहा था। इन पांच कोर्ट में दूसरे मामलों की सुनवाई भी नहीं हो पा रही थी। एक सुनवाई के बाद अगली तारीख ही तीन से चार महीने के बाद मिल रही थी। इसमें भी न्यायाधीश के नहीं होने, प्रतिवादी के वकील के उपस्थित नहीं होने पर अगली तारीख फिर चार-पांच महीने के बाद की मिल रही थी। ऐसे में चेक बाउंस के मामलों का निराकरण तीन से चार साल में भी नहीं हो रहा था।

लोन के नाम पर महिला कारोबारी से धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मॉडल विलेज कॉलोनी निवासी महिला कारोबारी ने लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और मारपीट करने की शिकायत की है।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने दुकान के नाम पर 6 लाख रुपए का लोन स्वीकृत कराया, फिर बिना अनुमति उसके खाते से 1.50 लाख रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। लोन दिलाने के एवज में 1.90 लाख रुपए की दलाली भी ली। अब महिला की दुकान के फोटो लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक स्टेटस डालकर उसे बदनाम किया जा रहा है। शिकायत पर द्वारकापुरी पुलिस ने आस्था पैलेस कॉलोनी निवासी कुंदन राजोरिया और उसकी सहयोगी राखी सोनी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़िता कॉस्मेटिक की दुकान चलाती है। दुकान का विस्तार करने के लिए उसे पैसों की जरूरत थी। इसी दौरान उसकी पहचान कुंदन राजोरिया और राखी सोनी से हुई। दोनों ने खुद को बैंक से लोन दिलाने वाला एजेंट बताया। इसके बाद नर्मदा-झाबुआ ग्रामीण बैंक की पालदा, नेमावर रोड शाखा से दुकान के नाम पर 6 लाख रुपए का लोन स्वीकृत कराया। पीड़िता के मुताबिक, 14 जुलाई को बैंक से 2 लाख रुपए निकालने और पासबुक में एंट्री कराने पर पता चला कि 9 जुलाई को उसके खाते से बिना अनुमति 1.50 लाख रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। बैंक से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वह दुकान लौट आई। आरोप है कि वहां पहुंचे कुंदन ने लोन दिलाने के बदले 1.90 लाख रुपए मांगे, जो महिला ने नकद दे दिए। खाते से ट्रांसफर हुई रकम की बात उठाने पर आरोपी ने उसे दोबारा बैंक नहीं जाने की हिदायत दी।

माणिक बाग में व्यापारी की पत्नी ने फांसी लगाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

माणिक बाग इलाके में रविवार रात टिंबर व्यापारी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह अपने 4 साल के बेटे के साथ घर पर थी। रात में पति घर पहुंचा, तब उसे घटना की जानकारी मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक, घटना बुक्रबांड कॉलोनी की है। यहां रहने वाली निक्की (25) ने अपने घर में फांसी लगा ली। निक्की के पति अजलान रविवार को अपने दोस्तों के साथ थे। रात में घर पहुंचने पर उन्हें घटना का पता चला। उस समय निक्की का बेटा कमरे में ही सो रहा था।

पुलिस के मुताबिक, निक्की के पति अजलान धार रोड स्थित टिंबर मार्केट में लकड़ी का व्यापार करते हैं। निक्की और अजलान ने पांच साल पहले प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से दोनों परिवार से अलग रहने लगे थे। दोनों अलग-अलग धर्मों से हैं।

इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी, निजी कंपनी के कर्मचारी से 15.25 लाख जमा कराए

रकम निकालने पर मांगा 20% चार्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक निजी कंपनी के कर्मचारी से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 15.25 लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई। जब पीड़ित ने पैसे वापस निकालने की कोशिश की, तो रकम नहीं मिली।

आरोपियों ने जमा राशि लौटाने के बदले 20% चार्ज मांगा। शिकायत के बाद रविवार को लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर और खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, महालक्ष्मी नगर स्थित एक बिल्डिंग में रहने वाले रवींद्र साबले एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया था। इसमें उन्हें शेयर बाजार में निवेश करने का सुझाव दिया गया और निवेश पर अलग-अलग तरह के मुनाफे की जानकारी दी गई। रवींद्र की अनुमति के बाद उन्हें एक व्हाट्सएप कम्युनिटी ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में आरोपियों ने अलग-अलग कंपनियों में निवेश करने की बात कही। इसके बाद रवींद्र की एक आईडी बनाकर उन्हें पासवर्ड दिया गया और अपने अकाउंट से लॉगिन करने के लिए कहा गया। आरोपियों ने शुरूआत में सेंट्रल बैंक के खाते में 85 हजार जमा कराए। इसके बाद भुगतान पर मुनाफा दिखाया और बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 10 लाख रु. जमा करा लिए। फिर बंधन बैंक के खाते में 2 लाख और सेंट्रल बैंक में तीन ट्रांजेक्शन के जरिए 80 हजार जमा कराए गए। इसके बाद यस बैंक के खाते में भी रकम जमा कराई गई।

इंदौर में 23-24 अक्टूबर को सेमीकंडक्टर समिट


50 से ज्यादा कंपनियां दिखाएंगी तकनीक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने और निवेश की संभावनाएं तलाशने के लिए 23 और 24 अक्टूबर को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 आयोजित होगी।

दो दिवसीय समिट में देश-विदेश की सेमीकंडक्टर कंपनियों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले दिन उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। समिट में चिप डिजाइन, विनिर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और नई तकनीकों पर चर्चा होगी।

समिट में 50 से अधिक कंपनियां अपनी तकनीक, उत्पादों और समाधानों का प्रदर्शन करेंगी। इनमें चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग एवं टेस्टिंग, उपकरण, सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी। आयोजन के दौरान 8 पैनल चर्चाएं, 5 राउंडटेबल बैठकें और 2 मुख्य व्याख्यान होंगे। पहले दिन सेमीकंडक्टर पैकेजिंग एवं टेस्टिंग हब के रूप में मध्य प्रदेश के विकास, फैबलेस इकोसिस्टम, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा होगी। एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, बौद्धिक संपदा और शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। मध्य प्रदेश सेमीकॉन स्टार्टअप प्रतियोगिता के अंतिम चरण में चयनित विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप और नए तकनीकी समाधानों को प्रोत्साहित करना है।



दूसरे दिन एआई, चिप टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप पर मंथन

समिट के दूसरे दिन चिप टेक्नोलॉजी, एआई, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद निर्माण, डिजाइन सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी प्रतिभाओं को तैयार करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। फोटोनिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़ी बैठकें भी होंगी।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com